# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, रविवार, 3 अगस्त 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 78 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


## देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

**1492 :** यूरोपीय देश स्पेन से सभी यहूदियों को बाहर निकाला गया।

**2004 :** अमेरिकी अंतरिक्ष यान मैसेंजर बुध ग्रह के लिए रवाना।

**2007 :** रूसी अंतरिक्ष यान प्रोग्रेस एम-61 सफलतापूर्वक अपनी कक्षा में पहुँचा।

**2007 :** लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो में ट्रेन दुर्घटना में 100 लोगों की मृत्यु।

### प्रधानमंत्री ने वाराणसी को दी 2183.45 करोड़ की 52 विकास परियोजनाओं की सौगात

# भारत पर वार करने वाला पाताल में भी नहीं बचेगा : पीएम मोदी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार की सुबह वाराणसी के सेवापुरी के गांव बनौली में 2183.45 करोड़ की 52 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसके साथ ही पीएम मोदी काशी से दूसरी बार देश के 9.70 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त भेजी। पीएम मोदी ने मंच से पांच दिव्यांगों को ऐसे आधुनिक उपकरण दिए जिससे उनकी जिंदगी पूरी तरह बदल जाएगी। दृष्टिबाधित छात्रा को लो विजन चश्मा देकर उन्होंने बातचीत की। वहीं उपकरण जिले के 2025 दिव्यांगों को दिए जा रहे हैं। अब तक यह उपकरण बहुत महंगे होने के कारण आम लोगों की पहुंच में नहीं थे। पीएम मोदी ने कहा कि हमारा उद्देश्य है जो जितना पिछड़ा उसे उतनी प्राथमिकता। पीएम ने कहा कि तीन लाख करोड़ लखपति दीदी बनाने जा रहा हूं। यह आंकड़ा सुनकर ही सपा वाले साइकिल लेकर भाग जाएंगे। पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र



करते हुए कहा कि भारत पर जो वार करेगा वो पाताल में भी नहीं बचेगा। दुर्भाग्य है कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से अपने देश के भी कुछ लोगों के पेट में दर्द हो रहा है। ये कांग्रेस पार्टी और उनके चेले चपाटे इस बात को पचा नहीं पा रहे कि भारत ने आतंकियों के ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया। मैं अपने भारतीयों से पूछना चाहता हूं कि आपको ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर गर्व है कि नहीं। कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर को तमाशा कहा है, आप मुझे बताइए सिंदूर कभी भी तमाशा हो सकता है क्या। क्या कोई सिंदूर को तमाशा कह सकता है क्या? कोई मुझे बताए क्या आतंकवादियों को भी मारने के लिए इंजतार करना चाहिए क्या? सपा को फोन करूं क्या कि आतंकियों को मार दें क्या? पीएम मोदी ने कहा कि नया भारत भोलेनाथ को भी पूजता है। दुश्मनों के सामने कालभैरव भी बन जाता है। मैं यूपी का सांसद हूं, इस नाते मुझे खुशी है कि ब्रह्मोस मिसाइल यूपी में भी बनेगी। ये मिसाइल लखनऊ में तैयार होंगी। अगर पाकिस्तान ने फिर कोई पाप किया तो यूपी में बनी मिसाइल आतंकियों को तबाह कर देंगी। आज यूपी विकास कर रहा है, तो इसके पीछे भाजपा सरकार की नीतियां हैं। यूपी में भाजपा सरकार ने अपराधियों में खौफ भर दिया। मैं यूपी सरकार को बधाई देता हूं। पीएम ने कहा सेवापुरी का इतिहास क्रांतिकारियों का इतिहास है। यहां घर-घर महिलां- पुरुष के हाथों में चरखा हुआ करता था।

# पलामू में केमिकल लदा ट्रक एनएच पर जलकर खाक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के सतबरवा थाना अंतर्गत खामडीह इलाके में शुक्रवार की देर रात एक केमिकल लदे ट्रक में अचानक आग लग गई। हादसा रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग नेशनल हाईवे-39 पर हुआ। आग इतनी तेज थी कि आधे घंटे में ट्रक पूरी तरह जलकर खाक हो गया। घटना के समय ट्रक रेणुकूट से केमिकल लेकर कोलकाता जा रहा था। ट्रक मेदिनीनगर से रांची की ओर बढ़ रहा था। चालक ने जैसे ही आग की लपटें देखीं, तुरंत गाड़ी रोक दी और कूदकर अपनी जान बचाई। स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। पुलिस ने तुरंत पहुंचकर चालक को अपने साथ सुरक्षा में ले लिया। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही ट्रक पूरी तरह जल चुका था। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानी नहीं हुई। हालांकि ट्रक और उसमें भरे रासायनिक पदार्थ पूरी तरह नष्ट हो गए। हादसे के कारण सुरक्षा के मद्देनजर नेशनल हाईवे पर कुछ देर के लिए आवाजाही रोक दी गई थी। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है कि ट्रक में आग कैसे लगी।

## संक्षिप्त समाचार

### फुलवारटांड़ स्टेशन पर इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव शुरू

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** कोरोना काल के बाद फुलवारटांड़ रेलवे स्टेशन पर धनबाद-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव फिर से शुरू हो गया है। शनिवार को इस अवसर पर गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी और धनबाद सांसद ढुलू महतो ने संयुक्त रूप से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर स्वागत किया। स्टेशन पर आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में दोनों सांसदों ने ट्रेन के लोको पायलट का पुष्पगुच्छ से अभिनंदन किया। उन्होंने मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

### लधना डैम में डूबने से युवक की मौत

**जामताड़ा(नबिटा ब्यूरो)।** मिहिजाम थाना क्षेत्र के लधना डैम में मछली पकड़ने गए एक युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान 35 वर्षीय शनि कुमार हांसदा के रूप में हुई है। यह घटना शनिवार को तब हुई जब शनि कुमार ट्रक के टायर के ट्यूब में हवा भरकर डैम में मछली पकड़ने गया था। शनि कुमार ट्यूब से फिसल गया और गहरे पानी में गिर गया। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने नाव की मदद से शनि के शव को पानी से बाहर निकाला। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बरामद किया। शव को पंचनामा के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए जामताड़ा भेज दिया गया है।

### ब्राउन शुगर के साथ तीन गिरफ्तार

**गोड्डा(नबिटा ब्यूरो)।** एसपी मुकेश कुमार के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 2 अगस्त को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि गुलजारबाग के नीचे टोला श्मशान के पास नदी किनारे कुछ लोग ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री और सेवन कर रहे हैं। सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराया गया। एसपी के आदेश पर अंचलाधिकारी ऋषि राज के नेतृत्व में छापेमारी कर तीन लोगों को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)।** नालंदा जिले के चंडी थाना अंतर्गत करौटा-राजगीर टूरिस्ट वे पर सड़क हादसे में घायल बाइक सवार युवक की शनिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान धरमपुर गांव निवासी विनोद मिस्त्री के 22 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार के रूप में हुई है।

### कैदी की संदिग्ध मौत

**सीवान (नबिटा ब्यूरो)।** मंडल कारा में एक कैदी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई है। मृतक की पहचान मोहद्दीपुर निवासी सैफ अनवर उर्फ बिहारी बाबू के रूप में हुई है। मंडल कारा अधीक्षक देवाशीष कुमार ने कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है कि इस घटना में कौन-कौन लोग शामिल थे और यदि कोई दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# राहुल दुबे गिरोह के छह अपराधी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**लातेहार।** जिला पुलिस ने कुख्यात राहुल दुबे गिरोह के छह अपराधियों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। ये अपराधी बालूमाथ थाना के मगध कोलियरी, बारियातु थाना के फुलबसिया साइडिंग और चंदवा थाना के टोरी साइडिंग में हुई आगजनी और गोलीबारी की घटनाओं में शामिल थे। पुलिस ने इनके पास से 7.65 मिमी का पिस्तौल, 5 कारतूस, 6 मोबाइल फोन और एक बाइक बरामद की है। एसपी कुमार गौरव ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राहुल दुबे के निर्देश पर सभी अपराधियों ने लेवी वसूली के लिए साइडिंग पर गोलीबारी और आगजनी की घटनाओं को अंजाम दिया था। पुलिस ने एसआईटी टीम गठित कर विभिन्न जिलों में छापेमारी करके इन अपराधियों को पकड़ा। गिरफ्तार अपराधियों के मोबाइल फोन में विशेष ऐप मिला है। इसमें राहुल दुबे और गैंग के अन्य सदस्यों के बीच बातचीत के साक्ष्य मिले हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों में से दो पहले अमन साहू गिरोह के सदस्य रह चुके हैं। इनके खिलाफ पहले से कई मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार अपराधियों में बालेश्वर कुमार उर्फ सत्या, शंकर महतो, मुकेश कुमार, मनोज कुमार साव, सागर कुमार और बबलू कुमार शामिल हैं। सभी अपराधियों की उम्र 21 से 30 वर्ष के बीच है। बालेश्वर कुमार और शंकर महतो के खिलाफ टंडवा थाने में हत्या के प्रयास, अवैध हथियार रखने और अन्य गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं। बालेश्वर के खिलाफ बालूमाथ थाने में अवैध कोयला खनन का मामला भी दर्ज है।

# गंगा नदी में नाव पलटी, चार की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**साहिबगंज।** जिले में शनिवार सुबह बड़ा हादसा हुआ। गदाई दियारा में उफनती गंगा नदी में नाव पलट गई। नाव पर 32 लोग सवार थे। हादसे में चार लोग गंगा में डूब गए जबकि 28 लोग तैरकर बाहर निकल आए। समाचार लिखे जाने तक एक युवक का शव बरामद हुआ है जबकि तीन लोग अब भी लापता हैं। घटना सुबह करीब साढ़े सात बजे की है। जानकारी के मुताबिक डूबने वाले सभी युवक आदिवासी समुदाय से हैं। ग्रामीणों के अनुसार, रांगा थाना क्षेत्र के बरहड़वा प्रखंड स्थित बिंदुवासनी मंदिर के पास एक गांव से 17 आदिवासी युवक चूहा पकड़ने निकले थे। बरसात में बिलों में पानी भरने से चूहे बाहर निकल आते हैं। इसी वजह से वे दियारा क्षेत्र पहुंचे थे। सुबह-सुबह सभी युवक महाराजपुर गंगा घाट पहुंचे। वहां से नाव पर सवार होकर गंगा पार की। लौटते समय नाव पर



स्थानीय लोग भी सवार हो गए। कुल 32 लोग नाव में चढ़े। अधिक वजन के कारण नाव असंतुलित हो गई और गंगा में पलट गई। हादसे के बाद कुछ युवकों ने गंगा में डुबकी लगाकर काहा हांसदा को बाहर निकाला लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। उसके साथ आए कृष्णा, जमाई और एक अन्य का पता नहीं चल पाया है। काहा कांसदा का शव सदर अस्पताल लाया गया है। घटना की सूचना मिलते ही गंगा नदी थाना प्रभारी लव कुमार एवं राजमहल अंचल पदाधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। गोताखोरों की मदद से लापता युवकों की तलाश शुरू कर दी गई है। जिला प्रशासन ने एनडीआरएफ की टीम को बुलाया है। यह टीम पटना के बिहटा से आ रही है। डीसी हेमंत सती ने बताया कि टीम बाढ़ खत्म होने तक साहिबगंज में तैनात रहेगी। जान-माल की सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

# लूट का विरोध करने पर युवक की गोली मारकर हत्या

**बोकारो(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के माराफारी थाना अंतर्गत बांसगोड़ा में देर रात एक जुआ अड्डे पर नकाबपोश अपराधियों ने हमला कर दिया। अपराधियों ने लूटपाट के दौरान विरोध करने पर मंटू दास नामक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना देर रात उस समय की है जब लगभग एक दर्जन लोग जुआ खेल रहे थे। हथियारबंद चार नकाबपोश अपराधी दो बाइक से वहां पहुंचे। उन्होंने जुआ खेल रहे सभी लोगों को कमरे में बंद कर लूटपाट शुरू की। अपराधियों ने जब मंटू दास के गले का चेन छीनने की कोशिश की तो उसने विरोध किया। इस पर अपराधियों ने उसे गोली मार दी। लूटपाट और हत्या के बाद सभी अपराधी बाइक से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर बीजीएच के मॉर्चरी में रखवाया। घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि मंटू को एक गोली लगी है। बोकारो के मुख्यालय डीएसपी अनिमेष कुमार गुप्ता ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। डीएसपी ने यह भी बताया कि क्षेत्र में चल रहे जुआ अड्डों पर पुलिस लगातार छापेमारी करती रही है और आगे भी करेगी।

# महिला की गला रेतकर हत्या, पति फरार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमशेदपुर।** गोलमुरी थाना क्षेत्र स्थित नामदा बस्ती में एक महिला की उसके ही घर के कमरे में गला रेतकर हत्या कर दी गई। शनिवार की सुबह उसका शव मिलने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना के बाद से मृतका का पति सागर फरार है। मृतका की पहचान 27 वर्षीय मनीषा कौर के रूप में हुई है। मनीषा की लाश उसके घर के अंदर खून से लथपथ हालत में मिली। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सागर और मनीषा ने 9 साल पहले लव मैरिज की थी। घर के फर्स्ट फ्लोर पर दोनों और दूसरे तल्ले पर सागर के माता-पिता रहते हैं। सागर के दो बच्चे हैं जो शुक्रवार की रात अपने दादा-दादी के पास थे। सागर की बड़ी मां मनजीत कौर ने बताया कि सुबह सागर की मां नीचे आई और उसने घर का दरवाजा खोला। अंदर मनीषा खून से सनी मृत अवस्था में पड़ी थी। सागर घर में नहीं था। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना परिजनों को दी। खबर फैलते ही आसपास के लोगों की मौके



पर भीड़ जुट गई। मनजीत कौर ने बताया कि दोनों पति-पत्नी के बीच अच्छे रिश्ते थे। कभी भी उनके बीच किसी विवाद की बात सामने नहीं आई। हालांकि, सागर के छोटे भाई रमन सिंह ने बताया कि भैया-भाभी में कल रात कुछ तू-तू मैं-मैं हुआ था पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। सुबह घटना की सूचना मिली। इधर, पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया है। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया ताकि वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर हत्यारे की पहचान की जा सके। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। पुलिस की टीम सागर की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चला रही है। पुलिस और स्थानीय लोगों को फिलहाल सागर पर हत्या का शक है।

# बस और बाइक के बीच टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गिरिडीह।** जिले के राजधनवार थाना क्षेत्र के केंदुआ मोड़ के पास बस और बाइक के बीच टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दोनों मृतकों की पहचान बिरनी थाना क्षेत्र के पेशम गांव निवासी संतोष रवानी और सोहन रवानी के रूप में की गई। दोनों चचेर भाई थे और दोनों पेशम से राजधनवार किसी काम से गए हुए थे। वापस लौटने के दौरान केंदुआ मोड़ के पास हिंदुस्तान नामक यात्री बस से उनकी बाइक की टक्कर हो गई और यह हादसा हुआ। घटना के बाद दोनों मृतकों के परिजनों का और रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। वहीं, पूरे गांव में मातम पसर गया। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद राजधनवार थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर दोनों शव को लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं कोडरमा जिले के तिलैया थाना क्षेत्र के एनएच-20 पर चाराडीह स्थित राधा कृष्ण मंदिर के पास एक सड़क दुर्घटना हो गई। इस हादसे में 6 लोग घायल हो गए। एक टोटो कोडरमा से तीन सवारी लेकर झुमरीतिलैया जा रहा था। इसी दौरान तिलैया थाना क्षेत्र के चाराडीह के पास कोडरमा से आ रही एक स्कॉर्पियो ने टोटो में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टोटो और स्कॉर्पियो दोनों ही सड़क पर पलट गए। इसी बीच उसी रास्ते से जा रही स्कूटी सवार एक युवती भी अनियंत्रित होकर दुर्घटना का शिकार हो गई।

# रेलवे ने किया स्वच्छता अभियान का आगाज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस के उल्लास को स्वच्छता अभियान से जोड़ते हुए रेलवे ने 1 से 15 अगस्त तक देशभर के स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान की शुरूआत की है। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर इस अभियान की शुरुआत करते हुए रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर श्रमदान में भी भाग लिया। इस अवसर पर पौधारोपण भी किया गया। सतीश कुमार ने स्टेशन पर प्रयोग में लाई जा रहीं सफाई मशीनों का भी निरीक्षण किया और यात्रियों से संवाद कर स्वच्छता पर फीडबैक भी प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि स्टेशन परिसर को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से यात्रियों में जागरूकता पैदा करना जरूरी है। इसके लिए रेलवे स्टेशनों पर नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया जाएगा। स्वच्छता अभियान के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा देश में शुरू की गई स्वच्छ भारत की मुहिम में रेलवे बहुत अच्छा कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में फ़ेज-1 में 15 दिनों का ये कार्यक्रम चलेगा। इसके बाद 16 अगस्त से अक्टूबर तक फ़ेज-2 में स्वच्छता का ये कार्यक्रम चलेगा। ये अक्टूबर तक ही सीमित नहीं रहेगा। हम अपनी दिनचर्या में, अपने कार्य में साफ-सफाई को ढाल रहे हैं, जिससे कि यात्रियों को एक साफ स्टेशन दे सकें। दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहले और अब में बहुत फर्क है। यही नहीं, पहले जो जगह डंपिंग ग्राउंड थी, आज वहां पर गार्डन है। लोगों को अच्छा वातावरण मिला है। मैंने कई जगह आज निरीक्षण किया और सफाई का जायजा लिया। रेलवे के सभी कर्मचारी और अधिकारी देशभर में 7,000 रेलवे स्टेशनों पर साफ-सफाई की निगरानी कर यात्रियों को अच्छी व्यवस्था देने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि सफाई केवल स्टेशनों तक सीमित नहीं है। ट्रेनों में साफ-सफाई की उचित व्यवस्था की जा रही है। स्टेशनों पर हमने क्लिन ट्रेन स्टेशन की व्यवस्था की है। इसके अतिरिक्त रेल मदद पर आने वाली शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करते हैं। इस अभियान के तहत हम यात्रियों में जागरूकता लाना चाहते हैं। इस अवसर पर उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा, मंडल रेल प्रबंधक दिल्ली पुष्पेश रमण त्रिपाठी सहित रेलवे के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर श्रमदान के माध्यम से व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस अभियान की शुरुआत नवीन गुलाटी (सदस्य इन्फ्रास्ट्रक्चर) ने दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन पर, ब्रज मोहन अग्रवाल (सदस्य ट्रैक्शन एवं रोलिंग स्टॉक) ने हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर, हितेन्द्र मल्होत्रा (सदस्य ऑपरेशन और बिजनेस डेवलपमेंट) ने दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन पर, उषा वेंणुगोपाल (सदस्य वित्त) ने दिल्ली जंक्शन स्टेशन पर, आर. राजगोपाल (महानिदेशक मानव संसाधन) ने आनंद विहार टर्मिनल पर, हरि शंकर वर्मा (महानिदेशक सुरक्षा) ने फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर तथा डॉ. जगदीश चंद्रा (महानिदेशक रेलवे स्वास्थ्य सेवा) ने तुगलकाबाद रेलवे स्टेशन पर की।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT

DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY

GLOBAL VISION

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :

Manaitand, Near Water Tank

Dhanbad, Jharkhand- 826001

Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092

E-Mail : globalvision96@yahoo.in

# स्कूल में हाजिरी बनाकर 100 बच्चे कोचिंग चले गए, अचानक पहुंचे डीएम, बीईओ हटेंगे



**पटना, एजेंसी।** बिहार के पटना जिले के पुनपुन में मखदुमपुर स्थित श्रीलाल बहादुर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 100 बच्चे शुक्रवार को स्कूल में उपस्थिति बनाकर कोचिंग करने चले गए। डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम जब अचानक स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचे तो बच्चों को नहीं देख इसका कारण पूछा। स्कूल प्रबंधन की ओर से बताया गया कि बच्चे हाजिरी बनाकर कोचिंग में पढ़ाई करने चले गए हैं। डीएम ने कहा कि यह गंभीर मामला है। उन्होंने ने पुनपुन के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) पर कार्रवाई और उनका स्थानांतरण करने के लिए डीईओ को प्रस्ताव देने को कहा है। पटना के डीएम सुबह परसा संपतचक सड़क का निरीक्षण करने गए थे। निरीक्षण करने के बाद उन्होंने मखदुमपुर के प्लस टू स्कूल का निरीक्षण करने लगे। उपस्थिति रजिस्ट्रर देखा तो 100 बच्चों के उपस्थिति का हस्ताक्षर था। लेकिन वास्तविक उपस्थिति काफी कम थी। बीईओ, पुनपुन से जब डीएम ने जानकारी ली तो उन्होंने कहा कि मुझे जानकारी नहीं है। इस पर डीएम ने कार्रवाई का निर्देश दिया। वहीं एसडीएम को कहा कि विद्यालयों के संचालन का नियमित निगरानी करें। डीएम ने पुनपुन में लोगों से बात की और ट्रांसफार्मर सहित अन्य शिकायतों का शीघ्र समाधान करने को कहा।

## सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश

डीएम ने परसा-सम्पतचक सड़क के एलाइनमेंट एवं मीठापुर-महुली से परसा-सम्पतचक सड़क के रैम्प के भू-अर्जन कार्यों का निरीक्षण किया तथा पदाधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पुनपुन एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों की सुविधा के लिए मुख्यमंत्री द्वारा प्रगति यात्रा के दौरान कई घोषणाएं की गई हैं। लगभग 331 करोड़ रुपये की लागत राशि से पथ निर्माण विभाग द्वारा 6.80 किलोमीटर में परसा-सम्पतचक सड़क के चौड़ीकरण की कार्रवाई की जा रही है। इससे पुनपुन एवं संपतचक क्षेत्र के विकास में तेजी आएगी तथा इस क्षेत्र के लगभग 10 लाख आबादी को सीधा लाभ मिलेगा। पटना शहर में विशेषकर नए बायपास पर जाम की समस्या समाप्त होगी। राज्य सरकार द्वारा दीदारगंज से गौरीचक होते हुए पुनपुन तक तटबंध पथ (कुल लंबाई 23.30 किमी) का एनएचएआई से चौड़ीकरण कराने के लिए भारत सरकार से अनुरोध किया गया है। इस सड़क के बन जाने से दो राष्ट्रीय राजमार्ग (पटना-मोकामा हाईवे तथा पटना-गया हाईवे) आपस में जुड़ जायेंगे। पटना सिटी, फतुहा, सम्पतचक, पुनपुन, फुलवारीशरीफ के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा तथा पूरे क्षेत्र का विकास होगा। पुनपुन प्रखंड के ग्राम रसूलपुर में मोरहर नदी पर पुल का निर्माण किया जायेगा। इससे बाढ़ की अवधि में जन-जीवन कुप्रभावित नहीं होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएच 27 में बन रहे ओवरब्रिज के काम में लाएं तेजी : ब्रज कांत

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** एनएचएआई के मुजफ्फरपुर प्रमंडल के प्रबंधक ब्रज कांत ने शुक्रवार को एनएच 27 पर चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। कुछ जगहों पर कार्य की धीमी प्रगति को लेकर उन्होंने नाराजगी जताई। साथ ही निर्माण करा रही कंपनी के अधिकारियों को काम में तेजी लाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कंपनी के अधिकारियों को कहा कि निर्माण कार्य के दौरान आम लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना नहीं करना पड़े, इसको लेकर ध्यान रखें। खासकर हाल के दिनों में दरभंगा रोड में निर्माण कार्य के कारण आवागमन में परेशानी को लेकर मिली शिकायतों का हवाला दिया और इसे दूर करते हुए काम पूरा करने पर जोर दिया। एनएचएआई के मुजफ्फरपुर प्रमंडल के प्रबंधक ने बताया कि सभी जगहों को मिलाकर करीब 40 फीसदी काम पूरा हो चुका है। इसमें तेजी लाने को कहा गया है। गौरतलब है कि चांदनी चौक से पीपराकोठी सेक्शन में एनएच 27 पर चार जगहों पर ओवरब्रिज का काम चल रहा है। इसमें कांटी में दो और मोतीपुर में दो जगहों पर आवागमन को सुगम बनाने के लिए ओवरब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है। वहीं, एनएचएआई के मुजफ्फरपुर प्रमंडल द्वारा ही दरभंगा सेक्शन में भी छह जगहों पर ओवरब्रिज बनाने की प्रक्रिया चल रही है। इसमे बखरी, गरहां, बोचहां के अलावा कई अन्य स्थान शामिल हैं। इन सभी निर्माण कार्यों में कुछ को मार्च 2026 तो कुछ को 2027 के मार्च में पूरा किया जाना है।

### मुजफ्फरपुर में संदिग्ध परिस्थिति में व्यवसायी की मौत



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में शनिवार की सुबह एक व्यवसायी का शव संदिग्ध हालात में मिला। मृतक की पहचान उमेश साह (40) के रूप में हुई है, जो सस्ता किराना नाम की दुकान चलाते थे। वह मूल रूप से रूनीसैदपुर प्रखंड के कटोझा, औराई थाना क्षेत्र के जीवा जोर गांव के निवासी थे। घटना देवरिया रोड स्थित फसियरवा चौक के पास की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि उमेश साह रोज की तरह दुकान से देर रात लौटे थे। सुबह जब वे घर नहीं पहुंचे तो परिजन खोजबीन में जुटे। इसी दौरान उनका शव फसियरवा चौक के पास संदिग्ध हालत में पड़ा मिला। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक उमेश साह पिछले सात साल से फसियरबा चौक पर ही दुकान चलाते थे। सूचना के बाद स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची। मृतक के परिजनों ने स्थानीय एक ज्वेलर्स व बर्तन दुकानदार के संचालक पर हत्या करने की आरोप लगाया है।

**आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही पुलिस :** पानापुर करियात थानेदार साहुल कुमार पूरे दल - बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे हैं। पुलिस मामले में कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। परिजनों का आरोप है कि यह कोई सामान्य मौत नहीं है, बल्कि सुनियोजित हत्या है। स्थानीय व्यवसायियों में इस घटना को लेकर दहशत का माहौल है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। ग्रामीण एसपी राजेश कुमार सिंह प्रभाकर ने बताया कि मामला सामने आया है। परिजनों की ओर से मिले आवेदन के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# अग्निवीर जवान की ट्रेन से गिरकर मौत, आरा स्टेशन के पास हुआ हादसा

### दानापुर आर्मी कैंटीन जा रहा था



**आरा, भोजपुर, एजेंसी।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा व कुल्हड़िया स्टेशन के बीच अप लाइन पर शुक्रवार को एक हादसा हुआ। इसमें अग्निवीर आर्मी जवान की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही रेल पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दिया। मृतक जवान की पहचान भोजपुर के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के असनी गांव चंचल टोला निवासी मोहन यादव के 20 साल के बेटे अभिजीत कुमार के रूप में हुई है। वह भारतीय सेना में बतौर अग्निवीर सेवारत था और वर्तमान में जम्मू-कश्मीर के राजौरी में पोस्टेड था। परिजनों के अनुसार अभिजीत 26 जुलाई को छुट्टी लेकर जम्मू-कश्मीर से निकला था और 27 जुलाई की रात अपने गांव पहुंचा था। शुक्रवार की सुबह वह घर से यह कहकर निकला कि वह दानापुर आर्मी कैंटीन जा रहा है, लेकिन रास्ते में यह हादसा हो गया। देर शाम को स्थानीय ग्रामीणों और रेल पुलिस की ओर से घटना की सूचना परिजनों को दी गई।

### भारतीय सेना को 3 साल पहले किया था ज्वाइन

परिजन तुरंत आरा रेल थाना पहुंचे। रेल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेजा। जवान के चचेरे भाई कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि अभिजीत परिवार का सबसे बड़ा बेटा था। उसके परिवार में मां शोभा देवी, पत्नी पूजा कुमारी, छोटा भाई नीरज कुमार और बहन रिंकू कुमारी हैं। अभिजीत ने साल 2022 में अग्निवीर योजना के तहत भारतीय सेना ज्वाइन की थी। चंद महीनों पहले ही उसकी शादी हुई थी। रेल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, गांव में भी अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

# भागलपुर में प्रस्तावित एयरपोर्ट की जमीन को खरीदने-बेचने पर रोक

### 855 एकड़ के लिए डीएम ने जारी किया आदेश, जांच के लिए दिल्ली से आएगी टीम



**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर में सुल्तानगंज अंचल में प्रस्तावित ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के लिए जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने आदेश जारी किया है। इसमें उन्होंने मसदी, नोनसर, राजगंज, कसवा, सूजापुर और मंझली मौजा में चिह्नित कुल 855 एकड़ भूमि की खरीद-बिक्री और निबंधन पर तत्काल रोक लगा दी है। आदेश में कहा गया है कि यह जमीन रैयती खाते की है, ऐसे में किसी भी तरह के लेनदेन से बचने के लिए रोक जरूरी है। आसपास की जमीन की खरीद-बिक्री पर भी रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर और भी जमीन ली जा सके।

### तकनीकी टीम करेगी जांच

जिलाधिकारी के पत्र के मुताबिक, भागलपुर ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट निर्माण को लेकर निदेशक, वायुयान संगठन निदेशालय, पटना को आवश्यक रिपोर्ट भेजा गया है। अब भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, नई दिल्ली की टीम तकनीकी जांच के लिए सुल्तानगंज आएगी। इसके लिए मुख्यालय के स्तर पर कवायद तेज हो चुकी है। प्रस्तावित स्थल का प्री फिजिबिलिटी स्टडी किया जाएगा, जिसमें टर्मिनल, रनवे, वेटिंग लाउंज, चहारदीवारी जैसे बिंदुओं की जांच की जाएगी। आदेश का पालन सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। लेटर में कहा गया है कि नए हवाई अड्डा के निर्माण में किसी प्रकार की समस्या नहीं हो, इसके लिए जांच जरूरी है।

### मसदी से मंझली तक 855 एकड़ जमीन चिह्नित

हवाई अड्डा निर्माण के लिए मसदी में 300 एकड़, नोनसर में 225 एकड़, राजगंज में 50 एकड़, कसवा में 205 एकड़, सूजापुर में 40 एकड़ और मंझली में 35 एकड़ भूमि चिह्नित की गई है। प्रस्तावित रनवे की लंबाई उत्तरी छोर से 4000 मीटर और दक्षिणी छोर से 3800 मीटर होगी। जबकि, चौड़ाई 740 मीटर होगी। टर्मिनल भवन 1000 मीटर लंबा और 500 मीटर चौड़ा प्रस्तावित है। भागलपुर रेलवे स्टेशन से दूरी 30 किमी, जबकि सुल्तानगंज मुख्यालय से हवाई दूरी 2.9 किमी और सड़क रास्ते से 6 किमी होगी।

# पटना एम्स मामले में विधायक चेतन आनंद, पत्नी पर एफआईआर, डॉक्टर से मारपीट बदसलूकी का आरोप




**पटना, एजेंसी।** बिहार की राजधानी पटना के एम्स अस्पताल में मारपीट मामले में शिवहर से विधायक चेतन आनंद और उनकी पत्नी समेत 3 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। उनपर एम्स के सुरक्षाकर्मियों से मारपीट और अस्पताल में हथियार लहराने का आरोप है। इस मामले में चेतन आनंद ने भी एम्स के सुरक्षाकर्मियों एवं डॉक्टरों के खिलाफ फुलवारी थाने में केस दर्ज कराया था। उन्होंने गार्ड पर मारपीट और डॉक्टरों को धमकाने एवं बंधक बनाने का आरोप लगाया था। इसके बाद शुक्रवार को एम्स के रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर चले गए थे और इलाज ठप हो गया था। रेजिडेंट डॉक्टरों के अनुसार गुरुवार को एम्स के ट्रॉमा विभाग में एक मरीज के साथ विधायक चेतन आनंद, उनकी पत्नी डॉ. आयुषी और कई लोग पहुंचे थे। नियमानुसार किसी भी मरीज के साथ सिर्फ एक अटेंडेंट को ही अंदर जाने की अनुमति है। आरोप हैं कि जब गार्ड ने अनावश्यक भीड़ को रोकने की कोशिश की तो विधायक के बॉडीगार्ड ने सुरक्षाकर्मी पर पिस्टल के बट से हमला कर दिया। साथ ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों और स्टाफ से दुर्व्यवहार कर मारपीट की गई। बाहुबली पूर्व सांसद आनंद मोहन एवं शिवहर की जेडीयू सांसद लवली आनंद के बेटे एमएलए चेतन आनंद पर रेजिडेंट डॉक्टर आदिल पर हमला करने और सुरक्षाकर्मी का मोबाइल छीनकर तोड़ने का भी आरोप है। डॉक्टरों ने इसे अस्पताल व्यवस्था पर सीधा हमला बताया है। हड़ताल पर जाने से शुक्रवार को ओपीडी, ट्रॉमा और इमरजेंसी सेवाएं प्रभावित रहीं। सैकड़ों मरीजों को बिना इलाज के ही वापस लौटना पड़ा। जूनियर के साथ अस्पताल के सीनियर डॉक्टर भी विरोध में दिखे। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों से शिकायत मिलने और मामला तूल पकड़ने पर पुलिस जांच में जुट गई है। एम्स के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रे हैं। सिटी एसपी पश्चिमी भानू प्रताप सिंह भी शुक्रवार को एम्स पहुंचे और डॉक्टरों को समझा-बुझाकर शांत कराने की कोशिश की। उन्होंने डॉक्टरों के आरोपों के जांच की बात कही।



# मिथिला पेंटिंग सिर्फ आर्ट नहीं, रोजगार का साधन भी

**पटना, एजेंसी।** बिहार का प्रसिद्ध मिथिला पेंटिंग अब रोजगार का नियमित साधन बनेगा। नीतीश सरकार ने इस पर काम शुरू कर दिया है। श्रम संसाधन विभाग के अंतर्गत बिहार कौशल विकास मिशन के सौजन्य से शुक्रवार से मिथिला पेंटिंग प्रशिक्षण केंद्र का शुभारम्भ किया गया। श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनंद ने पटना के मैनपुरा स्थित पोखर भवन में शुरुआत की। इसमें युवाओं और विशेषकर महिलाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। बिहार कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक और लवली क्रिएशन ने शिविर लगाया है। श्रम संसाधन विभाग सचिव दीपक आनंद ने कहा कि राज्य की पारंपरिक लोक कलाओं को प्रोत्साहित करने और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं, विशेषकर महिलाओं को मिथिला पेंटिंग जैसे पारंपरिक और समृद्ध लोककला में दक्ष बनाना है। ताकि वे न केवल अपनी कला को निखार सकें, बल्कि उसे आय के साधन में बदल सकें।

यह पहल राज्य के सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के साथ-साथ आर्थिक सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देगी। सचिव ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी सहायक सिद्ध होगा। प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण बिना किसी शुल्क के दिया जाएगा। उन्हें आवश्यक सामग्री और तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि अपना कारोबार शुरू कर सकें। सर्टिफिकेट दिया जाएगा ताकि मौका मिलने पर सरकारी या निजी परियोजनाओं में रोजगार हासिल कर सकें। सचिव ने कहा कि इस पहल से न सिर्फ स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहन मिलेगा बल्कि बिहार की कला संस्कृति की विश्व स्तर पर पहचान मजबूत होगी। युवाओं को रोजगार मिलेगा जिससे पलायन को कम किया जा सकेगा।

# एन ओ यू में एमसीए के एडमिशन की तारीख बढ़ी



### छात्रों की मांग पर कुलपति ने लिया फैसला, 8 अगस्त तक दाखिला ले सकेंगे स्टूडेंट्स

**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा खुला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रवींद्र कुमार ने एमसीए पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 8 अगस्त तक बढ़ाने की घोषणा की है। विश्वविद्यालयों के परीक्षा परिणामों में देरी को ध्यान में रखते हुए ये फैसला लिया गया है। मूल रूप से 30 जुलाई को समाप्त होने वाली आवेदन की अंतिम तिथि के कारण कई इच्छुक अभ्यर्थी चिंतित थे। राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के स्नातक स्तर के परीक्षा परिणाम अभी तक घोषित नहीं होने के कारण सैकड़ों छात्र आवेदन देने में असमर्थ थे।

छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर अभय कुमार सिंह और कुलपति महोदय से मुलाकात कर इस समस्या को रखा था। छात्रों का कहना था कि परिणाम की अनुपस्थिति में वे अपनी योग्यता प्रमाणित करने में कठिनाई का सामना कर रहे हैं।

**छात्रों की परेशानी को समझते हुए लिया फैसला :** कुलपति प्रोफेसर रवींद्र कुमार ने छात्रों की समस्या को समझते हुए तत्काल निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में आने वाली अप्रत्याशित बाधाओं के कारण छात्रों को नुकसान नहीं उठाना चाहिए। हमारा लक्ष्य अधिक से अधिक योग्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। कुलसचिव प्रोफेसर अभय कुमार सिंह ने बताया कि एमसीए प्रवेश परीक्षा 12 अगस्त 2025 को बी.एन. कॉलेज, अशोक राजपथ, पटना में आयोजित होगी। परीक्षा दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक होगी और अभ्यर्थियों को दोपहर 1 बजे तक परीक्षा केंद्र पहुंचना होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन सभी पंजीकृत अभ्यर्थियों को ईमेल के जरिए परीक्षा केंद्र, तिथि और समय की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करा रहा है।

**रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम की बढ़ती लोकप्रियता :** आईटी कोऑर्डिनेटर डॉ. अमरनाथ पांडेय ने इस पाठ्यक्रम की उपयोगिता पर कहा कि एमसीए एक पूरी तरह से रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम है। आज के डिजिटल युग में इस क्षेत्र में करियर की असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि राज्य भर से छात्रों में इस पाठ्यक्रम के प्रति काफी रुझान देखा जा रहा है। नालंदा खुला विश्वविद्यालय की शुल्क संरचना अत्यंत छात्र-हितैषी है। द्विवर्षीय एमसीए पाठ्यक्रम के लिए छात्रों से प्रति वर्ष केवल 20,000 रुपए और छात्राओं से मात्र 15,000 रुपए शुल्क लिया जाता है। यह शुल्क निजी संस्थानों की तुलना में काफी कम है, जिससे मध्यमवर्गीय परिवारों के छात्र भी गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

# अमेरिका भेजने के नाम पर युवक को बनाया बंधक, 45 लाख की ठगी

## अंतरराष्ट्रीय मानव तस्कर गिरोह का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार, डंकी रूट से पहले भी भेजे जा चुके हैं कई युवक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** अमेरिका में नौकरी दिलाने के नाम पर एक युवक को बंधक बनाकर 45 लाख रुपये की ठगी करने वाले अंतरराष्ट्रीय मानव तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ हजारीबाग पुलिस ने किया है। मामले में गिरोह से जुड़े पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।



पीड़ित सोनू कुमार, निवासी भरजो, थाना टाटीझरिया ने बताया कि गांव के ही उमेश कुमार कुशवाहा ने अमेरिका भेजने का झांसा दिया। वर्ष 2024 में फर्जी दस्तावेजों के जरिए सोनू और उसके दो रिश्तेदारों को दिल्ली से ब्राज़ील भेजा गया। वहां से डंकी रूट के माध्यम से कई देशों–बोलीविया, पेरू, इक्वाडोर, कोलंबिया, पनामा, कोस्टा रिका, होंडुरास और ग्वाटेमाला होते हुए उन्हें लगभग 50 दिन तक बंधक बनाकर रखा गया। इस दौरान उनके परिजनों से 45 लाख रुपये वसूले गए, जो उमेश के भाई चौहान प्रसाद, शंकर प्रसाद, मामा के बेटे लालमोहन प्रसाद और सहयोगी शिष्यन प्रसाद को दिए गए। बाद में सोनू को मेक्सिको के रास्ते अमेरिका के सैन डिएगो भेजा गया, जहाँ मार्च 2025 में सीमा पर पकड़े जाने के बाद उसे भारत डिपोर्ट कर दिया गया। पुलिस ने टाटीझरिया थाना कांड संख्या 32/25 के तहत मामला दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपियों में उमेश कुमार कुशवाहा, शिष्यन प्रसाद, लालमोहन प्रसाद, चौहान प्रसाद और शंकर प्रसाद शामिल हैं। एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गिरोह डंकी रूट से पहले भी कई लोगों को अमेरिका भेज चुका है। इनकी सूची में 11 नाम शामिल हैं, जिनमें झारखंड के विभिन्न जिलों के युवक शामिल हैं। पुलिस अब इन सभी मामलों की गहराई से जांच कर रही है और विदेश भेजे गए युवकों की वर्तमान स्थिति की जानकारी एकत्र कर रही है। जनता से अपील की गई है कि वे विदेश यात्रा के लिए किसी अनधिकृत एजेंट या दलाल के झांसे में न आएं।

# घूस लेते पकड़ा गया डॉक्टर, जेल से ट्रांसफर होकर पहुंचा ट्रॉमा सेंटर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** झारखंड के स्वास्थ्य विभाग में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एसीबी की टीम ने एक डॉक्टर को घूस लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया, जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया था। परंतु हैरानी की बात यह है कि अब उसी डॉक्टर को हजारीबाग के ट्रॉमा सेंटर में पोस्टिंग दे दी गई है। पकड़े गए डॉक्टर का नाम डॉ. सतीश कुमार है, जो कि पहले चौपारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत थे। 1 जुलाई 2025 को एसीबी ने इन्हें 3,000 की रिश्वत लेते हुए धर दबोचा था। इसके बाद उन्हें जेल भेजा गया। यह मामला सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो गया था, और लोगों ने सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए। अब स्वास्थ्य विभाग ने 30 जुलाई को एक आदेश जारी करते हुए डॉ. सतीश कुमार को हजारीबाग ट्रॉमा सेंटर में नियुक्त कर दिया है। इस फैसले से आम जनता में रोष व्याप्त है। सवाल उठ रहे हैं कि क्या सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त कर्मियों को सजा देने के बजाय उन्हें इनाम दे रही है? विशेषज्ञों का कहना है कि यह कदम 'न्यायिक मूर्खता' की श्रेणी में आता है। ऐसे समय में जब स्वास्थ्य सेवाएं पहले से ही सवालों के घेरे में हैं, ऐसे अफसरों को दोबारा पद देना विभाग की नीयत पर सवाल खड़े करता है।

# बुढ़वा महादेव में जलार्पण को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह, जल रथ बना आकर्षण का केंद्र

## 108 किलोमीटर की पदयात्रा में विधायक ने भी खींचा श्रद्धा का रथ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़कागांव (हजारीबाग)।** सावन की अंतिम सोमवारी पर महुदी पहाड़ स्थित प्रसिद्ध बुढ़वा महादेव मंदिर में जलाभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। इस पावन अवसर पर विजेता युवा क्लब कांवरिया संघ परेवातरी की ओर से विशेष रूप से तैयार किया गया 'जल रथ' श्रद्धा और भक्ति का केंद्र बन गया है।

इस भव्य रथ में भगवान गणेश, भगवान शिव और शिवलिंग की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। भैरवी नदी का जल लेकर करीब 108 किलोमीटर की दूरी तय कर श्रद्धालु नंगे पांव, गीत-संगीत और जयकारों के साथ बाबा बुढ़वा महादेव मंदिर में सोमवार, 4 अगस्त को जलार्पण करेंगे। जल रथ यात्रा की शुरुआत शनिवार को शक्तिपीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर से हुई, जहां भक्तों ने जल उठाकर नृत्य करते हुए पदयात्रा प्रारंभ की। इस उत्सव में जनप्रतिनिधियों की भी सहभागिता रही। बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने श्रद्धालुओं का हौसला बढ़ाते हुए स्वयं रथ की रस्सी थामी और कुछ दूर तक खींचकर धर्म और आस्था के इस संगम में भाग लिया। पदयात्रा में विजेता युवा क्लब कांवरिया संघ परेवातरी के लगभग 200 शिव भक्त सम्मिलित हैं, जिनमें अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, सचिव ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, कोषाध्यक्ष पप्पू कुमार, उपाध्यक्ष रिंकू कुमार, सह सचिव अप्पू कुमार सहित बड़ी संख्या में युवक-युवतियां और महिलाएं शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों और अखाड़ों से भी तीन दर्जन से अधिक जल जत्थों ने शनिवार को यात्रा आरंभ की है, जो सोमवार को बाबा बुढ़वा महादेव मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक करेंगे। श्रद्धा, भक्ति और संस्कृति से सजी यह यात्रा क्षेत्र में धार्मिक चेतना और सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत कर रही है।

# राजीवनगर में जनसुराज पार्टी की जनसभा आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज, नवादा।** बिहार विधानसभा के लिए होनेवाले चुनाव को लेकर नारदीगंज भी चुनावी माहौल में रंगता जा रहा है। लगभग सभी राजनीतिक दल अपनी-अपनी तरह से मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की हर संभव कोशिश करते देखे जा रहे हैं। राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर की जनसुराज पार्टी भी पीछे नहीं है। गांव स्तर पर जनसम्पर्क अभियान के बाद अब जनसभा भी कर रही है। शुक्रवार को हड़िया पंचायत के राजीवनगर में जनसुराज पार्टी द्वारा आयोजित जनसभा ने अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं के लिए चिंता की लकीर खींच दी है।

नवादा विधानसभा क्षेत्र से संभावित प्रत्याशी सरला कर्ण द्वारा आयोजित इस जनसभा में वक्ताओं ने स्थानीय जनसमस्याओं पर व्यापक संवाद, जनसुराज के विचारों का प्रचार-प्रसार और जनभागीदारी के माध्यम से वैकल्पिक राजनीति के माडल को मजबूत करने पर चर्चा की और लोगों से विचार आमंत्रित किये। बिहार बदलाव नाम से आयोजित इस जनसभा की शुरुआत महिला मंडली द्वारा सरस्वती वंदना से की गयी। जनसभा को डा.रवीन्द्र प्रसाद सिंह, इन्द्रदेव कुशवाहा, पार्टी के जिला मुख्य प्रवक्ता गुलाम मुस्तफा उर्फ महताब आलम, उमेश सिंह चन्द्रवंशी, अजय पंडित, विजय कुमार सिंह, गायत्री देवी और सामाजिक कार्यकर्ता एवं कलाकार कल्याण सिन्हा ने इस कार्यक्रम को जनसुराज की समावेशी और जनकेन्द्रित राजनीति की दिशा में एक सशक्त कदम बताया।

# सरोज सिंह चौधरी ने संभाला चौपारण थाना का प्रभार, अनुपम प्रकाश का तबादला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चौपारण (हजारीबाग)।** चौपारण थाना के नवपदस्थापित थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने शनिवार को औपचारिक रूप से अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर निवर्तमान थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश, पुलिस पदाधिकारीगण और जवानों की उपस्थिति में उन्हें पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। थाना परिसर में आयोजित सादे समारोह में दायित्व का हस्तांतरण शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और पुलिसकर्मी मौजूद रहे। निवर्तमान थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश का तबादला अन्यत्र कर दिया गया है। उनके कार्यकाल को अपराध नियंत्रण, अनुशासित पुलिसिंग और जनसंपर्क के क्षेत्र में उल्लेखनीय माना गया है। नवपदस्थापित थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि चौपारण की कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना, अपराध पर प्रभावी नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई उनकी शीर्ष प्राथमिकताएं होंगी। उन्होंने यह भी कहा कि वे आम लोगों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करेंगे। श्री चौधरी ने आम नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास एवं समन्वय से ही क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण वातावरण और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकती है। स्थानीय लोगों ने भी नए थाना प्रभारी से सकारात्मक अपेक्षाएं जताईं हैं और आशा व्यक्त की है कि वे अपने कर्तव्यों का निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।



# डायरिया प्रकोप के मद्देनजर प्रभावित क्षेत्रों का डीएम ने किया दौरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** पिछले कुछ दिनों से काको प्रखंड अंतर्गत वार्ड संख्या 10 स्थित मुशहरी टोला एवं कुरैशी टोला से डायरिया के प्रकोप की खबरें लगातार प्राप्त हो रही थी। इस संदर्भ में शनिवार को जिला पदाधिकारी श्रीमती अलंकृता पांडे द्वारा स्वयं प्रभावित क्षेत्रों का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उनके साथ सिविल सर्जन डॉ. देवेंद्र प्रसाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी काको एवं अन्य विभागीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई व्यवस्था, जल-प्रदाय की स्थिति एवं रोग नियंत्रण से संबंधित गतिविधियों की गहन समीक्षा की गई। निरीक्षण उपरांत जिला



पदाधिकारी द्वारा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमंडल के कनीय अभियंता एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक, नगर पंचायत काको से स्पष्टीकरण की मांग की गई है। इस दौरान डायरिया नियंत्रण हेतु जिला प्रशासन द्वारा कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए है- जिसमें नियमित रूप से प्रभावित क्षेत्र में ब्लीचिंग पाउडर एवं क्लोरीन का छिड़काव कराया जा रहा है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद की विशेषज्ञ टीम द्वारा स्थल पर पहुंचकर ब्लड सैंपल, थ्रोट स्वैब एवं स्टूल सैंपल का संग्रहण किया गया है। रिपोर्ट शीघ्र ही प्राप्त होने की संभावना है। जल सैंपल की रिपोर्ट में यह स्पष्ट हुआ है कि प्रभावित क्षेत्रों में जल प्रदूषण की स्थिति पाई गई है।

जिला पदाधिकारी द्वारा सभी संबंधित विभागों को सतर्क रहने एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। वर्तमान में सदर अस्पताल, जहानाबाद में 7 डायरिया मरीज, एवं काको सीएचसी में लगभग 9 मरीज भर्ती हैं। साथ ही 10 से अधिक मरीजों को डिस्चार्ज किया गया है, जो पूर्णतः स्वस्थ होकर घर लौट चुके हैं। वर्तमान में डायरिया के मामलों में गिरावट दर्ज की गई है। अधिकांश मरीज उपचार के बाद 2 से 3 दिनों के भीतर स्वस्थ होकर अपने घर लौट चुके हैं। जिला प्रशासन लगातार नजर बनाए हुए है और स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

# नहरों में अंतिम छोर तक जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु किसानों के साथ समन्वय बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** बिहार राज्य जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव द्वारा जारी निर्देश के आलोक में शनिवार को जहानाबाद जिले के तीनों सिंचाई प्रमंडलो- जहानाबाद, उदेरास्थान एवं घोषी में अपराह्न 12:00 बजे किसानों के साथ समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का उद्देश्य नहरों के संचालन को प्रभावी बनाना एवं अंतिम छोर तक जलापूर्ति सुनिश्चित करना था। सिंचाई प्रमंडल, जहानाबाद द्वारा आयोजित बैठक में कार्यपालक अभियंता, वरीय उप समाहर्ता सुश्री नेहा कुमारी,सिंचाई प्रमंडल, जहानाबाद; कार्यपालक अभियंता, सिंचाई योजना एवं मॉनिटरिंग अंचल, पटना तथा घोषी/इस्लामपुर/जहानाबाद अवर प्रमंडल के अभियंता सहित संबंधित कनीय अभियंता उपस्थित थे। किसानों द्वारा बताया गया कि प्रमंडल की सभी नहरों से जल अंतिम छोर तक पहुंचाया जा रहा है।



बैठक में किसानों ने मोरहर नदी की उड़ाही, पुनपुन नदी पर स्थित पंतित वीयर की ऊंचाई बढ़ाने, अंडर सुलिस निर्माण, गंगहर पईन की उड़ाही, आउटलेट/गेट्स की क्रियाशीलता एवं पईनों की उड़ाही जैसे विषयों पर सुझाव दिए। सिंचाई विभाग की ओर से बताया गया कि इन समस्याओं के निराकरण हेतु तकनीकी सर्वेक्षण कर आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। सिंचाई प्रमंडल, उदेरास्थान परिसर में आयोजित बैठक में कार्यपालक अभियंता ई. बबन कुमार, भू-अर्जन पदाधिकारी चन्द्र किशोर सिंह, सिंचाई योजना मॉनिटरिंग अंचल पटना से ई. जय प्रकाश सिंह तथा प्रमंडल के अन्य अभियंता उपस्थित थे। बैठक में किसानों की समस्याओं को विस्तार से सुना गया एवं उन्हें आश्वस्त किया गया कि जलश्राव की सतत उपलब्धता हेतु सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। किसानों ने भी पुष्टि की कि जल प्रमंडल की नहरों में अंतिम छोर तक पहुंच रहा है। विभाग द्वारा समस्याओं की स्थलीय समीक्षा कर शीघ्र निराकरण की दिशा में कार्रवाई की जा रही है। वहीं सिंचाई प्रमंडल, घोषी में कार्यपालक अभियंता ई० अमित आनंद की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजीव कुमार, सिंचाई योजना मॉनिटरिंग अंचल, पटना से ई. पप्पु कुमार मिश्रा, अवर प्रमंडल पदाधिकारी ई. राहुल कुमार पोद्दार तथा अन्य अभियंता उपस्थित थे। बैठक में मंडई वीयर परियोजना से जुड़े किसानों ने निर्माणाधीन नहरों में जलापूर्ति को लेकर अपने सुझाव एवं समस्याएं रखी।

# जिला स्तरीय 'मशाल-2024' प्रतियोगिता 19 से 21 अगस्त तक जहानाबाद में होगी आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले में 'मशाल-2024' खेल प्रतियोगिता का आयोजन 19 से 21 अगस्त तक गांधी मैदान, जहानाबाद में किया जाएगा। इसे लेकर जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, शिक्षा विभाग और खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में अंडर-14 और अंडर-16 आयु वर्ग के बालक-बालिकाएं भाग लेंगे, जिनका चयन प्रखंड स्तर तक की प्रतियोगिताओं से हुआ है।



डीएम ने आयोजन की सफलता के लिए सुरक्षा, स्वच्छता, भोजन, आवास और चिकित्सा की ठोस व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। नगर परिषद सफाई, गृह रक्षा वाहिनी सुरक्षा, जबकि स्वास्थ्य विभाग मेडिकल टीम की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। आयोजन की समन्वयक जिला खेल पदाधिकारी होंगी। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, गृह रक्षा वाहिनी समादेष्टा, नगर परिषद पदाधिकारी, स्वास्थ्य समिति, स्काउट गाइड समन्वयक, प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रारंभिक स्तर पर खेल प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें बड़ा मंच प्रदान करना है।

# धरनार्थियों को 'तरक्की' एनजीओ करेगा सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** उत्तर कोयल नहर परियोजना के तहत कुटकु डैम में फाटक लगाने और मगध की धरती पर सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराने की मांग को लेकर लगातार 200 दिनों से धरना पर बैठे आंदोलनकारियों का रविवार को 'तरक्की' एनजीओ द्वारा सम्मान किया जाएगा। यह जानकारी धरना के अध्यक्ष अहमद रजा खान उर्फ लड्डू खान ने दी। उन्होंने बताया कि रफीगंज प्रखंड मुख्यालय में विगत 200 दिनों से शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन जारी है, लेकिन अब तक प्रखंड या जिला स्तरीय किसी भी पदाधिकारी ने धरना स्थल पर आकर प्रदर्शनकारियों से बात तक नहीं की है। बावजूद इसके, उन्हें स्थानीय जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। अहमद रजा खान ने कहा कि आंदोलन को जनसमर्थन और संकल्प के बल पर आगे बढ़ाया जा रहा है। रविवार को धरने के 201वें दिन 'तरक्की' एनजीओ द्वारा धरने में लगातार शामिल साथियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा, ताकि आंदोलन को और मजबूती दी जा सके। इस अवसर पर पूर्व पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र यादव ने कहा कि जब तक उत्तर कोयल नहर का पानी मगध के खेतों तक नहीं पहुंचता, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार पूरी तरह से उदासीन है, न कोई प्रतिनिधि आया, न ही कोई ठोस आश्वासन दिया गया।

# उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू की उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस शनिवार को चैनपुर पहुंची। उन्होंने चैनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों एवं कर्मियों का बायोमैट्रिक अटेंडेंस, दवा भंडारण, एमटीसी, अटेंडरों के बैठने वाले स्थानों, कोल्ड चेन का जीवन रक्षक दावों की उपलब्धता, प्रसव गृह की स्थिति, जन औषधि केंद्र, बाथरूम की साफ सफाई, बिजली उपकरणों की स्थिति आदि की जांच की। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से स्वच्छता, दवाइयों की उपलब्धता, डॉक्टर व कर्मचारियों की उपस्थिती



तथा आपातकालीन सेवाओं की स्थिति की जानकारी ली। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर चमन उपस्थित रहे। इसी तरह अपर समाहर्ता कुंदन कुमार द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पथरा, छत्तरपुर अनुमण्डल पदाधिकारी द्वारा पीएचसी हूटार, हुसैनाबाद अनुमण्डल पदाधिकारी द्वारा पीएचसी रामगढ़ का निरीक्षण किया गया। वहीं सदर एसडीएम ने बभंडीह, सदर भूमि सुधार उप समाहर्ता ने बसरिया, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने चांदो,चैनपुर अंचलाधिकारी ने हरिनामाड़, सहायक समाहर्ता ने करसो और जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने नावाडीह आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया।

# रफीगंज सीएचसी में नेत्र जांच मशीन शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में शुक्रवार को नेत्र जांच के लिए अत्याधुनिक मशीन का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने फीता काटकर मशीन का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान जिला कोऑर्डिनेटर शशि कुमार की देखरेख में विजन टेक्नीशियन गौतम कुमार और ऑफ्थाल्मिक असिस्टेंट आमिर अली को नेत्र जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई। डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सेवा एसजीआई हॉस्पिटल, पटना के सहयोग से शुरू की गई है। इसके तहत नेत्र संबंधी सभी जांचें पूरी तरह निशुल्क की जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह सुविधा खासकर ग्रामीण क्षेत्रों के उन



मरीजों के लिए बेहद लाभकारी होगी जो आर्थिक कारणों से आंखों की जांच नहीं करा पाते हैं। इस अवसर पर बीएमई सह प्रभारी स्वास्थ्य प्रबंधक विकास कुमार सिंह, अकाउंटेंट राजेश कुमार, नीतीश कुमार, वैजयंती माला, हेलेना, प्रीति कुमारी सहित कई स्वास्थ्यकर्मी एवं आमजन उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना की और लोगों से अधिक से अधिक संख्या में इसका लाभ उठाने की अपील की।

# प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफ़ेयर असोसिएशन की बैठक में महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेल्फेयर असोसिएशन प्रखंड इकाई कुटुम्बा की एक महत्त्वपूर्ण बैठक स्थानीय आवासीय विवेकानंद पब्लिक स्कूल अम्बा में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार तथा संचालन संघ के सचिव दिनेश प्रसाद ने किया। बैठक में ई-संवर्धन पोर्टल, यू-डायस, स्टूडेंट्स प्रोग्रेशन, ऑनलाइन प्रक्रिया को पूर्ण कर संघीय विद्यालयों की प्रस्वीकृति के नवीकरण कराने जैसे महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान इंस्पायर अवार्ड के लिए सभी विद्यालयों से कम से कम 5-5 छात्रों को रजिस्ट्रेशन कराने की बात भी कही गई। संघ के सदस्यों ने 25 प्रतिशत अलाभकारी एवं कमजोर छात्रों के लिए प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराने पर विभाग को धन्यवाद दिया। वहीं वैसे विद्यालय जिनके पास ऑफलाइन में नामांकित 25 प्रतिशत अलाभकारी समुह के बच्चों को सत्र 2019-20 से अब तक कोई लाभ नहीं मिल सका, इसके लिए विभाग का ध्यान आकृष्ट कराया गया। अध्यक्ष ने कहा कि कोई वैकल्पिक व्यवस्था के माध्यम से वैसे बच्चे जो ऑनलाइन आवेदन नहीं कर सके थे, उन्हें भी 25 प्रतिशत का लाभ पहुंचाने का सफल प्रयास विभाग के तरफ से होना चाहिए। बैठक में शैक्षिक माहौल को और भी कैसे बेहतर बनाया जा सकता है इस विषय पर संघ के एक-एक सदस्यों से विचार विमर्श किया गया। संघ को और भी मजबूत और सशक्त बनाए रखने और शिक्षा के क्षेत्र में प्राइवेट स्कूल का विशेष योगदान देने पर जोर दिया गया। बैठक में संघ के कोषाध्यक्ष बीरेंद्र कुमार, मीडिया प्रभारी व आदित्य पब्लिक स्कूल के निदेशक संजय कुमार, उपाध्यक्ष सह उदयन पब्लिक स्कूल के निदेशक नीरज पांडेय, ज्ञानोदय उच्च विद्यालय से देव कुमार पांडेय, प्रोग्रेसिव शिक्षण संस्थान से वेद प्रकाश तिवारी, बाल प्रतियोगिता निकेतन के डायरेक्टर कुशवाहा मंटू कुमार, सच्चिदानंद पब्लिक स्कूल के निदेशक धनेश कुमार, राजेश्वर उच्च विद्यालय के सचिव बैजनाथ मेहता, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल सिमरा के डायरेक्टर धनंजय कुमार शर्मा, आर्यभट्ट पब्लिक स्कूल के निदेशक विनय कुमार मेहता आदि उपस्थित रहे।

# आपसी विवाद को लेकर मारपीट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र के कोटवारा गांव में शनिवार को आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में चार लोग घायल हो गए। घायलों में मोती यादव (55), लक्ष्मी देवी, सुषमा कुमारी और बिंदु कुमार शामिल हैं। सभी को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉ. अरविंद कुमार सिंह और डॉ. सुबोध कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। घटना के संबंध में घायल लक्ष्मी देवी ने बताया कि पारिवारिक विवाद को लेकर गोतिया पक्ष से बहस हुई थी, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। उन्होंने आरोप लगाया कि छोटी-छोटी बातों को लेकर हमेशा विवाद किया जाता है और इस बार मामला हिंसक हो गया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# ग्रामीण सड़कों की बदहाली, कीचड़ भरी राहों से स्कूल जाने को मजबूर छात्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा(औरंगाबाद)।** प्रखंड की ग्रामीण सड़कों की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। सुरखी, मायापुर, कदियाही, अदमा, हेमंजा और रतवार जैसे गांवों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। सड़क पर कीचड़ और पानी जमा होने के कारण न तो वाहन चल पा रहे हैं और न ही पैदल चलना संभव हो रहा है। मध्य विद्यालय सुरखी और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरखी के दर्जनों छात्र-छात्राएं इसी जर्जर सड़क से विद्यालय आने-जाने को मजबूर हैं। मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार ने बताया कि बच्चे कीचड़ भरी सड़क पर एक हाथ में बैग और दूसरे हाथ में जूता लेकर स्कूल पहुंचते हैं। कभी-कभी तो पूरी सड़क पानी से ढंक जाती है और तालाब जैसा दृश्य बन जाता है, जिससे पढ़ाई पर भी असर पड़ता है। स्थानीय ग्रामीणों–सुधीर शर्मा, पूर्व पैक्स अध्यक्ष बेचू सिंह, राकेश कुमार, विजय शर्मा, दिलीप कुमार, प्रवीण पासवान, रामानुज शर्मा और गौतम कुमार ने बताया कि हर चुनाव में यह सड़क मुद्दा बनती है, पर जीत के बाद जनप्रतिनिधि अपने वादे भूल जाते हैं। बारिश के मौसम में हालत और भी दयनीय हो जाती है।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 02-08-2025 21:50 Page 1



# दिखने लगा गंगा का विकराल रूप

## जलस्तर बढ़ने का सिलसिला जारी, कई जगहों पर पानी खतरे के निशान से उपर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर, कहलगांव, नवगछिया।** भागलपुर और उसके आसपास के इलाकों में गंगा फिर विकराल रूप धारण करने लगी है। कहलगांव और नवगछिया में नदी फिर खतरे के निशान के ऊपर पहुँच गई है। नवगछिया में 12 घंटे में जलस्तर 12 सेमी बढ़ा है। भागलपुर शहर में भी जलस्तर बढ़ने का सिलसिला जारी है।

कहलगांव में गंगा के साथ-साथ उसकी सहायक नदियाँ कुआ, घोघा, गेरुआ और भयाना भी उफान पर हैं। नदियों का पानी चौर में फैल गया है, जिससे रेलवे लाइन और एनएच 80 के बीच जलजमाव तेजी से बढ़ रहा है। पकड़तल्ला, आमापुर छोटी, मार्कंडेय टोला और पक्कीसराय बड़ी आमापुर गांवों के निचले हिस्सों में सैकड़ों घर बाढ़ के पानी से घिर गए हैं।

केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, शाम छह बजे तक गंगा का जलस्तर 31 मीटर 6 सेंटीमीटर था। रात दस बजे तक इसके खतरे के निशान को पार करने की संभावना है। जलस्तर में प्रति घंटे एक सेंटीमीटर की वृद्धि हो रही है और पिछले चौबीस घंटे में 26 सेंटीमीटर की वृद्धि हुई है।

कहलगांव में खतरे का निशान 31 मीटर 9 सेंटीमीटर है। जलस्तर में वृद्धि के कारण दियारा, चौर और गंगा के किनारे स्थित फसलें नष्ट हो गई हैं, जिससे इलाके में बाढ़ का खतरा बढ़ता जा रहा है।

इधर, इस्माइलपुर-बिंद टोली में शुक्रवार को बारह घंटे में जलस्तर में 12 सेंटीमीटर की वृद्धि हुई। सुबह गंगा का जलस्तर 31.53 मीटर था, जबकि शाम को यह 31.65 मीटर पर पहुँच गया, जो खतरे के निशान से 5 सेंटीमीटर ऊपर है। मुख्य अभियंता ने इस्माइलपुर-बिंद टोली तटबंध पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं और आपात स्थिति के लिए स्पर संख्या आठ पर दस हाथी फुट और स्पर संख्या नौ पर बीस हाथी फुट पानी रखने का आदेश दिया है।

## वीआईपी नेता ने थामा कांग्रेस का हाथ

**पटना।** विकासशील इंसान पार्टी के संस्थापक मुकेश सहनी ने एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया और इस दौरान उन्होंने दावा किया कि इस बार जोड़-तोड़ का खेल नहीं होने देंगे और मजबूती से ताला बंद करेंगे। हालांकि उनकी ही पार्टी के साथ खेला हो गया है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में शनिवार को आयोजित एक मिलन समारोह में वीआईपी नेता लालू दांगी ने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा एवं नीतियों से प्रभावित होकर अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराने के बाद कहा कि लालू दांगी के आने से गया में कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिलेगी।

उन्होंने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी के सामाजिक न्याय और बिहार की बेहतरी के लिए जारी संघर्ष को देखते हुए पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को अपनाया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सामाजिक न्याय, समावेश और जनसेवा की विचारधारा को लेकर चलती है और ऐसे नेताओं का पार्टी में स्वागत है जो इन्हीं मूल्यों को लेकर समाज के बीच कार्य करते हैं।

# डायरिया का कहर जारी, अधेड़ की मौत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद** । जहानाबाद में डायरिया का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। जिले के काको बाजार इलाके में डायरिया से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक की पहचान सुरेंद्र पासवान के रूप में हुई है, जो बीते दो-तीन दिनों से डायरिया से पीड़ित थे। हालांकि, अस्पताल प्रशासन का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने तक मौत का कारण स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता।

परिजनों का दावा है कि सुरेंद्र पासवान की मौत डायरिया से हुई है। जानकारी के अनुसार, पहले उनका इलाज काको के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा था, जहां सलाइन चढ़ाई जा रही थी, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं होने पर उन्हें शुक्रवार को जहानाबाद सदर अस्पताल रेफर किया गया। वहां ऑक्सीजन देने के बाद चिकित्सकों ने उन्हें पटना रेफर कर दिया, लेकिन पटना ले जाने के क्रम में ही रास्ते में उनकी मौत हो गई।

सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने भी पुष्टि की है कि सुरेंद्र पासवान की हालत गंभीर थी, इसलिए उन्हें उच्च इलाज के लिए पटना भेजा गया था। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

काको बाजार इलाके में बीते छह दिनों से डायरिया का कहर जारी है। अब तक दर्जनों लोग इस बीमारी की चपेट में आ चुके हैं और कई का इलाज सरकारी व निजी अस्पतालों में चल रहा है। कुछ लोग स्वस्थ होकर घर लौट चुके हैं, जबकि कई की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है।

हालात को गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को सिविल सर्जन की पहल पर पटना से विशेष डॉक्टरों की टीम काको भेजी गई थी। टीम ने इलाके में पहुंचकर डायरिया पीड़ितों का सैंपल लिया और इलाज शुरू किया। हालांकि, अभी तक किसी की मौत की सरकारी पुष्टि नहीं हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में साफ-सफाई और पेयजल की गुणवत्ता को लेकर प्रशासन को तत्काल ठोस कदम उठाने की जरूरत है, ताकि डायरिया जैसे जानलेवा बीमारी पर काबू पाया जा

# ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में युवक की गयी जान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** रोहतास जिले के दरिगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत बुढ़न मोड़ के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर ट्रैक्टर और बाइक के बीच हुई जोरदार टक्कर में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि ट्रैक्टर बीच सड़क पर पलट गया, जबकि चालक मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान गोविंदापुर गांव निवासी संतोष कुमार के रूप में हुई है।हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने घटनास्थल पर ही राष्ट्रीय राजमार्ग-19 को जाम कर दिया। आक्रोशित लोगों का आरोप था कि ट्रैक्टर चालक और मृतक संतोष कुमार के बीच पहले किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद जानबूझकर ट्रैक्टर से उसे कुचल दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि सूचना देने के बावजूद दरिगांव थाना पुलिस ने कोई तत्परता नहीं दिखाई, उल्टा मौके पर पहुंचे लोगों के साथ दुर्व्यवहार किया।

दरिगांव थाना प्रभारी मितेश कुमार ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। फिलहाल ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है और मामले की जांच की जा रही है।

## राष्ट्रपति 20 को भागलपुर में, तैयारी शुरू

**भागलपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 20 अगस्त को भागलपुर आ सकती हैं। हालांकि राष्ट्रपति भवन से तिथि की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन 19 से 21 अगस्त के बीच उनका आगमन निश्चित माना जा रहा है। इस दौरान, राष्ट्रपति तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय में शहीद तिलकामांझी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण करेंगी।

राष्ट्रपति विक्रमशिला विश्वविद्यालय के पुरातात्विक स्थल का भी दौरा करेंगी। राष्ट्रपति के आगमन की तैयारियां विश्वविद्यालय और जिला प्रशासन द्वारा प्रारंभ कर दी गई हैं। कुलपति लगातार राष्ट्रपति भवन के संपर्क में हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को राष्ट्रपति के आगमन के मद्देनजर आवश्यक कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया है। सभी संबंधित पथों की मरम्मत प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाएगी। अन्य विभागों ने भी राष्ट्रपति के स्वागत की तैयारियां शुरू कर दी हैं।

# उपायुक्त ने की स्वतंत्रता दिवस समारोह 2025 की तैयारी को लेकर बैठक

## विभागों को दिए गए आवश्यक निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** स्वतंत्रता दिवस समारोह 2025 के सफल आयोजन को लेकर आज समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को दायित्वों का स्पष्ट बंटवारा करते हुए समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में प्रातः 8:30 बजे से झंडोत्तोलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

मुख्य कार्यक्रम कचहरी मैदान में प्रातः 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराने के उपरांत परेड एवं अन्य कार्यक्रम संपन्न होंगे। इसके अतिरिक्त उपायुक्त आवास, समाहरणालय, नगर पंचायत, जिला परिषद, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अनुमंडल कार्यालय तथा पुलिस लाइन में भी झंडोत्तोलन कार्यक्रम का आयोजन निर्धारित समयानुसार किया जाएगा। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि मुख्य कार्यक्रम से पूर्व जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में प्रातः 8:00 बजे से 8:30 बजे के बीच झंडोत्तोलन अनिवार्य रूप से संपन्न कराया जाए।

बैठक में समारोह की समुचित तैयारी हेतु झंडोत्तोलन, राष्ट्रगान, परेड, आमंत्रण पत्र, मंच व्यवस्था, बैठक की व्यवस्था, जलपान, चिकित्सा सुविधा, पेयजल, ट्रैफिक नियंत्रण, अग्निशमन दल की





तैनाती, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा विधि-व्यवस्था आदि विषयों पर बिंदुवार समीक्षा की गई।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को परेड अभ्यास सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया, वहीं नगर पंचायत को कचहरी मैदान की सफाई एवं साज-सज्जा की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला अग्निशामक पदाधिकारी को अग्निशमन दस्ते की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया। विभिन्न शहिदों के प्रतिमाओं पर साज सज्जा एवं माल्यार्पण हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या 14 अगस्त 2025 को बहुउद्देशीय भवन, बिरसा कॉलेज, खूंटी में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी हेतु संबंधित अधिकारियों की एक समिति गठित करते हुए कार्य निष्पादन का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया।

उपायुक्त ने बैठक के दौरान निर्देश दिया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाए तथा विभिन्न कार्यालयों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी/कर्मचारी को भी पुरस्कृत किया जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक आईटीडीए, अनुमंडल पदाधिकारी खूंटी, सहित सभी विभागों के वरीय पदाधिकारी, पुलिस विभाग के प्रतिनिधिगण, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

# पढ़ाई कर रहे छात्रों पर गिरा शेड, छह हुए चोटिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मधेपुरा।** कुमारखंड प्रखंड के लक्ष्मीपुर चंडीस्थान पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय छर्रापट्टी में चदरे का शेड गिरने से छह बच्चे जख्मी हो गए।

इस दौरान पहली कक्षा के छात्र प्रिंस कुमार के दायें कंधे में कील चुभ गया। लहूलुहान प्रिंस को स्वजन द्वारा इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारखंड में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वहीं कक्षा दो के हिमांशु कुमार, दिव्यांशु कुमार, रीता कुमारी, अमृतराज और कृति कुमार को चोटें लगी।

जानकारी के अनुसार विद्यालय में चदरे एवं बांस-बल्ली से निर्मित शेड तले वर्ग एक से आठ तक के बच्चों की पढ़ाई चल रही थी। इसी दौरान दोपहर करीब एक बजे शेड

### शेड के नीचे दबे बच्चों को ग्रामीणों ने निकाला बाहर

गिर पड़ा। शेड के नीचे पढ़ रहे पहली और दूसरी कक्षा के बच्चे दब गए।

इस दौरान विद्यालय में अफरा तफरी का माहौल हो गया और चीख पुकार मच गई। स्थानीय राज कुमार, भूषण यादव, रमण चौधरी समेत ग्रामीण पहुंच कर बच्चों को शेड के नीचे दबे बच्चों को बाहर निकाला। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी किशोर भाष्कर और डायल 112 पर पुलिस को दे दी।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पहुंचे। बीईओ ने विद्यालय के शिक्षक पारस कुमार, राजीव कुमार, सुशील कुमार यादव, मु. रिजवान, पूजा कुमारी, प्रणव कुमार आदि से पूछताछ कर विस्तृत जानकारी ली। प्रभारी प्रधानाध्यापक रमेश कुमार भूषण ने बताया कि मैं आज छुट्टी पर हूं।

अन्य दिनों के भांति विद्यालय का संचालन वरीय शिक्षक पारस कुमार द्वारा किया जा रहा था। अचानक शेड गिर गया। शिक्षकों व ग्रामीणों के सहयोग से बच्चों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया।

विद्यालय में वर्ग एक से आठवीं तक कुल-314 बच्चे नामांकित हैं। वर्ग कक्ष के लिए सिर्फ दो कमरे हैं। लेकिन दोनों कमरे में सामान आदि रखा हुआ है।

दो वर्ष पूर्व वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर बांस-बल्ली पर चदरे का शेड निर्माण कराकर बच्चों का पठन-पाठन किया जा रहा है।

# मोटरसाइकिल चोर गिरोह का भंडाफोड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जिले में लगातार बढ़ रही बाइक चोरी की घटनाओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दानापुर पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाले एक गैंग का पदार्फाश किया है। इस गैंग के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि कई चोरी की बाइकें बरामद की गई हैं। पुलिस के अनुसार, यह गैंग मोटरसाइकिल चोरी कर उन्हें नेपाल और अन्य इलाकों में कम दाम पर बेच देता था। गैंग के सदस्य मास्टर चाबी का उपयोग कर बाइक चोरी करते थे और फिर उन्हें किसी नजदीकी हॉस्पिटल में चेन से बांधकर छोड़ देते थे। जब ग्राहक तैयार हो जाता, तो बाइक को वहीं से निकालकर नेपाल भेज दिया जाता।

आरपीएस मोड़ के पास हुई एक बाइक चोरी की घटना के बाद इस मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (रक्ळ) का गठन किया गया था। टीम ने तकनीकी साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो अपराधियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

सुधांशु कुमार सिंह, पिता - रतन कुमार सिंह, निवासी - नयागांव डंका ईमली, थाना - आलमगंज, पटना। लाडले मुख्तार, पिता - स्व. अब्दुल रशीद, निवासी - केदारनाथ मठ लेन, वार्ड नं-52, नियर ज्ञानस्थली स्कूल, थाना - आलमगंज, पटना।पुलिस ने बताया कि सुधांशु कुमार सिंह का आपराधिक इतिहास भी रहा है और वह पूर्व में भी आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है। सिटी एसपी वेस्ट भानुप्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है और गैंग के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने चोरी की कई बाइक और अन्य सामग्री भी जब्त की है। अधिकारियों के अनुसार, यह गैंग बड़े स्तर पर संगठित तरीके से काम करता था, और इसके कनेक्शन बिहार के अलावा सीमावर्ती राज्यों व नेपाल तक फैले हुए हैं। पुलिस का कहना है कि आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

## आपरेशन सिंदूर पर बना गाना हुआ रिलीज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारतीय सेना के वीरता अभियान ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर आधारित एक प्रेरणादायक और राष्ट्रभक्ति से भरपूर गीत जय हिन्द जय हिन्द की सेना शनिवार को बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा भव्य रूप से लॉन्च किया गया। इस गीत के माध्यम से सेना की शौर्यगाथा को न सिर्फ संगीतमय रूप में प्रस्तुत किया गया है, बल्कि यह देशवासियों का हौसला बढ़ाने और दुश्मनों को कड़ी चेतावनी देने का भी काम करता है। गीत के निर्माता, गीतकार और निर्देशक आशुतोष पांडे हैं, जिन्होंने पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर से प्रभावित होकर इसे रचा है। उन्होंने प्रेस वार्ता में कहा, यह गीत सेना के जवानों के बलिदान को समर्पित है और इसका उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना को मजबूत करना है। यह संदेश पाकिस्तान तक पहुंचाना है कि भारत अब पहले जैसा नहीं रहा- अब हम घर में घुसकर मारते हैं।

# मामूली विवाद में लाठी से पीटकर बेटे की हत्या



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** मनिहारी थाना क्षेत्र के मनोहरपुर पंचायत के जगवाटी गोला घाट वार्ड छह में मामूली विवाद में हुए झगड़े में पिता ने लाठी से पीट पीटकर अपने ही बड़े पुत्र को मार डाला। मृतक का नाम तीस वर्षीय संजीव कुमार उरांव है। घटना की सूचना पर डीएसपी विनोद कुमार, इंस्पेक्टर पप्पू कुमार, थानाध्यक्ष पंकज आंनद मौके पर पहुंच मामले की जांच की है।

पुलिस ने आरोपित पिता जवाहरलाल उरांव को गिरफ्तार कर लिया है। घटना को लेकर मृतका की पत्नी पूनम कुमारी ने बताया कि बीती रात घर में पति व बच्चों के साथ खाना खा रही थी। इसी बीच ससुर भी पहुंचे तथा बातचीत के क्रम में कहा-सुनी होने लगी। ससुर काफी गुस्से में आ गए तथा लाठी लेकर घर में लगे टीन शेड को तोड़ने लगे। मना करने पर उसके पति को लाठी से बुरी तरफ पीटने लगे। जिससे उसके पति का हाथ काफी जख्मी हों गया तथा गिर कर बेहोश हो गया, पास-पड़ोस के एक ऑटो वाले को बुलाकर अस्पताल के निकली तो बीच रास्ते में मौत हो गई। इस घटना को लेकर मृतक की पत्नी पूनम कुमारी तथा जुड़वा बच्चे अमन व साक्षी का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन भी मौके पर पहुंचे है। पंचायत के पैक्स अध्यक्ष ललन यादव, मोकिम, सत्यनारायण सहित कई लोग मौके पर पहुंच परिजनों को ढांढस दिलाते दिखे।

# पानी की समस्या को लेकर उग्र हुए लोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड के बल्लीपुर पंचायत के वार्ड सात के ग्रामीणों ने पानी की समस्या को लेकर सड़क जाम कर दिया और टायर जलाकर विरोध जताया। सात बजे सुबह से ही ग्रामीण रोसड़ा हथौड़ी मार्ग के स्थल चौक समीप बांस बल्ला लगाकर सड़क जाम करते हुए वार्ड 7 में नलजल चालू कराने और लापरवाह पदाधिकारी और कर्मी के विरुद्ध कारवाई की मांग कर रहे थे।

आक्रोशित लोगों ने बताया कि वर्षों से वार्ड 7 में नलजल बंद है। वार्ड 7 के लोगो को पानी नहीं मिल रहा है। सभी चापाकल सुख चुका है। पीने के पानी के लिए दर दर भटकना पड़ता है। ग्रामीणों द्वारा कई बार प्रखंड से लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि को आवेदन भी दिया गया।

कोई कारवाई नहीं हुआ है। थक हार कर सड़क जाम करना पड़ा। इधर सड़क जाम रहने कारण सड़क पर वाहनों की कतार लग गया। सूचना मिलते शिवाजीनगर बीडीओ आलोक



कुमार सिंह, हथौड़ी थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार जाम स्थल पहुंचे। जिसके बाद आक्रोशित लोगों को समझा बुझा कर जाम समाप्त कराया ।और जल्द ही वार्ड 7 में नलजल चालू कराकर पानी की व्यवस्था उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। जिसके बाद जाम हटाया गया। बीडीओ आलोक कुमार सिंह ने कहा कि लोगो की समस्या को सुना गया है।

वार्ड 7 में जल्द नलजल चालू कराया जा रहा है। लोगो ने कारण बताया है जांच पड़ताल किया जा रहा है। जो भी दोषी होंगे उनके विरुद्ध कारवाई किया जाएगा।

## न्याय की गुहार लगा रही युवती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** सोशल मीडिया के जरिए शुरू हुआ प्यार शादी तक तो पहुंच गया, लेकिन उसके बाद युवती को मिला सिर्फ धोखा। दरभंगा में झारखंड की एक युवती पिछले तीन दिनों से न्याय की गुहार लगाते हुए भटक रही है। जानकारी के अनुसार झारखंड की रहने वाली चंद्रावती की 11 जुलाई को फेसबुक पर समस्तीपुर जिले के आशीष यादव से दोस्ती हुई थी। यह दोस्ती जल्द ही प्यार में बदली और 24 जुलाई को दोनों ने देवघर में शादी कर ली। शादी के बाद आशीष उसे लेकर 27 जुलाई को दरभंगा आया, जहां लहेरियासराय थाना क्षेत्र के केएम टैंक मोहल्ले में किराये पर एक कमरा लेकर साथ रहने लगा। लेकिन 2 अगस्त को आशीष ₹2 मिनट में आता हूं₹ कहकर निकला और फिर वापस नहीं लौटा। उसका मोबाइल भी बंद है। चंद्रावती के अनुसार, आशीष ने शादी के बाद भरोसा दिलाया था कि वह अपने परिवार को मना कर लेगा और फिर उसे अपने गांव समस्तीपुर ले जाएगा। अब तक उसे सिर्फ यह जानकारी है कि आशीष समस्तीपुर का रहने वाला है।

# अमेरिकी टैरिफ से मखाना निर्यात पर संकट

- तेजी से बढ़ा है मखाने का उत्पादन
- विकल्पों पर विचार कर रहे निर्यातक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा का असर मखाना के निर्यात पर भी पड़ेगा। अमेरिका के टैरिफ बढ़ाने से बिहार के मखाना निर्यातकों की चिंता बढ़ गई है। यह इसलिए भी कि भारत से मखाना के कुल निर्यात में 25 प्रतिशत अमेरिका को भेजा जाता है।

भारत में कुल मखाने का करीब 90 प्रतिशत उत्पादन बिहार के कोसी, सीमांचल और मिथिलांचल के जिलों में होता है। डोनाल्ड ट्रंप की घोषणा से पहले अमेरिका में मखाना पर 3.5 प्रतिशत टैरिफ लगता था और यह 8 से 11 हजार रुपये किलो की दर से बिकता था। अब इसकी कीमत 14 से 15 हजार रुपये प्रति किलो हो जाने का अनुमान है।

पूर्णिया में फार्म टू फैक्ट्री कंपनी का संचालन करने वाले मखाना निर्यातक मनीष कुमार का कहना है कि टैरिफ के कारण मखाना की कीमत बढ़ेगी, जिससे मांग प्रभावित होगी। अमेरिका की टैरिफ नीति में ऊहापोह के कारण पिछले चार महीनों से अमेरिका से आर्डर नहीं आ रहा है। उम्मीद थी कि व्यापार समझौता होने के बाद मखाना निर्यात को गति मिलेगी, लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा है।

कृषि विभाग के आंकड़ों की मानें तो बिहार में पिछले 10 वर्षों में मखाना का रकबा बढ़कर दो गुना हो गया है। भोला पासवान शास्त्री कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा मखाने का सबौर वन प्रभेद विकसित करने के बाद से न केवल प्रति हेक्टेयर मखाने का उत्पादन बढ़ा है, बल्कि किसानों में इसकी खेती के प्रति आकर्षण भी बढ़ा है। देश में और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर



सुपर फूड के रूप में मखाना की बढ़ती मांग ने भी इसका रकबा बढ़ाया है। इस वर्ष सीमांचल के चार जिलों पूर्णिया, कटिहार, अररिया व किशनगंज में लगभग 35 हजार हेक्टेयर में मखाना की फसल लगी है।

अकेले कटिहार जिले में 11 हजार हेक्टेयर से अधिक में इसकी खेती हो रही है। बिहार में मखाने का सर्वाधिक उत्पादन 12 हजार 900 टन कटिहार में ही होता है। दूसरे नंबर पर पूर्णिया है, जहां आठ हजार टन उत्पादन होता है।

उद्यान विभाग के पूर्णिया प्रमंडल के उपनिदेशक ओमप्रकाश मिश्र का कहना है कि अमेरिका की टैरिफ नीति से मखाना निर्यात पर त्वरित प्रभाव नहीं पड़ेगा।

वैसे भी निर्यातक अन्य देशों में विकल्प तलाश रहे हैं। हाल के दिनों में खाड़ी देशों में मखाने का निर्यात सर्वाधिक बढ़ा है।

निर्यातक मनीष बताते हैं कि डाक निर्यात केंद्र से अगर एक किलो मखाना अमेरिका भेजने में एक हजार रुपये खर्च आते हैं तो खाड़ी देशों में 600 रुपये ही लगते हैं। अभी भारत का ब्रिटेन के साथ भी मुक्त व्यापार समझौता हुआ है। यह ब्रिटेन और यूरोप के अन्य देशों में मखाना निर्यात बढ़ाने में सहायक होगा। हम हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं, लेकिन सरकार को भी हमारा साथ और सहयोग बढ़ाना होगा।

CMYK

### प्रथम अखिल भारतीय रेलवे जनसंपर्क सेमिनार का कोटा में सफल आयोजन

# मांगों को रेल मंत्री तक पहुंचाया जाएगा : ओम बिरला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भारतीय रेलवे के इतिहास में पहली बार जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अखिल भारतीय रेलवे जनसंपर्क सेमिनार का भव्य आयोजन शनिवार को कोटा के मेनाल रेलवे ऑफिसर्स क्लब में किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की और भारतीय रेलवे जनसंपर्क कैडर की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ बिरला जी के आगमन पर पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत से हुआ। तत्पश्चात, मंडल रेल प्रबंधक, कोटा अनिल कालरा सहित विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक श्री कालरा द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए रेलवे के जनसंपर्क विभाग द्वारा किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों की सराहना की गई। इसके बाद जनसंपर्क विभाग के परिचय पर एक संक्षिप्त वीडियो प्रदर्शित किया गया जिससे जनसंपर्क कर्मियों की बहुआयामी भूमिका का परिचय उपस्थित जनसमूह को मिला। वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी कमल जोशी द्वारा जनसंपर्क कैडर का विस्तृत परिचय प्रस्तुत किया गया जिसमें विभाग की वर्तमान कार्यप्रणाली, दायित्व, एवं संरचनात्मक चुनौतियों को रेखांकित किया गया। ओम बिरला ने अपने उद्बोधन में कहा कि रेलवे का जनसंपर्क विभाग सरकार और जनता के बीच विश्वास का सेतु है। इसकी मजबूती से रेलवे की छवि और पारदर्शिता में वृद्धि होती है। उन्होंने विभाग के हितों की रक्षा और समस्याओं के समाधान हेतु सकारात्मक आश्वासन भी प्रदान किया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट किया गया तथा कार्यक्रम का औपचारिक समापन धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। इसके उपरांत सेमिनार सत्र आयोजित किया गया, जिसमें देशभर से आए वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी, जनसंपर्क अधिकारी एवं प्रचार निरीक्षकों ने अपने विचार, अनुभव एवं कैडर से संबंधित व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत किए। यह विचार-विमर्श सत्र जनसंपर्क विभाग की कार्यक्षमता, कैडर पुनर्गठन, और भविष्य की दिशा तय करने में मील का पत्थर सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक, कोटा अनिल कालरा, अपर मंडल रेल प्रबंधक ललित कुमार धुरंधर, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन, मंडल वाणिज्य प्रबंधक किशोर पटेल, नेता प्रतिपक्ष लव शर्मा सहित रेलवे के विभिन्न संवर्गों के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों और प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

## पीएम मोदी ने बिहार के 74 लाख किसानों के चेहरे पर बिखेरी मुस्कान : मंगल पाण्डेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि आज देशभर के 9.70 करोड़ से भी अधिक किसानों के चेहरे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'पीएम किसान सम्मान योजना' के तहत 20 वीं किस्त की राशि जारी कर मुस्कान बिखेर दिया है। एनडीए सरकार का मूल मंत्र है- किसान का सम्मान, राष्ट्र का उत्थान। प्रधानमंत्री की इस पहल से बिहार के भी 74 लाख किसानों को सौगात मिली है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त जारी होने के बाद किसानों का इंतजार आज खत्म हो गया। देश के करीब पौने दस करोड़ किसानों के खाते में 20वीं किस्त की 20,500 करोड़ रुपये सीधे डीबीटी के जरिए ट्रांसफर कर भेज दी गई है। श्री पांडेय ने कहा कि इस बार केंद्र सरकार की ओर से 20 वीं किस्त के तौर पर 1515 करोड़ की राशि जारी कर दी गई।

# पावरग्रिड, पूर्वी क्षेत्र-1 पटना द्वारा कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन

### सुरेन्द्र शर्मा की हास्य-वाणी से गूंजा ऊर्जा ऑडिटोरियम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पावरग्रिड, पूर्वी क्षेत्र-1, पटना के राजभाषा अनुभाग द्वारा शास्त्री नगर स्थित ऊर्जा ऑडिटोरियम में एक भावपूर्ण कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक अरिंदम सेन शर्मा द्वारा उपस्थित जनसमूह में साहित्यिक चेतना और सृजनात्मक ऊर्जा का संचार करते हुए यह आयोजन एक यादगार संध्या में परिवर्तित हो गया। कवि सम्मेलन में पद्म सम्मान से अलंकृत सुरेन्द्र शर्मा की व्यंग्य मिश्रित हास्य-कविताओं ने श्रोताओं को खुलकर हंसने का अवसर दिया। उनके अनूठे अंदाज ने श्रोताओं को न केवल गुदगुदाया, बल्कि सामाजिक यथार्थ पर भी सोचने को विवश किया। दिनेश बावरा ने समाज की विडंबनाओं को स्वर देते हुए तीखे कटाक्ष के साथ भावनाओं को गहराई से उकेरा। डॉ. तिष्या श्री की कोमल अभिव्यक्ति और स्त्री-मन की अनुभूतियों ने मंच को मर्मस्पर्शी बना दिया। रोहित शर्मा की ओजस्वी वाणी और संजीव मुकेश की जनभावनाओं से जुड़ी कविताएं भी श्रोताओं की तालियों से सराही गईं। कार्यक्रम में पावरग्रिड के पूर्वी क्षेत्र-1 से जुड़े सभी वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। आयोजन ने एक ओर जहां कविता और भाषा के प्रति सम्मान को प्रकट किया, वहीं दूसरी ओर राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार की दिशा में एक सार्थक पहल भी सिद्ध हुआ। यह सम्मेलन न केवल साहित्य प्रेमियों के लिए एक उत्सव था, बल्कि कार्यस्थल की सांस्कृतिक चेतना को भी सुदृढ़ करने का एक सुंदर अवसर बना। पावरग्रिड द्वारा भाषा और भाव के इस संगम का आयोजन एक प्रेरणादायक प्रयास कहा जा सकता है जिसने काव्यरस के माध्यम से संवेदनाओं की गहराई तक पहुंच बनाई।

# शाहाबाद में पर्यटन को बढ़ावा देने का लिया गया संकल्प

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** देश की राजधानी नई दिल्ली में शाहाबाद के ऐतिहासिक सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखते हुए यहां पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को ''इतिहास में शाहाबाद और पर्यटन की संभावनाएं'' विषय पर आयोजित सेमिनार में शाहाबाद के राजनीतिक, प्रशासनिक, साहित्यिक और पत्रकारिता के क्षेत्र में महती भूमिका निभा रहे लोगों का पहली बार जुटान हुआ। कंस्टिट्यूशन क्लब में आयोजित इस सेमिनार में शाहाबाद के लोगों को अपनी समृद्ध विरासत, पर्यटन और सांस्कृतिक धरोहर को संजोकर रखते हुए उसे अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर लाने तथा पर्यटन विकास को गति देने पर बल दिया गया। इस कार्यक्रम में सांसद सुधाकर सिंह, राजा राम सिंह, पूर्व सांसद सुशील सिंह, सुनील सिंह, कला संस्कृति तथा महिला एवं बाल विकास विभाग दिल्ली सरकार की सचिव रश्मि सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा, विधायक मुरारी प्रसाद गौतम, पूर्व विधायक रामेश्वर चौरसिया, वरिष्ठ पत्रकार कन्हैया भेलारी आदि ने पुराने शाहाबाद जिला के गौरवशाली ऐतिहासिक सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए यहां पर्यटन की अपार संभावनाओं को भी रेखांकित किया। सेमिनार में शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति के संयोजक अखिलेश कुमार ने कहा कि अपने गौरवशाली विरासत को याद करते हुए यहां पर्यटन विकास को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर मंथन हुआ और उसे धरातल पर उतारने के लिए केन्द्र सरकार से आग्रह किया गया है। कहा कि समिति के बैनर तले पिछले पांच वर्षों से जारी अभियान का सकारात्मक संकेत शाहाबाद की धरती पर दिखने भी लगा है और सरकार यदि इसे गंभीरता से लेती है तो यहां न केवल पलायन रुकेगा बल्कि बाहर के लोगों को भी रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने शाहाबाद की महत्वपूर्ण ऐतिहासिक व धरोहर और यहां की पर्यटन व संस्कृति के संबंध में विस्तार से चर्चा की तथा कहा कि शाहाबाद का हर क्षेत्र अपने आप में एक अनमोल इतिहास छिपाए हुए है। यह पूरा इलाका ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व से ओतप्रोत है। वक्ताओं ने कहा कि शाहाबाद में सभी तरह की पर्यटन स्थल यथा ऐतिहासिक, प्राकृतिक, आध्यात्मिक सभी धरोहर मौजूद है। ऐसे में शाहाबाद टूरिज्म सर्किट बनाने की जरूरत है।

# बिहार में पहली बार हुआ प्रीएम्प्टिव किडनी ट्रांसप्लांट, औरंगाबाद के डॉ. विकास कुमार की अहम भूमिका

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** चिकित्सा क्षेत्र में बिहार ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। पटना स्थित पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल में राज्य का पहला प्रीएम्प्टिव किडनी ट्रांसप्लांट सफलता पूर्वक किया गया जिसमें मरीज को डायलिसिस की आवश्यकता नहीं पड़ी। इस महत्वपूर्ण ऑपरेशन में औरंगाबाद जिले के दाउदनगर निवासी प्रख्यात यूरोलॉजिस्ट डॉ. विकास कुमार की विशेष भूमिका रही। पश्चिम चंपारण निवासी 45 वर्षीय सत्येंद्र प्रसाद सिंह की दोनों किडनी धीरे-धीरे खराब हो रही थीं। क्रेटिनिन का स्तर लगातार बढ़ रहा था जिससे उन्हें भूख कम लगना, थकान, सांस फूलना और पैरों में सूजन जैसी गंभीर समस्याएं हो रही थीं। इस स्थिति में पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल में प्रीएम्प्टिव ट्रांसप्लांट का निर्णय लिया गया। डॉ. शशि कुमार, निदेशक एवं एचओडी, नेफ्रोसाइंसेज एंड रीनल ट्रांसप्लांट ने बताया कि प्रीएम्प्टिव ट्रांसप्लांट का अर्थ है–ऐसी स्थिति में ट्रांसप्लांट करना जब मरीज अभी डायलिसिस पर नहीं गया हो। इससे रिकवरी तेज होती है और जीवन गुणवत्ता बेहतर होती है। आमतौर पर ट्रांसप्लांट के बाद मरीज को 10ऽ12 दिन अस्पताल में रखना पड़ता है, लेकिन सत्येंद्र सिंह को महज सात दिनों में छुट्टी दे दी गई। डोनर को केवल तीन दिनों में डिस्चार्ज कर दिया गया। इस पूरे जटिल ट्रांसप्लांट की सफलता में डॉ. विकास कुमार की भूमिका निर्णायक रही। वे यूरोलॉजी विभाग से जुड़े वरिष्ठ चिकित्सक हैं और सर्जिकल प्रक्रियाओं में उनकी विशेषज्ञता ने इस ट्रांसप्लांट को और अधिक प्रभावी बनाया। वे हर रविवार को शिव मंदिर, चुड़ी बाजार, दाउदनगर में निःशुल्क सेवा देकर क्षेत्रीय मरीजों को भी लाभान्वित करते हैं। डॉ. शशि कुमार और डॉ. विकास कुमार के नेतृत्व में की गई इस चिकित्सा उपलब्धि को स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने 'बिहार के चिकित्सा इतिहास में मील का पत्थर' बताया है।

## उत्पाद एवं निबंधन विभाग ने की विभागीय समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग द्वारा विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन मंत्री रत्नेश सादा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सचिव अजय यादव, आयुक्त उत्पाद सह निबंधन महानिरीक्षक रजनीश कुमार सिंह, उप निबंधन महानिरीक्षकगण- सुशील कुमार सुमन एवं डॉ. संजय कुमार, कृष्णु कुमार (संयुक्त आयुक्त, मद्य निषेध), सहित सचिवालय स्थित वरीय अधिकारीगण एवं जिला के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान मंत्री ने निबंधन एवं उत्पाद दोनों पक्षों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निबंधन एवं राजस्व संग्रहण की विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा में लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया।

## प्रतिष्ठाचार्य विजय कुमार जैन का 50वां जन्मदिवस मना



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी के संघस्थ शिष्य प्रतिष्ठाचार्य विजय कुमार जैन का 50वां जन्मदिवस श्रावण शुक्ला सप्तमी को कुंडलपुर, नालंदा एवं अयोध्या में सानंद मनाया गया। अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद एवं श्री दिगम्बर जैन अयोध्या तीर्थक्षेत्र कमेटी के तत्वावधान में डॉ. जीवन प्रकाश जैन, निधेश जैन, परमेन्द्र जैन, पारस जैन 'बबुआ', शरद जैन, अध्यात्म जैन, सरस जैन 'शैंकी' आदि अनेक महानुभावों द्वारा विजय जी को तिलक, माल्यार्पण के साथ ही उनके कार्यों की सराहना से सहित एक अभिनंदन पत्र भी भेंट किया गया। इस अवसर पर पूज्य पीठाधीश स्वस्तिश्री रवीन्द्रकीर्ति स्वामीजी ने भी विजय जी को तिलक व माल्यार्पण किया और संघस्थ ब्र. बीना बहनजी, कुमुदिनी अम्माजी आदि ने उन्हें स्नेहपूर्वक उपहार भेंट करके जन्मदिवस की शुभामनाएं दीं।

# खादी मॉल, पटना में 'राखी पर लाइव मधुबनी पेंटिंग' कार्यक्रम का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित खादी मॉल, पटना में आज आगामी रक्षाबंधन त्योहार को लेकर पारंपरिक लोककला को समर्पित विशेष कार्यक्रम 'राखी पर लाइव मधुबनी पेंटिंग' का शुभारंभ हुआ। इस सांस्कृतिक पहल का उद्देश्य बिहार की विश्वविख्यात मधुबनी पेंटिंग को एक जीवंत मंच प्रदान करना, स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहन देना और आम नागरिकों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना है। कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ मधुबनी कलाकार व बिहार राज्य पुरस्कार से सम्मानित राज कुमार लाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर पटना नगर निगम एवं नमामि गंगे की ब्रांड एम्बेसडर नीतू कुमारी नवगीत भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। खादी बोर्ड के अधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा अनेक कला-प्रेमी नागरिकों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लेकर इसे गरिमा प्रदान की। इस आयोजन की प्रमुख आकर्षण रहीं -मधुबनी कलाकार सुप्रिया सिन्हा एवं सीमा द्वारा राखियों पर लाइव पेंटिंग, निशा पारसरमका द्वारा तैयार की गई आकर्षक हस्तनिर्मित राखियां थे। होप संस्था के ऑटिस्टिक बच्चों द्वारा बनाई गई राखियां, जो न केवल सुंदर और रचनात्मक हैं बल्कि किफायती दरों पर उपलब्ध भी हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ मधुबनी कलाकार व बिहार राज्य पुरस्कार से सम्मानित राज कुमार लाल ने कहा कि इस विशेष आयोजन की खास बात यह रही कि 'द होप' संस्था के बच्चों द्वारा बनाई गई राखियों की बिक्री के माध्यम से उन्हें रोजगार का अवसर प्रदान किया जा रहा है जिससे वे न केवल आत्मनिर्भर बन सकें, बल्कि समाज की मुख्यधारा से भी जुड़ सकें। यह पहल सामाजिक समावेश और सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

इस आयोजन ने मधुबनी कला की जीवंतता को सामने लाकर यह सिद्ध किया कि बिहार की पारंपरिक कलाएं आज भी नवाचार, आत्मनिर्भरता और सामाजिक प्रेरणा की आधारशिला बन सकती हैं। खादी मॉल का यह प्रयास न केवल संस्कृति और कारीगरी को बढ़ावा देता है, बल्कि राखी पर्व को एक सामाजिक, कलात्मक और मानवीय उत्सव में परिवर्तित करता है।

## मिथिला चित्रकला के कलाकार, मृणाल सिंह की सराहनीय कृति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार ललित कला अकादमी, पटना में आयोजित 2 अगस्त से तीन दिवसीय लोक चित्रकला प्रदर्शनी में मृणाल सिंह की प्रयोगात्मक चित्रकथा ने मुख्य चर्चा बटोरी। इनकी चित्रकला शैली विशिष्ट और महीन कचनी होने के कारण इन्हें अन्य कलाकारों से अलग पहचान देती है। इनका विषय 'पिया मोर बालक, हम तरुणी' नामक गीत था जिसे उन्होंने कागज पर चित्रांकित किया। यह गीत कवि कोकिल विद्यापति द्वारा रचित, मैथिल समाज का एक लोकप्रिय गीत है। महाकवि के इस वियोग प्रधान गीत में व्यथित युवती की अपने पति के स्नेह को पाने की व्याकुलता को दर्शाया गया है। इस कथाचित्र में गीत की तरुणी नायिका को अहम रूप से चित्रित करते हुए गीत की प्रमुख पात्रों जैसे 'बटोहिया', 'हाट के लोग', 'धेनु गाय' आदि को भी चित्रांकित किया गया, जो जीवंत अनुभव देता है। कलाकार ने विषय का विशेष अध्ययन करते हुए कथित कथाचित्र को भावनापूर्ण रूपरेखा दी है। उनकी व्याख्यान की शैली और चित्रकला को संगीत एवं परंपरा से जोड़ने के ढंग को प्रचुर सराहना मिली। प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि अशोक कुमार सिन्हा, अपर निदेशक (बिहार संग्रहालय) ने कलाकार की खूब प्रशंसा की। यहां आये हुए राज्य एवं राष्ट्रीय पुरस्कृत कलाकारों ने भी मृणाल को विशेष रूप से बधाईयां दीं।

# युद्धस्तर पर नहरों के अंतिम छोर तक सिंचाई का पानी पहुंचाने में जुटा विभाग

### नहरों में जमा गाद, पेड़-पौधे या स्ट्रक्चर की समस्याओं का जल्द होगा समाधान : संतोष कुमार मल्ल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार के कई इलाकों में औसतन 30 फीसदी से कम बारिश दर्ज की गई है। इसके मद्देनजर जल संसाधन विभाग ने किसानों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। राज्य के किसानों को सशक्त एवं संतुलित सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में जल संसाधन विभाग ने शनिवार को राज्यभर में सभी कार्यपालक अभियंताओं को अपने-अपने क्षेत्रीय कार्यालयों में सैकड़ों किसानों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर फीडबैक लेने का टास्क सौंपा। साथ ही विभाग ने अपने कमांड क्षेत्र की नहर प्रणालियों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की मुहिम भी शुरू कर दी। विभाग किसानों से प्राप्त सुझावों एवं समस्याओं का विश्लेषण करके भविष्य की कार्य योजनाओं को अधिक प्रभावी एवं किसान-हितैषी बनाने के प्रयासों में जुट चुका है। गया, रोहतास, पटना,औरंगाबाद, कैमूर समेत दक्षिण बिहार के जिन अन्य जिलों में नहर प्रणाली अच्छी है वहां के नहरों में जल्द पर्याप्त मात्रा में पानी मुहैया कराने का आदेश संबंधित अभियंताओं को विभाग ने दिया है। किसानों को पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया गया है। इस मामले में विभागीय प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने बताया कि इस साल 01 जून से 30 जुलाई के बीच 489 एमएम सामान्य वर्षा के विरुद्ध राज्य में 343 एमएम वर्षा हुई है। जो सामान्य वर्षा से 30 प्रतिशत कम है। इसके कारण किसानों को नहरों से पर्याप्त मात्रा में सिंचाई का पानी कैसे उपलब्ध कराया जाए, इसके लिए राज्यभर के किसानों के साथ शनिवार को बैठक कर उनसे फीडबैक लिया गया है। ताकि सोन, गंडक, कोशी, कमला, फल्गु, चांदन और किउल नदियों का पानी नहरों के माध्यम से किसानों तक पहुंचाया जा सके।

## स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में एक से 15 अगस्त तक चलेगा स्वच्छता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हाजीपुर।** आजादी का जश्न, स्वच्छता के संकल्प के साथ मनाने हेतु रेल मंत्रालय द्वारा सम्पूर्ण भारतीय रेल पर 01 से 15 अगस्त, 2025 तक स्वच्छता अभियान चलाये जाने का निर्णय लिया गया है। इस स्वच्छता अभियान के दौरान रेलवे स्टेशनों, प्लेटफॉर्मों, सर्कुलेटिंग एरिया तथा रेलवे पटरियों के आसपास साफ-सफाई तथा विशेष रूप से कचरों के निस्तारण पर विशेष अभियान चलाया जायेगा। स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत 01 से 03 अगस्त, 2025 तक रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवारों को स्वच्छता की शपथ दिलाई जाएगी तथा 04 अगस्त, 2025 से 'स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता' स्लोगन के साथ स्टेशनों, कॉलोनियों एवं कार्यालय में स्वच्छता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसी क्रम में पूर्व मध्य रेल के पांचों मण्डलों पर कर्मचारियों एवं अधिकारियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। रेलवे कर्मचारियों तथा उनके परिजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु 'स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत' नारे के साथ प्रातः स्वच्छता रथ/प्रभातफेरी निकाली गयी। साथ ही सभी मंडलों में स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया जो घूम-घूम कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे।

# पटना में 'बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी' का शुभारंभ

### तीज स्पेशल कलेक्शन के साथ आयोजित दो दिवसीय प्रदर्शनी में लोगों की भीड़ उमड़ी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राजधानी पटना के गांधी मैदान स्थित होटल मौर्या में आज 'बुटीक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी' के 37वें संस्करण का भव्य शुभारंभ हुआ। यह दो दिवसीय आयोजन देशभर से आए डिजाइनर्स के फेस्टिव और तीज स्पेशल कलेक्शन के साथ पटनावासियों के लिए फैशन, परंपरा और आधुनिकता का अनूठा अनुभव लेकर आया है। प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलन द्वारा संपन्न हुआ जिसमें विशिष्ट अतिथियों के रूप में संगीता नंदा (प्रथम उप-डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, लायंस क्लब इंटरनेशनल), सुषमा साहू (प्रवक्ता, भाजपा बिहार), प्रीति प्रिया (संस्थापक, भूमिहार महिला समाज), वीणा गुप्ता (पूर्व डिस्ट्रीक्ट गवर्नर, लायंस क्लब इंटरनेशनल एवं पूर्व अध्यक्ष, बिहार महिला परिषद), मोनिका सिंह, आकांक्षा श्री एवं 'बुटीक्स ऑफ इंडिया' के संस्थापक संजय अग्रवाल उपस्थित रहे। संजय अग्रवाल ने बताया पटना की सांस्कृतिक विरासत और फैशन के प्रति उत्साह को देखते हुए हम हर वर्ष कुछ नया लेकर आते हैं।

# 6 अगस्त से 20 सितम्बर तक घर-घर जाकर जमाबंदी और आवेदनों का होगा वितरण

### भूमि संबधी त्रुटियों के निष्पादन के लिए राज्यभर में चलेगा विशेष राजस्व महाअभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा आगामी 16 अगस्त से 20 सितंबर तक राज्यभर में एक विशेष राजस्व महाअभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य भूमि संबंधी मामलों में तीव्रता, पारदर्शिता एवं जनता को सुलभ सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस अभियान के अंतर्गत डिजिटाइज्ड जमाबंदियों की त्रुटियों में सुधार, छूटी हुई जमाबंदियों को ऑनलाइन करने, उत्तराधिकार नामांतरण और संयुक्त संपत्तियों के बंटवारा नामांतरण के लिए आवेदन लिए जाएंगे। इस दौरान राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की टीम घर-घर जाकर जमाबंदी की प्रति एवं आवेदन प्रपत्रों का वितरण करेगी। इसके बाद हल्का स्तर पर शिविर लगाकर आवेदन और दस्तावेजों का संकलन किया जाएगा। इस महाअभियान को सफल बनाने के लिए सभी स्तर के पदाधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों और सेवा संघों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना में आगामी 10 अगस्त (रविवार) को पूर्वाह्न 10:30 बजे से आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह करेंगे।

इस बैठक में बिहार प्रशासनिक सेवा संघ, बिहार राजस्व सेवा संघ, यूनाइटेड राजस्व सेवा संघ, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी संघ, मुखिया संघ, पंच-सरपंच संघ, ग्राम कचहरी सचिव संघ, पंचायत सचिव संघ, बिहार राजस्व अमीन संघ, बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ, भूमि सुधार कर्मचारी संघ (गोपगुट), बिहार राज्य जिला परिषद संघ, वार्ड सदस्य संघ और ग्राम कचहरी न्यायमित्र संघ के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। इस दौरान विभाग के वरीय अधिकारीगण भी मौजूद रहेंगे। बैठक में सभी आमंत्रित संगठनों एवं संघों से उनके सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे, ताकि इस अभियान का संचालन और अधिक सुदृढ़, समन्वित और प्रभावी तरीके से किया जा सके।

## खोया मोबाइल लौटा पुलिस ने 22 हजार 980 लोगों के चेहरे पर लौटाई मुस्कान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मोबाइल फोन आज की जीवनशैली का अभिन्न अंग बन गया है। किसी का मोबाइल फोन गुम होने या चोरी होने का मतलब है, उसकी तमाम जानकारी, सूचना, सहेजकर रखे दस्तावेजों समेत तमाम यादों या अन्य का गुम हो जाना है। पुलिस की तरफ से ऐसे खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन को खोजकर इसके वास्तविक मालिक तक पहुंचा रही है। ऑपरेशन मुस्कान नाम के इस अभियान के तहत पुलिस पिछले तीन वर्षों के दौरान 22 हजार 980 लोगों के चेहरे पर मुस्कान लौटा चुकी है।

नवबिहार टाइम्स
बोकारो, रविवार 3 अगस्त 2025

## संपादकीय

# पाकिस्तान का चेहरा फिर बेनकाब

अमेरिका की ओर से 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित किए जाने के बाद अब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक ताजा रपट ने इस तथ्य की सत्यता के आधार को और मजबूत कर दिया है। सुरक्षा परिषद की किसी रपट में पहली बार टीआरएफ का जिक्र किया गया है और साथ ही इस बात को भी माना है कि यह आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का ही एक मुखौटा है। इससे न केवल आतंक के खिलाफ लड़ाई में वैश्विक स्तर पर भारत के प्रयासों को बल मिला है, बल्कि पाकिस्तान एक बार फिर दुनिया के सामने बेनकाब हुआ है। यह इसलिए महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि पहलगाम हमले को अंजाम देने वाला आतंकी संगठन टीआरएफ ही था और उसने बाकायदा इसकी जिम्मेदारी भी ली थी। हालांकि, भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के बाद उसने किसी खास रणनीति के तहत अपना बयान वापस ले लिया था। सुरक्षा परिषद के इस कदम को भारत की कूटनीतिक सफलता के रूप में देखा जा रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत ने टीआरफ के नापाक मंसूबों को दुनिया के सामने उजागर किया था और अब सुरक्षा परिषद ने भी इस आतंकी संगठन को चिह्नित कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने पहलगाम हमले के बाद एक बयान जारी कर कहा था कि ऐसे घृणित आतंकवादी कृत्य के लिए जिम्मेदार अपराधियों, साजिशकर्ताओं, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को न्याय के कठघरे में लाना जरूरी है। हालांकि, पाकिस्तान के दखल के कारण उस बयान में टीआरएफ का जिक्र नहीं किया गया था। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने तब अपनी संसद में खुद यह दावा किया था कि उन्होंने सुरक्षा परिषद के बयान से टीआरएफ का नाम हटवा दिया है। दरअसल, पाकिस्तान की पहले से यह रणनीति रही है कि उसकी धरती पर फैल रहे आतंक के वृक्ष को वैश्विक स्तर पर चिह्नित नहीं होने दिया जाए। अब सुरक्षा परिषद की इस रपट में टीआरएफ का नाम आना यह साबित करता है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान की सच्चाई सामने आ रही है। साथ ही यह इस बात का भी संकेत है कि दुनिया आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान के दावों को किस नजरिए से देखती है। रपट में एक देश के उन दावों को भी खारिज कर दिया गया है कि लश्कर-ए-तैयबा निष्क्रिय हो चुका है। माना जा रहा है कि वह देश संभवतः पाकिस्तान ही है, क्योंकि यह बात छिपी नहीं है कि लश्कर-ए-तैयबा उसकी धरती पर ही फल-फूल रहा है। रपट में साफ कहा गया है कि पहलगाम आतंकी हमला लश्कर-ए-तैयबा के समर्थन के बिना संभव नहीं था और टीआरएफ तथा लश्कर-ए-तैयबा के बीच गहरे संबंध हैं। इस सब के बीच सवाल यह भी है कि क्या किसी आतंकी संगठन को वैश्विक स्तर पर चिह्नित कर देने से आतंकवाद पर अंकुश लग जाएगा? जाहिर है, इसके लिए संयुक्त प्रयासों को धरातल पर उतरना होगा और आतंकियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी होगी। इसमें दोराय नहीं कि आतंकवाद अब वैश्विक संकट बन चुका है और इससे निपटने के लिए उसकी जड़ों पर प्रहार करना जरूरी है। यह तभी संभव होगा, जब आतंकियों के साथ-साथ उनके वित्तपोषकों और प्रायोजकों को भी न्याय के कठघरे में लाया जाएगा।

**भारत तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों एवं स्वच्छ उर्जा को अपना रहा है, जिसके चलते लिथियम-आयन बैटरियों की मांग में काफी बढ़ोतरी हुई है। हालांकि इस बीच एक बड़ा मुद्दा उभरा है: बैटरी उत्पादन के लिए आयात की गई महत्वपूर्ण सामग्री पर देश की बढ़ती निर्भरता। विश्वस्तरीय आपूर्ति श्रृंखला को भू-राजनैतिक तनाव एवं कारोबार में उथल-पुथल के चलते मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में हमें अपने देश में ही बैटरी रीसायक्लिंग के लिए मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करना होगा। इस समाधान से न सिर्फ भारत की आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षित होगी बल्कि तेज़ी से विकसित होते विश्वस्तरीय उद्योग में आत्मनिर्भरता भी बढ़ेगी। कारोबार में तनाव एवं निर्यात पर नियन्त्रण के चलते दुनिया भर में बैटरी मटीरियल का मार्केट प्रभावित हुआ है। मौजूदा भू-राजनैतिक परिस्थितियां जैसे चीन का ईवी टैरिफ एवं निर्यात पर प्रतिबंधों के कारण वभिन्न देश अपनी आपूर्ति श्रृंखला का पुनःमूल्यांकन कर रहे हैं। वर्तमान में इस बाज़ार पर चीन का प्रभुत्व है, जो महत्वपूर्ण बैटरी सामग्री के 78 फीसदी हिस्से का नियन्त्रण करता है। चीन पर इतनी अधिक निर्भरता दुनिया भर में इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन, उर्जा संग्रहण प्रणाली एवं आधुनिक निर्माण पर गंभीर प्रभाव उत्पन्न कर सकती है।**

# रिसायक्लिंग-भारत को आपूर्ति श्रृंखला में आत्मनिर्भर बनाने के लिए सामरिक समाधान

(रजत वर्मा)



विश्वस्तरीय आपूर्ति श्रृंखला को भू-राजनैतिक तनाव एवं कारोबार में उथल-पुथल के चलते मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में हमें अपने देश में ही बैटरी रीसायक्लिंग के लिए मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करना होगा।

भारत तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों एवं स्वच्छ उर्जा को अपना रहा है, जिसके चलते लिथियम-आयन बैटरियों की मांग में काफी बढ़ोतरी हुई है। हालांकि इस बीच एक बड़ा मुद्दा उभरा है: बैटरी उत्पादन के लिए आयात की गई महत्वपूर्ण सामग्री पर देश की बढ़ती निर्भरता। विश्वस्तरीय आपूर्ति श्रृंखला को भू-राजनैतिक तनाव एवं कारोबार में उथल-पुथल के चलते मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में हमें अपने देश में ही बैटरी रीसायक्लिंग के लिए मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करना होगा। इस समाधान से न सिर्फ भारत की आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षित होगी बल्कि तेज़ी से विकसित होते विश्वस्तरीय उद्योग में आत्मनिर्भरता भी बढ़ेगी।

**विश्वस्तरीय आपूर्ति श्रृंखला की बाधाएं-** कारोबार में तनाव एवं निर्यात पर नियन्त्रण के चलते दुनिया भर में बैटरी मटीरियल का मार्केट प्रभावित हुआ है। मौजूदा भू-राजनैतिक परिस्थितियां जैसे चीन का ईवी टैरिफ एवं निर्यात पर प्रतिबंधों के कारण वभिन्न देश अपनी आपूर्ति श्रृंखला का पुनःमूल्यांकन कर रहे हैं। वर्तमान में इस बाज़ार पर चीन का प्रभुत्व है, जो महत्वपूर्ण बैटरी सामग्री के 78 फीसदी हिस्से का नियन्त्रण करता है। चीन पर इतनी अधिक निर्भरता दुनिया भर में इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन, उर्जा संग्रहण प्रणाली एवं आधुनिक निर्माण पर गंभीर प्रभाव उत्पन्न कर सकती है।

इन जोखिमों को कम करने के लिए भारत जैसे देशों को स्थानीय समाधान विकसित करने होंगे ताकि कच्चे माल के लिए आयात पर निर्भरता कम की जा सके। ऐसा करके भारत अपने बैटरी उद्योग को बाहरी झटकों एवं कीमतों के उतार-चढ़ाव से सुरक्षित रख सकता है। यह बेहद ज़रूरी है क्योंकि आने वाले समय में ईवी बैटरियों एवं नवीकरणीय उर्जा के विकास के कारण लिथियम, कोबाल्ट एवं निकल की मांग बढ़ने का अनुमान है।

**भारत में स्थानीय रिसायक्लिंग की आवश्यकता-** भारत ने स्वच्छ उर्जा भविष्य के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किए हैं, 2030 तक 100 मिलियन इलेक्ट्रिक वाहन बेचने की योजना है। इतने महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के बावजूद देश को बैटरी निर्माण के लिए लिथियम, कोबाल्ट और निकल का आयात भारी मात्रा में करना पड़ता है। इसी के मद्देनज़र बैटरी अपशिष्ट प्रबन्धन नियमों में एक्सटेंडेड प्रोड्युसर रिस्पॉन्सिबिलिटी (ईपीआर) को शामिल कर भारत ने स्थायित्व की दिशा में उल्लेखनीय कदम बढ़ाया है। राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन में रीसायक्लिंग एवं सैकण्डरी सोर्सेज़ (द्वितियक स्त्रोतों) को शामिल करने से इस दृष्टिकोण को और अधिक गति मिली है। स्थानीय स्तर पर रीसायक्लिंग का पैमाना बढाकर तथा इनोवेशन एवं आधुनिक मैनुफैक्चरिंग के द्वारा महत्वपूर्ण खनिजों की घरेलू मांग बढ़ाकर देश विकसित भारत के निर्माण की दिशा में तेज़ी से अग्रसर हो सकता है।

**रीसायक्लिंग है सामरिक समाधान-** अपने देश में ही रीसायक्लिंग सिस्टम बनाने से भारत को कई फायदे होंगे। स्थानीय स्तर पर बैटरी-ग्रेड मटीरियल उपलब्ध होने से भारत दुनिया भर के मार्केट में होने वाले उतार-चढ़ाव एवं कारोबार की बाधाओं से सुरक्षित रहेगा। इससे भारत के ईवी सेक्टर के विकास के लिए महत्वपूर्ण सामग्री की सुरक्षित एवं सतत आपूर्ति को सुनिश्चित किया जा सकेगा।

स्थानीय स्तर पर रीसायक्लिंग के द्वारा आपूर्ति श्रृंखला को अनुकूलित करने से आयात पर निर्भरता कम होगी। इससे देश को आर्थिक मजबूती मिलेगी। उदाहरण के लिए महत्वपूर्ण खनिजों के लिए आयात पर निर्भरता कम करके, भारत अपने कारोबार घाटे को कम कर सकता है और मुद्रा स्थिरता को सशक्त बना सकता है। इसके अलावा रीसायक्लिंग सिस्टम को मजबूत बनाने से, अन्य संबंधित क्षेत्रां जैसे लॉजिस्टिक्स, मैनुफैक्चरिंग, अनुसंधान एवं विकास को भी गति मिलेगी।

इसके अलावा विश्वस्तरीय निवेशक भी निवेश के स्थायी एवं प्रत्यास्थ अवसरों की ओर आकर्षित होते हैं, ऐसे में रीसायक्लिंग उद्योग को मजबूत बनाने से देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ेगा। भारत सर्कुलर इकोनोमी एवं स्थायित्व के विश्वस्तरीय रूझानों को अपनाकर हरित निवेश को आकर्षित कर सकता है।

**घरेलू क्षमता का बढ़ाना-** एक अनुमान के अनुसार दुनिया भर में लिथियम-आयन बैटरी रीसायक्लिंग का मार्केट 21 फीसदी सीएजीआर की दर से बढ़कर 2030 तक 24 बिलियन डॉलर के आंकड़े तक पहुंच जाएगा। भारत स्थानीय रीसायक्लिंग को बढ़ावा देकर इसमें बड़ी हिस्सेदारी हासिल कर सकता है। इस अवसर का लाभ उठाने के लिए नीति-निर्माताओं, इनोवेटर्स, शोध संस्थानों एवं उद्योग जगत के लीडरों को एक साथ मिलकर काम करना होगा।

**निम्नलिखत को मुख्य कार्यों में शामिल किया जाए:** विनियामक ढांचे को मजबूत बनानाः भारत सरकार को मौजूदा विनियमों जैसे बैटरी अपशिष्ट प्रबन्धन नियम, को मजबूत बनाना होगा। बड़े पैमाने पर अनौपचारिक रीसायक्लिंग सेक्टर को औपचारिक बनाने की आवश्यकता है। अधिक विनियमित प्रणाली न सिर्फ रिकवरी रेट में सुधार लाएगी बल्कि दीर्घकालिक निवेश को भी आकर्षित करेगी।

रीसायक्लिंग को प्रमुख उद्योग का दर्जा देनाः रीसायक्लिंग को अन्य उद्योगों जैसे मैनुफैक्चरिंग, या उर्जा के समकक्ष माना जाना चाहिए। ऐसा करने से भारत अपने घरेलु सर्कुलर इकोनोमी को तेज़ी से औपचारिक, मानकीकृत बना सकेंगे और इसका पैमाना बढ़ा सकेगा।

सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ानाः इस सिस्टम का पैमाना बढ़ाने और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए सरकारी एजेंसियों, निजी उद्यमों एवं शोध संस्थानों के बीच साझेदारी ज़रूरी है।

टेक्नोलॉजी के अडॉप्शन को बढ़ानाः आर एण्ड डी को समर्थन देना और इसे आर्थिक प्रोत्साहन देना ज़रूरी है। रीसायक्लिंग की आधुनिक तकनीकों में निवेश कर भारत मटीरियल रिकवरी रेट को बढ़ा सकता है और संचालन की लागत को कम कर सकता है।

**इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार-** आधुनिक रीसायक्लिंग सुविधाओं में निवेश ज़रूरी है। क्षेत्रीय रीसायक्लिंग हब, लॉजिस्टिक्स संबंधी मुश्किलों को हल कर सकते हैं और सुनिश्चित कर सकते हैं कि खत्म होने वाले बैटरियों को ठीक तरह से प्रोसेस किया जाए, जिससे आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। इस तरह के प्रयास देश के अपने रीसायक्लिंग सिस्टम में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं और भारत के स्थायी बैटरी प्रबन्धन में ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित कर सकते हैं। (लेखक संस्थापक एवं सीईओ, लोहम है)। यह लेखक के निजी विचार हैं।

# सिकुड़ रहीं नदियां व वेटलैंड, धरती की कोख भी प्यासी

(नवीन कुमार)

यमुना सिटी। देश-विदेश में प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया जा रहा है। गौतमबुद्ध नगर में भी संरक्षण के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन हकीकत कुछ और है। यहां यमुना और हिंडन दो नदियां हैं। जो अवैध निर्माण के कारण सिकुड़ती जा रही है। विकास व शहरीकरण के नाम पर खेती लगभग खत्म हो चुकी है। अधाधुंध भूजल दोहन से जल स्तर तेजी से गिर रहा है। काफी जगह पानी पीने लायक नहीं रहा है। वेटलैंड भी अनदेखी के शिकार हो रहे हैं। चारों तरफ कंक्रीट की इमारतें खड़ी हो चुकी हैं। पौधरोपण किया जा रहा है, परंतु पौधों के रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



**वेटलैंड के चारों तरफ अवैध निर्माण, पानी दूषित-** सूरजपुर वेटलैंड करीब 300 हेक्टेयर जमीन पर फैला हुआ है। हर वर्ष यहां पर बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षी पहुंचते हैं। पर्यटक भी काफी जाते है, लेकिन अनदेखी के कारण वेटलैंड पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इसके चारों तरफ अवैध निर्माण हो गया है। बड़ी-बड़ी बिल्डिंग व मकान बन गए हैं। जबकि एनटीजी ने 50 मीटर के दायरे में निर्माण पर रोक लगा रखी है। अब इन कॉलोनियों का गंदा पानी वेटलैंड में जा रहा है। गंदे पानी से हजारों पेड़ सूख गए। पिछले एक साल से दूषित पानी के लिए एसटीपी लगाने की कवायद चल रही है, लेकिन अब तक नहीं लग सका। वहीं धनौरी वेटलैंड का भी संरक्षण नहीं हो रहा है। पिछले एक साल से प्रस्ताव शासन स्तर पर अटका हुआ है।

**अवैध फार्म हाउस व मकानों से सिकुड़ी नदियां-** जिले में हिंडन और यमुना नदी सिकुड़ती जा रही है। आज से 30-40 वर्ष पहले जैसे स्वरूप नदियों का नहीं रहा है। यमुना के किनारे अवैध फार्म हाउस बन चुके हैं। वहीं हिंडन के किनारे अवैध कॉलोनी बस चुकी है।

**नदी का बहाव तक मोड़ा-** कई जगह नदी का बहाव तक मोड़ दिया गया है। यह सिलसिला अभी भी जारी है। नदियों को बचाने के लिए हर वर्ष जिला स्तर पर योजना बनती है। पेड़ लगाए जाते है, लेकिन अनदेखी से योजना असफल साबित हो रही है। कुछ साल पहले जल स्तर बढ़ने पर बड़ी संख्या में लोगों को बाहर निकाला गया। तब भी अवैध निर्माण को तोड़ने का दावा किया गया, लेकिन कुछ नहीं हुआ।

**गिर गया भूजल स्तर, पानी का संकट सिर पर-** नोएडा, ग्रेटर नोएडा से लेकर दादरी, जेवर आदि जगह पर तेजी से भूजल स्तर गिर रहा है। हर वर्ष एक मीटर तक भूजल स्तर गिरा है। पर्यावरणविदों का कहना है कि अगर यहीं हाल रहा तो दिल्ली की तरह लाइन में लगकर पानी लेना होगा। चिंताजनक स्थिति होने के बाद भी जल संरक्षण के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। बिल्डर प्रोजेक्टों पर अवैध तरीके से भूजल दोहन हो रहा है। सभी इमारतों के रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बंद है। वाटर रिचार्ज पर काम नहीं किया जा रहा है। गंगाजल आने के बाद भी प्राधिकरण पूरे शहर में भूजल की आपूर्ति कर रहा है।

**भूउपयोग बदलकर खड़ी की जा रहीं इमारतें** पर्यावरणविद विक्रांत तोंगड़ का कहना है कि जिले में खेती लगभग खत्म हो चुकी है। खेती से जुड़ाव भी कम हो गया है। भूउपयोग बदलकर कंक्रीट की इमारत खड़ी की जा रही है। इस कारण लोग भी प्रकृति से अलग हो चुके है। पहले नीम के पेड़ के नीचे बैठकर लोग समय गुजारते थे, लेकिन अब एसी का कमरा चाहिए। उसके बिना बैठ नहीं सकते है। नदियों का जल स्तर भी कम हो गया है। ग्रॉस लैंड भी नहीं बची है। पौधरोपण में विदेशी पौधों का उपयोग किया जा रहा है, जो कारगर नहीं है।

# मालेगांव से मंथन तक- सत्य की प्रतिष्ठा, साजिश की पराजय

**2008 में मालेगांव विस्फोट की दुर्भाग्यपूर्ण घटना को सत्ता की सियासत ने न्याय के विमर्श से हटा कर केवल एक राजनीतिक प्रयोगशाला बना डाला। जो भगवा युगों से त्याग, तपस्या और तेजस्विता का प्रतीक है, उसे आतंक का पर्याय ठहराने की कपटी कोशिश की गई। 'भगवा आतंकवाद' ये वो शब्द था, जिसे चुनावी लाभ के लिए कांग्रेस ने गढ़ा, मीडिया ने गाया और सियासत ने देश की आत्मा पर थोप दिया। इस जुमले में न केवल भाषा की मर्यादा टूटी, अपितु राष्ट्र की आत्मा भी आहत हुई। कांग्रेस की यह कुनीति कोई चूक नहीं थी, यह एक सुविचारित साजिश थी, भारत की मूल चेतना को कलंकित करने का षड्यंत्र था।**

(प्रणय विक्रम सिंह)

मालेगांव विस्फोट कांड में मुंबई की विशेष एनआईए अदालत द्वारा सभी सातों आरोपियों को बरी किया जाना 'सत्यमेव जयते' का सिंहनाद है। यह निर्णय वह ऐतिहासिक क्षण है, जब सत्य, अन्याय के शोरगुल के पार खड़ा होकर घोषणा कर रहा है कि मैं पराजित नहीं, केवल प्रतीक्षित था। यह निर्णय केवल अभियुक्तों की दोषमुक्ति नहीं, बल्कि एक षड्यंत्र के शमन और सनातन पर हुए संदेह के संहार का उद्घोष है।

यह उस सत्य की पुनर्प्रतिष्ठा है, जिसे कांग्रेस की कुटिल सत्ता ने साजिश, संदेह और सुनियोजित अपकीर्ति के अंधकार में कैद रखने का षड्यंत्र रचा था।

यह कांग्रेस के उस चरित्र का पर्दाफ़ाश है, जो सत्ता की सीढ़ियां चढ़ने के लिए न्याय को कुचलने, राष्ट्र को कलंकित करने और साधु-सैनिकों की संपूर्ण साधना को अपमानित करने से भी नहीं हिचकिचाया। यह एक दुस्साहसी दुष्चक्र के ध्वंस का आरंभ है।

**भगवा पर षड्यंत्र का भार-** 2008 में मालेगांव विस्फोट की दुर्भाग्यपूर्ण घटना को सत्ता की सियासत ने न्याय के विमर्श से हटा कर केवल एक राजनीतिक प्रयोगशाला बना डाला। जो भगवा युगों से त्याग, तपस्या और तेजस्विता का प्रतीक है, उसे आतंक का पर्याय ठहराने की कपटी कोशिश की गई।

'भगवा आतंकवाद' ये वो शब्द था, जिसे चुनावी लाभ के लिए कांग्रेस ने गढ़ा, मीडिया ने गाया और सियासत ने देश की आत्मा पर थोप दिया। इस जुमले में न केवल भाषा की मर्यादा टूटी, अपितु राष्ट्र की आत्मा भी आहत हुई।

कांग्रेस की यह कुनीति कोई चूक नहीं थी, यह एक सुविचारित साजिश थी, भारत की मूल चेतना को कलंकित करने का षड्यंत्र था। एक सोची-समझी रणनीति थी, जिसकी जड़ें देश के सांस्कृतिक मर्म को काटने के लिए बोई गई थीं।

राहुल गांधी ने अमेरिका के राजदूत से कहा था कि हिंदू आतंक लश्कर से भी बड़ा खतरा है क्या आज राहुल गांधी और कांग्रेस राष्ट्र से क्षमा मांगेंगे?





**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ललकार-** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस निर्णय को न केवल न्याय का उद्घोष कहा, बल्कि भारतविरोधी नैरेटिव के विध्वंस के रूप में देखा।मालेगांव विस्फोट प्रकरण में सभी आरोपियों का निर्दोष सिद्ध होना 'सत्यमेव जयते' की सजीव उद्घोषणा है। यह निर्णय कांग्रेस के भारत विरोधी, न्याय विरोधी और सनातन विरोधी चरित्र को पुनः उजागर करता है, जिसने 'भगवा आतंकवाद' जैसा मिथ्या शब्द गढ़कर करोड़ों सनातन आस्थावानों, साधु-संतों और राष्ट्रसेवकों की छवि को कलंकित करने का अपराध किया है। कांग्रेस को अपने अक्षम्य कुकृत्य को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करते हुए देश से माफी मांगनी चाहिए।

यह केवल मुख्यमंत्री का वक्तव्य नहीं, देश की संवेदनशील आत्मा की स्वरबद्ध उद्घोषणा है, जो कह रही है अब और नहीं।

**निर्दोषों की पीड़ा- साध्वी से सैनिक तक-** साध्वी प्रज्ञा ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल पुरोहित, मेजर रमेश उपाध्याय, सुधाकर चतुर्वेदी, समीर कुलकर्णी समेत सभी अभियुक्त, ये वे नाम हैं, जिन्होंने वर्षों तक जेल की सलाखों के पीछे सत्ता की सनक की कीमत चुकाई।

कठोर यातनाओं के चलते साध्वी प्रज्ञा का स्वास्थ्य चिरकालिक रूप से क्षतिग्रस्त हुआ। साध्वी प्रज्ञा आज भी जब बोलती हैं, उनकी आवाज में वह पीड़ा झलकती है जो एक राजनीतिक प्रहार और कूटनीतिक कारावास की परिणति है। एक महिला संन्यासिनी को हिंदू होने की सजा दी गई, उन्हें अदालतों में घसीटा गया, परिजन तोड़े गए, मनोबल मारा गया।

लेफ्टिनेंट कर्नल पुरोहित जो भारतीय सेना में आतंक-निरोधी अभियानों में सहभागी थे, देश के प्रति समर्पित फौजी थे, उन्हें बिना किसी ठोस साक्ष्य के 9 वर्षों तक सलाखों के पीछे रखा गया।

इन सबकी पीड़ा, उनके मौन, उनकी कराह और समाज की चुप्पी, यह भारत के लोकतंत्र पर अनुत्तरित प्रश्नचिह्न की भांति अटक गई थी।

आज निर्दोष साबित होने पर क्या कांग्रेस उनके खोए हुए सम्मान, जीवन के लुटे हुए वर्ष, और अपमानित अस्तित्व का प्रायश्चित कर सकती है? क्या कांग्रेस भारत की सभ्यता से यह कहेगी कि 'हां, हमने तुम्हें बदनाम किया, क्योंकि तुम्हारा भगवा हमें असहज करता था'?

इस ऐतिहासिक निर्णय में जब विशेष अदालत ने स्पष्ट कहा कि 'इन अभियुक्तों के विरुद्ध कोई विश्वसनीय प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया जा सका' तो यह केवल एक कानूनी टिप्पणी नहीं, बल्कि कांग्रेस की वैचारिक विफलता का अभिलेख है।

**निर्णय का समाज-राजनीति पर प्रभाव-** यह निर्णय वामपंथी मानस को झकझोरेगा और कांग्रेस जैसे दलों को यह सोचने पर विवश करेगा कि वोटबैंक की राजनीति के लिए देश की संस्कृति को बलि नहीं चढ़ाया जा सकता।

अब कांग्रेस को जवाब देना होगा कि उसने राजनीति के लिए राष्ट्रीय अस्मिता को क्यों नीलाम किया? वह क्यों चुप रही जब निर्दोषों की यातनाएं चीख रहीं थीं? वह क्यों धर्म के नाम पर न्याय को विभाजित कर रही थी? यह निर्णय 2024 के बाद कांग्रेस के वैचारिक ढांचे को और भी जर्जर करेगा।

यह फैसला मीडिया की उस प्रवृत्ति को भी कठघरे में खड़ा करता है जो 'इल्ज़ाम को ही इल्म समझती है।' खुद ही अदालत बन जाती है। टीआरपी की दौड़ में बिना जांच-पड़ताल किए किसी भी व्यक्ति के सम्मान और चरित्र का चरित्र कलंकित कर देती है।

अब आम नागरिक भी पूछेगा कि क्या खबरों की हेडलाइनों के नीचे छुपा सच कभी मीडिया के गिरेबान में झांकेगा !वर्षों तक केस खिंचने के बाद यह फैसला एक बात स्पष्ट करता है कि सत्य को जितना भी दबाया जाए, वह अंततः उग आता है। यह भारतीय न्याय व्यवस्था की उस संवेदनशील दृढ़ता का प्रमाण है, जो राजनीति की छाया से परे है।अब 'सत्यमेव जयते' केवल शिलालेख नहीं, संघर्ष और संकल्प का सजीव संदेश है। यह उन सबके लिए चेतावनी है, जो सत्ता की साजिश में सत्य को दफन करना चाहते हैं, जो सनातन के प्रतीकों को अपराध की भाषा में ढालना चाहते हैं, जो राष्ट्र की संस्कृति को वोटबैंक की बलि चढ़ा देना चाहते हैं।ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं

**सीवान मंडल कारा में बंदी की संदिग्ध मौत**

# रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या का दावा, परिजनों ने कहा- हत्या, जांच की उठी मांग

**नव बिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सीवान।** मंडल कारा, सीवान में बंद एक बंदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि 20 वर्षीय फैज अली उर्फ बिहारी ने जेल परिसर में रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। फैज को आनन-फानन में सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर, मौत की सूचना मिलते ही परिजन भड़क गए और शव को सड़क पर रखकर जमकर हंगामा किया।

**मुख्य सड़क पर रखा शव, दो घंटे तक रहा जाम**

शव मिलते ही मृतक के परिजन आक्रोशित हो उठे और सदर अस्पताल के बाहर मुख्य सड़क को शव रखकर जाम कर दिया। लगभग दो घंटे तक सड़क पर यातायात ठप रहा। इस दौरान परिजन जेल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर थाना इंस्पेक्टर राजू कुमार, मुफस्सिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार दास और महादेवा थाना प्रभारी निर्भय कुमार मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को शांत कराया। इसके बाद शव को हटवाकर सड़क पर यातायात सामान्य कराया गया।

**48 घंटे पहले ही गया था जेल, मौत ने खड़ा किया सवाल**

मृतक फैज अली मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मोहद्दीपुर गांव का रहने वाला था। उसे दो दिन पहले चोरी के एक मामले में जेल भेजा गया था। परिजनों ने बताया कि वह पूरी तरह स्वस्थ था और किसी तरह की बीमारी नहीं थी। फैज की गर्दन पर गहरा निशान था, जिसे देखकर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई। उनका आरोप है कि उसे साजिश के तहत मारकर फंदे से लटका दिया गया।

**जेलर का दावा: नशे का आदी था बंदी, मानसिक रूप से था परेशान**

जेल अधीक्षक देवाशीष सिन्हा ने बताया कि फैज ड्रग्स का आदी था और जेल में नशा नहीं मिलने के कारण मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। शुक्रवार शाम को उसकी तबीयत बिगड़ी, जिसके बाद जेल में ही उसका इलाज कराया गया। शनिवार सुबह उसने जेल परिसर में पेड़ के नीचे जाकर रस्सी से फांसी लगाने की कोशिश की। ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने उसे देख लिया और बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।

**परिजनों की मांग: हो न्यायिक जांच, जेल प्रशासन की भूमिका संदिग्ध**

मृतक के भाई और अन्य परिजनों ने पूरे मामले की न्यायिक जांच की मांग की है। उनका कहना है कि जेल में बंदियों के पास रस्सी नहीं होती, फिर फैज के पास रस्सी कहां से आई? यह सब सोची-समझी साजिश है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में आदिवासी महोत्सव की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** 9 अगस्त से 11 अगस्त तक होगा आदिवासी महोत्सव, 09 अगस्त को वन महोत्सव आदि कार्यक्रम किए जाएंगे आयोजित आदिवासी पारंपरिक नृत्य संगीत, ट्राइबल फैशन शो, नाट्य मंचन, कला, पारंपरिक वेशभूषा व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा बेहतरीन प्रदर्शन आदिवासी महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई, रंग-रोगन करने हेतु दिए गए आवश्यक निर्देश सभी संबंधित विभागों को बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए आदिवासी महोत्सव की तैयारियों को स-समय कराने का निर्देश समाहरणालय सभागार में आज जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव की अध्यक्षता में आदिवासी महोत्सव की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि आगामी दिनांक 09 अगस्त से 11 अगस्त तक आदिवासी महोत्सव मनाया जाएगा।

उपायुक्त ने आदिवासी महोत्सव की तैयारियों को लेकर सभी संबंधित विभागों को सभी व्यवस्थाओं और तैयारियों को स-समय पूरा करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने बताया कि 09 अगस्त को वन महोत्सव भी मनाया जाएगा, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन पर जोर देना है। वन महोत्सव के माध्यम से

**● दिए गए जरूरी दिशा-निर्देश**



वृक्षारोपण का कार्य किया जायेगा। इसके अलावा उपायुक्त ने कहा कि आदिवासी महोत्सव का आयोजन नगर भवन में किया जाएगा। जहां भव्यता पूर्ण आदिवासी महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। नगर भवन में आकर्षक सेल्फी प्वाइंट, फूड स्टॉल, बुक स्टॉल, स्वास्थ्य जांच शिविर, आदिवासी पारंपरिक नृत्य संगीत, ट्राइबल फैशन शो, नाट्य मंचन, कला, पारंपरिक वेशभूषा व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का बेहतरीन प्रदर्शन होगा। इसके अलावा उपायुक्त ने नगर निगम को निर्देशित किया कि आदिवासी महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई, रंग-रोगन आदि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी माननीय/स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रण पत्र देने निर्देशित किया। महोत्सव स्थल को आदिवासी संस्कृति की झलकियों से सजाया जायेगा, जिससे आगंतुकों को आदिवासी समाज की समृद्ध विरासत का अनुभव हो सकें। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए आदिवासी महोत्सव से जुड़ी सभी कार्यों को स-समय पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी वन प्रमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह, निदेशक डीआरडीए, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, डीपीएम जसलपीएस समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# उपायुक्त रामनिवास यादव ने एसएसएसजीडीएनएफ गर्ल्स हाई स्कूल का औचक निरीक्षण किया, दिए जरूरी दिशा-निर्देश

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त ने स्कूलों में शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति, नामांकन, पोषाहार, साफ-सफाई, शैक्षणिक गतिविधियों और आधारभूत संरचनाओं की स्थिति की समीक्षा की उपायुक्त ने बच्चों से संवाद किया, उनके अधिकार और दायित्व के संबंध में जानकारी दी, कहा सरकार बच्चों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रयासरत जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने आज एसएसएसजीडीएनएफ गर्ल्स हाई स्कूल, पचम्बा का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने स्कूलों में शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति, शैक्षणिक व्यवस्था, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, स्वच्छता और सुरक्षा, नामांकन, पोषाहार, साफ-सफाई और आधारभूत संरचनाओं की स्थिति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को



आवश्यक निर्देश दिए। इसके पश्चात उपायुक्त ने विद्यालय की साफ-सफाई एवं सौंदरीकरण का निरीक्षण कर विद्यालय में स्वच्छता एवं सुंदर वातावरण बनाए रखने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावा उपायुक्त ने नवी एवं दसवीं कक्षा का निरीक्षण कर बच्चों से उनके पठन-पाठन, उनके अधिकार एवं दायित्व के बारे में बातचीत की तथा कहा कि विद्यार्थियों का पहला कर्तव्य पढ़ाई करना है। उन्होंने कहा कि विद्यालय को स्वच्छ रखना आपकी प्राथमिक जिम्मेवारी होनी चाहिए, जिला प्रशासन आपके सर्वांगीण विकास को लेकर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुगम रूप से मिले। इसके अलावा उपायुक्त ने विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, बिजली, पेयजल की उपलब्धता, शौचालय की साफ-सफाई साइकिल वितरण एवं अन्य से संबंधित जानकारियां प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने शिक्षकों को शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कहा कि विद्यालय में शैक्षणिक माहौल बनाये रखें। उपायुक्त ने छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी शैक्षणिक समझ की जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों से भी बातचीत की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने छात्राओं से बात की और उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। उनके पढ़ने की गुणवत्ता की जांच की। विद्यालय के कार्यालय मे उपस्थिति पंजी सामग्री पंजी, शिक्षक डीटीपी इत्यादि की जांच की। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने का सार्थक प्रयास करे। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह, जिला शिक्षा पदाधिकारी व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पारंपरिक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया सावन महोत्सव



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बरनवाल महिला समिति गिरिडीह के द्वारा बरनवाल सेवा सदन गिरिडीह में शनिवार को सावन महोत्सव का कार्यक्रम बड़े ही पारंपरिक एवं उत्साह पूर्ण वातावरण में धूमधाम से मनाया गया जिसमें समाज की काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं महोत्सव की शुरूआत समिति कि अध्यक्षा श्रीमती ललिता बरनवाल तथा कार्यकारिणी सदस्य के द्वारा महाराजा अहिबरणजी की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण से हुई। कार्यक्रम की शुरूआत में समिति सदस्य रेनू बरनवाल ने गणेश वंदना नृत्य पेश कि। सरिता बरनवाल, अनीता बरनवाल, निशा बरनवाल तथा समाज के अन्य कई महिलाओं के द्वारा आकर्षक नृत्य पेश किये गए। राधा और कृष्ण की जोड़ी ने सभी का मन मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान एक लकी ड्रॉ भी निकल गया तथा क्विज प्रश्नोत्तरी में विजयी महिलाओं को कई सारे आकर्षक पुरस्कार दिए गए। महोत्सव में उपस्थित महिलाएं काफी उत्साहित थीं तथा सभी ने एक दूसरे को सावन की बधाई दी महिला समिति के अध्यक्षा श्रीमती ललिता बरनवाल ने कहा की यह महोत्सव का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं है बल्कि यह आपसी जुड़ाव और अपनी सांस्कृतिक विरासत को सशक्त करता है। उन्होंने सभी महिलाओं से अपील की कि इस सावन को सिर्फ झूलों और गीतों तक सीमित न रख इसे नारी शक्ति के उत्सव के रूप में मनाएं महोत्सव को सफल बनाने में सरिता बरनवाल, सीमा बरनवाल, ज्योति बरनवाल, सुनीता बरनवाल, सोनी बरनवाल, कविता बरनवाल, रेनू बरनवाल, रिंकी बरनवाल, नीलू बरनवाल, रंजीता बरनवाल, रेखा बरनवाल रश्मि बरनवाल, किरण बरनवाल, शकुंतला बरनवाल, तथा समाज के अन्य कई महिलाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।सावन महोत्सव का कार्यक्रम बड़े ही पारंपरिक एवं उत्साह पूर्ण वातावरण में धूमधाम से मनाया।

# मदर्स इंटरनेशनल अकादमी में पितृ प्रेम की बयार, बच्चों ने बांधा समां

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मदर्स इंटरनेशनल अकादमी, पटना के भव्य सभागार में शनिवार को 'पितृ दिवस' धूमधाम से मनाया गया और माहौल ऐसा बना मानो खुद खुशियाँ बच्चों की हथेलियों में उतर आई हों. पिता और बच्चों के रिश्ते की वो मासूम, मजबूत और भावनात्मक डोर कार्यक्रम की हर प्रस्तुति में झलकती रही। पिता की मुस्कान, बच्चों की धमाल और सभागार में तालियों की गूंज ने माहौल को पूरी तरह उत्सवमय बना दिया. बच्चों ने स्वागत गान से लेकर अंग्रेजी-हिंदी भाषण, कविताएँ, नृत्य और गेम्स तक ऐसी प्रस्तुतियाँ दीं कि पिताओं की आँखें खुशी से नम हो गईं। इनायत, हयात, हर्षिता, आशिया, कनक, अलिशा, तैयबा, अराध्या, वैष्णवी, वन्या, वारदा, सफा, अतीफा, अनुष्का, प्रेरणा, फातिमा, जोया, प्रिया, अदीबा, आरव, अदनान, ओमैर, असद, मुज्तबा, सक्षम, असीम, आसिफ, आहिल जफर, कबीर दिवान, अबू हमजा, ऐयान खान, शाबिक, शाबिर खान, दिव्यांश राय, आबुश अंजुम, अकिफा मरियम, राधा, आयेशा परवीन, नाबीद, आरिश, माज, काशिफ, अल्तमश सहित अन्य बच्चों की प्रस्तुतियाँ एक से बढ़कर एक रहीं। कहीं कविता में पिता छाँव बनकर उभरे तो कहीं अभिनय में वो बन गए घर की चुपचाप रीढ़. बच्चों ने बता दिया कि उनके लिए पापा सिर्फ अव्वल नहीं, इमोशन हैं, इंस्पिरेशन हैं, और सबसे बड़े सुपरहीरो हैं।



# एस. डी. भी. पब्लिक स्कूल में सावन की हरियाली में महक उठी माताओं-बेटियों की सहभागिता, मेंहदी रची हथेलियों ने बिखेरे उत्सव के रंग

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नत्थूपुर रोड स्थित एस. डी. भी. पब्लिक स्कूल, कुरथौल के प्रांगण में शनिवार को सावन की फुहारों संग सावन महोत्सव का रंगारंग आयोजन किया गया. हरी चूड़ियों, रंग-बिरंगे परिधानों और रची-रची हथेलियों से स्कूल परिसर उत्सव के रंग में पूरी तरह सराबोर दिखा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के उप-निदेशक अनिल कुमार, प्राचार्य सुरेन्द्र कुमार और उप-प्राचार्य सुरेश कुमार पाण्डेय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। महोत्सव में विद्यालय की कक्षा पंचम से द्वादश तक की छात्राओं ने अपनी माताओं के साथ पूरे उत्साह और उल्लास के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत उप-प्राचार्य सुरेश कुमार पाण्डेय के आशीर्वचनों और श्रावण मास के शास्त्रीय महत्व की व्याख्या से हुई. उन्होंने बताया कि श्रावण मास में ही समुद्र मंथन हुआ था और विषपान के उपरांत शिव को जलाभिषेक द्वारा शांत किया गया, जिसके स्मरण में आज भी यह परंपरा निभाई जाती है। सावन महोत्सव में मुख्य आकर्षण रही मेंहदी प्रतियोगिता, जिसमें छात्राओं ने अपनी माताओं व बहनों की हथेलियों पर भावनाओं और कल्पनाओं की खूबसूरत बेलें सजाई. रंगों की इस रोमांटिक अभिव्यक्ति में क=इ की साक्षी प्रिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# नगवां जानीपुर में दो मासूमों की हत्या के विरोध में लोजपा (रा) ने जांच दल गठित किया

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पटना जिले के जानीपुर थाना क्षेत्र के नगवां गांव में घर में आग लगाकर दो मासूम बच्चों अंजली और अंश की हत्या की घटना को लेकर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने कड़ा रुख अपनाया है. पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग

**● नगवां गांव में पहुंची पार्टी की जांच टीम ने परिवार वालों से की मुलाकात**



मंत्री चिराग पासवान के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने 9 सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है जो 2 अगस्त 2025 को घटनास्थल का दौरा कर पीड़ित परिवार से पूरी जानकारी हासिल की और न्याय का भरोसा दिलाया। इस जांच दल का नेतृत्व प्रदेश प्रधान महासचिव संजय पासवान ने किया. पार्टी ने इसी कमेटी को कोतवाली थाना क्षेत्र के कमला नेहरू नगर में रिया पासवान के साथ पुलिस द्वारा की गई मारपीट के मामले की भी जांच का जिम्मा सौंपा है। जांच दल में संजय पासवान, विष्णु पासवान, डॉ अजय कुमार, सिगांत ग्रुणाल उर्फ प्रिंस ग्रुणाल पासवान, शंकर शर्मा, सुरेश पासवान( प्रदेश महासचिव), दिलीप यादव, आदित्य पांडेय और लाल बाबू पासवान शामिल हैं। प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने कहा कि यह घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है और दोषियों को सख्त सजा दिलाने के लिए पार्टी सड़क से सदन तक आवाज उठाएगी।

# उपायुक्त रामनिवास यादव द्वारा पिंडाटांड़ वादगत स्थल पर ही कैंप कोर्ट का संचालन

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लैंड सीलिंग अपील केस नंबर 1/2023-24 ललिता देवी बनाम राज्य एवं अन्य में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, श्री रामनिवास यादव द्वारा केस की स्पष्ट एवं तथ्यात्मक निर्णय हेतु आज मौजा पिंडाटांड़ वादगत स्थल पर ही कैंप कोर्ट का आयोजन किया गया तथा उक्त स्थल का निरीक्षण किया गया एवं उभय पक्ष को सुना गया एवं उनके द्वारा दायर दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के क्रम में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण का मामला सामने आया, उक्त स्थल का उपायुक्त ने निरीक्षण किया तथा सरकारी भूमि पर सूचना पट्ट लगाने का निर्देश दिया। स्थल पर अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह, सदर अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी, पचम्बा, कोर्ट प्रेसकार, राजस्व कर्मचारी, अमीन संबंधित पंचायत के मुखिया सांसद प्रतिनिधि उप मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।



# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में संकुलस्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता संपन्न

**गरिडीह/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बरगंडा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शनिवार को संकुलस्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता संपन्न हुई।मुख्य अतिथि पूर्व छात्र जेपीएससी सफल 60वाँ स्थान प्राप्त प्रिंस सिन्हा, प्रधानाचार्य आनंद कमल एवं अजीत मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर एवं पुष्प अर्पित कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।मौके पर प्रिंस सिन्हा ने कहा कि पढ़ाई करने का कोई शॉर्टकट तरीका नहीं है। हमें सदैव अध्ययनशील रहना चाहिए। बाल्यकाल में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की वंदना सभा एवं आचार्यो का मार्गदर्शन हमारे जीवन को काफी प्रभावित किया है। विद्यालय द्वारा प्राप्त सम्मान से अपने आप को मैं गौरवांवित महसूस कर रहा हूं।प्रधानाचार्य आनंद कमल ने प्रिंस सिन्हा को अंगवस्त्र और गीता भेंटकर सम्मानित किया। कहा कि विद्यालय में आज विद्या भारती योजनानुसार संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता शिशु,बाल,किशोर एवं तरुण चार वर्गो में संपन्न हुआ।संस्कृति बोध,संस्कृत, अंग्रेजी,विज्ञान,संगणक और वैदिक गणित में प्रथम एवं द्वितीय विजेता प्रतिभागी हजारीबाग विभागस्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में शामिल होंगे जो आगामी 23और 28अगस्त को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा में आयोजित है।विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।।इस प्रतियोगिता में भलपहरी शिशु मंदिर के बच्चे भी उपस्थित हुए।प्रतियोगिता को सफल बनाने में समस्त आचार्य-दीदी का सराहनीय योगदान रहा।



# मेंहदी रची हथेलियों ने बिखेरा उत्सव का रंग

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नत्थूपुर रोड स्थित एस. डी. भी. पब्लिक स्कूल, कुरथौल के प्रांगण में शनिवार को सावन की फुहारों संग 'सावन महोत्सव' का रंगारंग आयोजन किया गया. हरी चूड़ियों, रंग-बिरंगे परिधानों और रची-रची हथेलियों से स्कूल परिसर उत्सव के रंग में पूरी तरह सराबोर दिखा. कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के उप-निदेशक अनिल कुमार, प्राचार्य सुरेन्द्र कुमार और उप-प्राचार्य सुरेश कुमार पाण्डेय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया. महोत्सव में विद्यालय की कक्षा पंचम से द्वादश तक की छात्राओं ने अपनी माताओं के साथ पूरे उत्साह और उल्लास के साथ भाग लिया. कार्यक्रम की शुरूआत उप-प्राचार्य सुरेश कुमार पाण्डेय के आशीर्वचनों और श्रावण मास के शास्त्रीय महत्व की व्याख्या से हुई.

# कला संगम के सावन महोत्सव में सुगम संगीत की मचेगी धूम

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गिरिडीह में शास्त्रीय संगीत के पुरोधा गुरु वीरेंद्र नारायण सिंह की स्मृति में कला संगम की ओर से 3 अगस्त की शाम को अधिवक्ता संघ भवन के सभागार में आयोजित सुगम संगीत कार्यक्रम में शाम सुरों की महफिल सजेगी। कला संगम के सचिव सतीश कुंदन ने बताया कि संगीत समारोह का उद्घाटन सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्रीकांत यशवंत विस्पुते करेंगे। मौके पर विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री चंद्रमोहन प्रसाद, संरक्षक राजेन्द्र बगड़िया, सतविन्दर सिंह सलूजा, अजय कुमार सिन्हा, डॉ विकास लाल, श्रेयांस जैन एवं चुन्नूकांत उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय कलाकार केडिया बंधु का सितार सरोद युगलबंदी मुख्य आकर्षण होगा।

गुरु नयन दीप सिन्हा ठुमरी गायन प्रस्तुत करेंगे। तबले पर संगत करेंगे मशहूर तबला वादक रविशंकर सिंह। हारमोनियम में संगीत गुरु अरित चंद्रा गजलों का जलवा बिखेरेंगे। संगीत साधक राजीव रंजन, अजय शिवानी सावन की शमां बांधेंगे। बांसुरी की धुन से महफि ल सजायेंगे राम कुमार सिन्हा। उभरता हुआ युवा कलाकार शाश्वत मंजर्वे अपनी गायकी प्रस्तुत करेंगे। हारमोनियम पर संगत करेंगे गुरु वीरेंद्र नारायण सिंह के सुपुत्र दया शंकर सिंह। गायन की शामा को सजाएंगे दिवानंद प्रसाद। कुछ उभरते हुए कलाकार, बच्चियाँ जो भजन गाकर महफि ल को भक्ति मय करेंगे।

# संगठन के सृजन में लगी है कांग्रेस : जीपी पटेल

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक शनिवार को न्यू परिषदन भवन में हुई बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धनंजय सिंह ने किया। इस बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री और जिले के पर्यवेक्षक जीपी पटेल मौजूद थे बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि संगठन सृजन 2025 का वर्ष चल रहा है इस जिले में प्रखंड कमेटी गठन के बाद पंचायत कमेटी गठन करनी है प्रदेश के निदेर्शानुसार 15 अगस्त तक इसे पूर्ण करनी है, उन्होंने बैठक में मौजूद प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड पर्यवेक्षक को निर्देशित किया है कि समय का ख्याल रखते हुए इसे पूर्ण करें और इस जिले में कांग्रेस पार्टी की जो पुरानी जनाधार थी आप सबके सहयोग से पुणे वापस करनी है जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह ने कहा कि जिले के सभी पंचायत में हमारी संगठन फिर से खड़ी होगी हमारी प्रखंड कमेटी बन गई है मंडल कमेटी बन गई है अब पंचायत कमेटी और बुथ लेवल एजेंट का कार्य समय के पूर्व करनी है। पंचायत कमेटी के सदस्यों को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष सतीश केडिया, प्रदेश सचिव अजय सिन्हा ,उपेंद्र सिंह, ऋषिकेश मिश्रा, अशोक विश्वकर्मा ,मदन लाल विश्वकर्मा, प्रोफेसर मंजूर अंसारी , नेसांब अहमद, अहमद राजा नूरी, निरंजन तिवारी ,अभिनंदन सिंह, निजामुद्दीन, नागेश्वर मंडल, मोतीलाल शास्त्री, कपिल देव राय,राज किशोर सिंह, इकबाल अंसारी ,मुरली मंडल ,चंद्रशेखर सिंह, शब्बीर खान, योगेश्वर महथा,राजेश तुरी, सुनील राय, बलराम यादव,अमित सिन्हा,समीर राज चौधरी,दिनेश बिष्कर्मा सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# राज्य सरकार या केंद्र सरकार की योजना मिली है या नहीं माले इस विषय को संज्ञान में लेगा

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाकपा माले की प्रखंड कमिटी की बैठक महुआडांड़ मेंसम्पन्न,चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार बी एल ओ बनाने के लिए है बैठक शुक्रवार को भाकपा माले के गिरिडीह प्रखण्ड कमीटी की बैठक प्रखण्ड कार्यालय महुआटांड़ में हुई. बैठक बुथ लेवल एजेंट ( बी एल ओ ) की भाकपा माले के द्वारा बहाल किए जाने को लेकर हुई,बैठक में सभी साथियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया. बैठक में बी एल ओ का चयन किया गया और फार्म भरा गया. बैठक में सरकारी योजनाओं से वंचित लाभुकों की सूची बनाई गई. बैठक में भूमिहीन व्यक्तियों की सूची बनाई गई बैठक की अगुवाई भाकपा माले के जिला कमीटी सदस्य कॉमरेड कन्हाय पाण्डेय, प्रखण्ड सचिव कॉमरेड मसूदन कोल्ह, सनातन साहु, किशोर राय, लखन कोल्ह, धनेश्वर कोल्ह, डीलचंद कोल्ह, राजन तुरी, प्रसादी राय, भीम कोल्ह, सुनील ठाकुर, राजेश कुमार दास, विजय दास और भिखारी राय उपस्थित थे,इधर नगर कमिटी के सचिव और जिला कमिटी के सदस्य राजेश सिन्हा ने कहा कि चुनाव आयोग ने झारखंड में चुनाव करवाने के पहले सभी बूथ पर राजनीतिक पार्टियों को बी एल वो बनाने की बात कही है,यह वही सोच है जो बिहार में चुनाव आयोग किया है,भाकपा माले हरेक बूथ पर जल्द से जल्द बनाएगा,ताकि वोट की चोरी भविष्य में हो नहीं सके,हरेक बूथ पर माले मजबूती से रहेगा।



## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 2.7 अरब डॉलर बढ़ा

- 698.192 अरब डॉलर पर पहुंचा आंकड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 25 जुलाई को समाप्त के दौरान 2.703 अरब डॉलर बढ़कर 698.192 अरब डॉलर हो गया। पिछले रिपोर्टिंग सप्ताह में समग्र भंडार 1.183 अरब डॉलर घटकर 695.489 अरब डॉलर रह गया था। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।



**विदेशी मुद्रा आस्तियां बढ़कर 588.926 अरब डॉलर हो गई**– आंकड़ों के अनुसार विदेशी मुंद्र भंडार का एक प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.316 अरब डॉलर बढ़कर 588.926 अरब डॉलर हो गईं। विदेशी मुद्रा आस्तियों में डॉलर के मुकाबले यूरो, पाउंड और येन जैसी अन्य मुद्राओं के उतार–चढ़ाव का भी असर शामिल होता है।

**स्वर्ण भंडार बढ़कर 85.704 डॉलर हो गया**– आरबीआई ने बताया कि इस सप्ताह के दौरान सोने का भंडार 1.206 अरब डॉलर बढ़कर 85.704 अरब डॉलर हो गया। केंद्रीय बैंक ने कहा कि स्पेशल ड्रॉइंग राइट्स (एसडीआर) 126 मिलियन डॉलर बढ़कर 18.809 अरब डॉलर हो गया। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत की आरक्षित स्थिति भी 55 मिलियन डॉलर बढ़कर 4.753 अरब डॉलर हो गई।

## क्रेडिट ग्रोथ को बढ़ावा देने रेपो रेट में हो सकती है 25 आधार अंकों की और कटौती

### एसबीआई रिपोर्ट में दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) आगामी 5 से 7 अगस्त को होने वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में रेपो दर में 25 आधार अंकों (बीपीएस) की कटौती की घोषणा कर सकता है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अगस्त में दरों में एकमुश्त कटौती से ऋण वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा, जिससे जल्दी दिवाली जैसी फीलिंग आ सकती है, क्योंकि वित्त वर्ष 2026 का त्योहारी सीजन शुरू हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले आंकड़े एक स्पष्ट रुझान




दिखाते हैं कि दिवाली से पहले रेपो दर में किसी भी कटौती से त्योहारी अवधि के दौरान ऋण वृद्धि में इजाफा हो सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, हमें उम्मीद है कि आरबीआई अगस्त की नीति में 25 आधार अंकों की कटौती के साथ आगे बढ़ना जारी रखेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगस्त 2017 में रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती से दिवाली के अंत तक 1,956 अरब रुपये की वृद्धिशील ऋण वृद्धि हुई। इसमें लगभग 30 प्रतिशत योगदान व्यक्तिगत ऋणों का था। रिपोर्ट में कहा गया कि दिवाली, भारत के सबसे बड़े त्योहारों में से एक है इस कारण, इस मौके पर उपभोक्ता खर्च में वृद्धि दिखती, और दिवाली से पहले कम ब्याज दर का माहौल ऋण मांग को बेहतर बनाने में मदद करता है।

# कार खरीदने से डर रहे हैं लोग जुलाई में बिक्री में आई कमी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** त्योहारी सीजन से पहले कार बाजार में सुस्ती दिख रही है। जुलाई में कारों की बिक्री कम रही। टाटा मोटर्स, हुंडई, टोयोटा और होंडा जैसी बड़ी कंपनियों की बिक्री में गिरावट आई है। देश की सबसे बड़ी ऑटो कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया की बिक्री लगभग स्थिर रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा और किआ की बिक्री बढ़ी है। लेकिन, कार बाजार में अभी भी निराशा का माहौल है। जानकारों का कहना है कि मांग में कमी है। इसकी कई वजहें हैं। जैसे दुनिया भर में तनाव, अमेरिका द्वारा लगाए गए टैक्स का डर और आईटी सेक्टर में नौकरियों में कटौती। इन सब कारणों से लोग कार खरीदने से डर रहे हैं।



देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति का कहना है कि अभी मांग कमजोर है। लेकिन कंपनी को उम्मीद है कि त्योहारी सीजन में बिक्री बढ़ेगी। मारुति के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (मार्केटिंग एंड सेल्स) पार्थो बनर्जी ने कहा कि ओवरऑल कार इंडस्ट्री बढ़ नहीं रही है। यह अच्छा संकेत नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि लोगों के लिए कार खरीदना मुश्किल हो रहा है। खासकर छोटी कारों की बिक्री नहीं बढ़ रही है। उन्हें उम्मीद है कि त्योहारों के दौरान सुधार के संकेत दिखाई देंगे।

### बिक्री बढ़ाने का प्लान

हुंडई की घरेलू बिक्री में 10 प्रतिशतकी गिरावट आई है। कंपनी का कहना है कि हाल के महीनों में मांग में कुछ कमी आई है। हुंडई के डायरेक्टर और सीओओ तरुण गर्ग ने कहा, हम त्योहारी सीजन की शुरुआत को लेकर आशावादी हैं और पूरी तरह से तैयार हैं। हमारे पास कारों की अच्छी सप्लाई है और हम नए मॉडल भी पेश करेंगे। कार कंपनियां मांग बढ़ाने के लिए नई कारें लॉन्च करने की योजना बना रही हैं। स्वीडन की लग्जरी कार कंपनी वोल्वो ने अपनी सबसे ज्यादा बिकने वाली एसयूवी ङ्गष्60 का नया मॉडल लॉन्च किया है। इसकी कीमत 72 लाख रुपये (एक्स–शोरूम) है।

## छंटनी नहीं, पर रोजगार बाजार संकट में; बेरोजगारी की मौजूदा दर महामारी को छोड़ 2012 के बाद सर्वाधिक




नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिका में रोजगार की तलाश में भारत और चीन समेत कई देशों से लोग एच–1 बी वीजा पर नौकरियां पाने के प्रयास में जुटे है, लेकिन अमेरिकी रोजगार बाजार धीरे–धीरे कमजोर हो रहा है। यह व्यापक छंटनी के रूप में नहीं दिख रहा क्योंकि बेरोजगारी दर अभी भी कम है। उससे भी आगे यह स्पष्ट दिखने लगा है कि नए कॉलेज स्नातक अमेरिकी रोजगार बाजार में जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। 22 से 27 वर्ष के कॉलेज स्नातकों के लिए बेरोजगारी दर मार्च में 5.8 प्रतिशततक पहुंच गई है।

डाटा फर्म फैक्टसेट के पूर्वानुमानकर्ताओं के एक सर्वेक्षण के मुताबिक, बेरोजगारी की यह दर महामारी को छोड़कर, 2012 के बाद से सबसे ज्यादा है। यह अमेरिकी राष्ट्रीय बेरोजगारी दर से कहीं अधिक है। नौकरियों में बने कई अमेरिकी फिलहाल नई खोज के लिए तैयार नहीं हैं क्योंकि उनके लिए बाजार में जगह सिमट चुकी है। सिर्फ कुछ ही उद्योग वास्तव में आक्रामक रूप से भर्तियां कर रहे हैं। लेकिन उन पर नौकरियों में बने पुराने लोगों का भरोसा नहीं है। सर्वेक्षण के अनुसार, जब श्रम मंत्रालय भारतीय समयानुसार शनिवार को अपनी जुलाई की रोजगार रिपोर्ट जारी करेगा, तो यह पता चल सकेगा कि कंपनियों, सरकारी एजेंसियों ने गत माह कितनी नौकरियां जोड़ीं।

## ट्रंप ने अमेरिका के टॉप रईसों को दिया 50 अरब का झटका



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों से शुक्रवार को अमेरिका शेयर बाजार में भारी गिरावट आई। यह मई के बाद एक दिन में आई सबसे बड़ी गिरावट थी। इससे अमेरिका के टॉप अरबपतियों की नेटवर्थ में भारी गिरावट आई। दुनिया के 10 टॉप अरबपतियों में नौ अमेरिका के हैं। शुक्रवार की गिरावट से उनकी नेटवर्थ में करीब 50 अरब डॉलर की गिरावट आई। सबसे बड़ा झटका ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस को लगा। कंपनी के शेयरों में गिरावट से उनकी नेटवर्थ 17.2 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 237 अरब डॉलर रह गई। वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक दुनिया के सबसे बड़े रईस और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क को 4.03 अरब डॉलर का फटका लगा। उनकी नेटवर्थ में इस साल 80.5 अरब डॉलर की गिरावट आई है। इसके बावजूद वह 352 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ अमीरों की लिस्ट में पहले नंबर पर बने हुए हैं। ओरेकल के फाउंडर लैरी एलिसन की नेटवर्थ में शुक्रवार को 9.94 अरब डॉलर की गिरावट आई और वह 295 अरब डॉलर के साथ दूसरे नंबर पर बने हुए हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में सबसे ज्यादा 102 अरब डॉलर की तेजी आई है।

## इंडसइंड बैंक की बढ़ेंगी मुश्किलें जांच पर एमसीए ले सकता है फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्राइवेट सेक्टर के इंडसइंड बैंक की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सीएनबीसी की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय को जांच के दौरान कई तरह की गड़बड़ी मिली है। ऐसे में अब एमसीएइस मामले को जांच महानिदेशालय को सौंपने पर विचार कर रहा है। इसके अलावा गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय को भी मामला सौंपा जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो यह बैंक के लिए बड़ी मुश्किल हो जाएगी। हालांकि, बैंक को इस संबंध में एमसीए से कोई सूचना नहीं मिली है। बता दें कि बैंक पहले से ही आरबीआई, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के अलावा भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान सहित कई प्राधिकरणों की जांच के दायरे में रहा है।




### जून तिमाही के नतीजे

इंडसइंड बैंक का जून, 2025 को समाप्त तिमाही का मुनाफा 72 प्रतिशत घटकर 604 करोड़ रुपये रहा है। बैंक ने एक साल पहले इसी अवधि में 2,171 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया था। इंडसइंड बैंक को मार्च, 2025 तिमाही में 2,329 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में बैंक की कुल आय घटकर 14,420.80 करोड़ रुपये रह गई, जबकि इससे एक साल पहले इसी तिमाही में यह 14,988.38 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन अवधि में मुख्य शुद्ध ब्याज आय भी 5,408 करोड़ रुपये से घटकर 4,640 करोड़ रुपये रह गई। हालांकि शुल्क और अन्य आय में अपेक्षाकृत सीमित गिरावट हुई, और यह आंकड़ा सालाना आधार पर 2,442 करोड़ रुपये से घटकर 2,157 करोड़ रुपये रहा। इंडसइंड बैंक का सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति अनुपात जून, 2025 में बढ़कर 3.64 प्रतिशत हो गया, जो मार्च, 2025 में 3.13 प्रतिशत था, लेकिन तिमाही आधार पर प्रावधान 2,522 करोड़ रुपये से घटकर 1,760 करोड़ रुपये रह गया। बता दें कि इंडसइंड बैंक खराब कर्ज की पहचान करने और वायदा-विकल्प खंड में कथित अनियमितताओं से जूझ रहा है।

## कॉलेज के दो दोस्तों ने जॉब ऑफर ठुकराकर शुरू किया आपना काम, अब करोड़ों की कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुमंत प्रभु और निखिल भास्कर की जोड़ी ने कमाल की सफलता हासिल की है। वे कर्नाटक के शिमोगा जिले के रहने वाले हैं। मिडिल क्लास फैमिली से ताल्लुक रखने वाले इन दोनों की इंजीनियरिंग की पढ़ाई के वक्त दोस्ती हुई थी। दोनों दोस्तों ने तभी अपने कारोबार को खड़ा करने का सपना देखा था। इस सपने को पूरा करने के लिए सुमंत और निखिल ने कॉलेज प्लेसमेंट के दौरान जॉब ऑफर तक ठुकरा दिए। आज वे बेंगलुरु-बेस्ड एडटेक स्टार्टअप किडवेंटो एजुकेशन एंड रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड के मालिक हैं। कंपनी में 150 इम्प्लॉयी काम करते हैं। यह वेंचर 8 करोड़ रुपये के टर्नओवर के साथ सफलता की नई बुलंदियों को छू रहा है। उनकी कंपनी ने उलिप्सू नाम के एक ओटीटी-जैसे लर्निंग प्लेटफॉर्म को लॉन्च किया है।



### इंजीनियरिंग कॉलेज में हुई मुलाकात

सुमंत प्रभु (दाएं) और निखिल भास्कर की दोस्ती उनके इंजीनियरिंग कॉलेज के पहले साल में ही शुरू हो गई थी। दोनों को पढ़ने के साथ पढ़ाने का भी शौक था। उन्होंने जल्दी ही स्कूलों में प्रायोगिक विज्ञान और गणित की कार्यशालाएं आयोजित करना शुरू कर दिया। इन कार्यशालाओं को व्यवस्थित करने के लिए उन्होंने ष्ट्रञ्चध्ङ्क नाम की एक कंपनी बनाई।

### जॉब ऑफर ठुकराने का लिया रिस्क

अपने कॉलेज के अंतिम साल में सुमंत और निखिल दोनों को कैंपस प्लेसमेंट से दो–दो आकर्षक जॉब ऑफर मिले। सुमंत को जिंदल स्टील और टीडी पावर सिस्टम्स लिमिटेड से ऑफर मिले थे। वहीं, निखिल को जिंदल स्टील और टीसीएस ने ऑफर किया था। लेकिन, अपने उद्यमिता के जुनून को पूरा करने के लिए उन्होंने ये सभी ऑफर ठुकरा दिए। 2014 में दोनों ने वेस्टो एजुकेशन सॉल्यूशंस एलएलपी नाम की एक कंपनी शुरू की। उस समय वे शिमोगा में एक छोटे से कमरे में रहते थे। उनका पहला बड़ा क्लाइंट मंगलौर का एक स्कूल था। इसने 7–10 कार्यशालाओं के लिए 51,000 रुपये का पेमेंट किया।

## टाटा पावर का शुद्ध लाभ जून तिमाही में छह फीसदी बढ़ा, राजस्व बढ़कर 17464 करोड़ पहुंचा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा पावर का समेकित शुद्ध लाभ जून तिमाही में छह प्रतिशत बढ़कर 1,262 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने पिछले साल 1,189 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। तिमाही के दौरान कंपनी का राजस्व बढ़कर 17,464 करोड़ रुपये हो गया। यह एक साल पहले 16,810 करोड़ रुपये था। कंपनी को यह लाभ मुख्य रूप से नवीकरणीय ऊर्जा के साथ–साथ पारेषण और वितरण कारोबार से प्राप्त राजस्व में बढ़ोतरी के कारण हुआ। टाटा पावर के सीईओ और प्रबंध निदेशक प्रवीर सिन्हा ने कहा कि हमने अपने सभी व्यावसायिक क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन के साथ वित्त वर्ष 26 की शानदार शुरुआता की है। हमारा नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है, क्योंकि हम स्वच्छ ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में नवाचार, पैमाने और दक्षता को बढ़ावा दे रहे हैं।

### शराब कंपनी के क्यू1 रिजल्ट ने किया निवेशकों को गदगद

## 52 वीक हाई पर भाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक तरफ बाजार में आज भारी गिरावट देखने को मिली है। तो वहीं कुछ कंपनियों के शेयर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उसी में एक कंपनी रेडिको खेतान है। कंपनी के शेयरों का भाव बीएसई में 7 प्रतिशत से अधिक चढ़ गया। कंपनी का शेयर बीएसई में 2774.65 रुपये के लेवल पर खुला था। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 7 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ 2941.40 रुपये के लेवल तक पहुंच गया। रेडिको खेतान का यह 52 वीक हाई है। आज लगातार चौथा कारोबारी दिन था जब कंपनी के शेयरों में तेजी देखने को मिली।



### कंपनी ने जारी किए तिमाही नतीजे

इस शराब बनाने वाली कंपनी ने 31 जुलाई को तिमाही नतीजों का ऐलान किया था। कंपनी ने दी जानकारी में कहा है कि उनका नेट प्रॉफिट 131 करोड़ रुपये रहा है। जोकि सालाना आधार पर 75 प्रतिशत बढ़ा है। एक साल पहले इसी तिमाही में रेडिको खेतान का प्रॉफिट 75 करोड़ रुपये ही था। कंपनी ने दी जानकारी में कहा है कि रेवन्यू (ऑपरेशन्स एडवांस) 25 प्रतिशत के इजाफे के बाद 5314 करोड़ रुपये रहा है।

### मुकुल अग्रवाल के पास कितना शेयर

दिग्गज निवेशक मुकुल अग्रवाल के जून तिमाही तक कंपनी का 1.05 प्रतिशत हिस्सा था। उनके पास 14 लाख शेयर हैं। बता दें, मुकुल अग्रवाल के पोर्टफोलियो में बीएसई, पीटीसी इंडस्ट्रीज, नुवामा वेल्थ मैनजेमेंट, एलटी फूड्स जैसे स्टॉक भी शामिल हैं।

### यूक्रेन जंग के बाद रूस से कच्चा तेल खरीदना भारत के लिए फायदे का सौदा

## अब ट्रंप को लग रही मिर्ची

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रूसी तेल खरीद पर आपत्ति जताते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बतौर जुर्माना अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा की तो यह एकदम बिजली गिरने जैसा ही लगा। हालांकि, भारत दबाव की रणनीति के आगे झुकता नहीं दिख रहा। वैसे भी रूस उसका पुराना रणनीतिक सहयोगी रहा है। यही वजह है कि तीन साल पहले यूक्रेन पर हमले के बाद जब पश्चिमी देशों ने रूस को सबक सिखाने के लिए उससे तेल खरीदना लगभग पूरी तरह बंद कर दिया, तो भारत ने न केवल खरीद जारी रखी, बल्कि प्रमुख खरीदार बन गया।

रूस को वित्तीय नुकसान पहुंचाने और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को दंडित करने के अमेरिका और यूरोप के प्रयासों ने तेल की कीमतों को काफी नीचे ला दिया। भारत ने इसे अच्छा मौका समझा और इसे लपक लिया। भारत और रूस का लंबा व्यापारिक इतिहास रहा है, और ऊर्जा व्यापार इस रिश्ते में आसानी से फिट बैठता है। रूस के पास इसका विशाल भंडार है और भारत को इसके आयात की बहुत ज्यादा जरूरत है। तीन वर्ष पहले यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद उसका तेल भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो गया। फरवरी, 2022 के शुरू में भारत के कच्चे तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी केवल 0.2 प्रतिशत थी। यूरोपीय बाजारों के दरवाजे बंद होने के बाद रूस से भारत को समुद्री निर्यात बढ़ने लगा।



### दोनों देशों को मिल रहा फायदा

तेल का यह सौदा दोनों देशों के लिए फायदेमंद रहा है। रूस को कच्चा तेल यूरोपीय संघ की ओर से निर्धारित सीमा के तहत 60 डॉलर प्रति बैरल की कीमत पर बेचने का मौका मिला। भारत ने छूट पर खरीदा। उसकी तेल कंपनियों ने कुछ तेल घरेलू खपत के लिए रिफाइन किया। बाकी को डीजल व अन्य उत्पादों के रूप में निर्यात किया। कुछ हिस्सा यूरोप को भी निर्यात किया गया। विदेशी आयात पर कम भुगतान अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा रहा, जिससे भारत की मुद्रा सुरक्षा बढ़ी।

### अमेरिका को कितना निर्यात

भारत, अमेरिका को सीधे कच्चा तेल नहीं, बल्कि रिफाइंड उत्पाद निर्यात करता है। यूएस एनर्जी इंफॉर्मेशन एडमिनिस्ट्रेशन (आईए) के अनुसार भारत ने 2024 में अमेरिका को लगभग 2.5 मिलियन मीट्रिक टन रिफाइंड पेट्रोलियम उत्पाद भेजे, जो उसके कुल रिफाइंड उत्पाद निर्यात का लगभग 3 से 5 प्रतिशतथा। इनमें मुख्यत: डीजल और एटीएफ शामिल थे।

विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका भले ही रूसी तेल पर सीधे प्रतिबंध लगाए हुए है, लेकिन वह भारत से आने वाले परोक्ष रूप से रूसी ऑरिजिन उत्पादों को रोक नहीं रहा है, क्योंकि वे तकनीकी रूप से रिफाइंड इन इंडिया माने जाते हैं।

**60–70 मिलियन टन रिफाइंड पेट्रोलियम उत्पाद निर्यात**– भारत प्रमुख रिफाइनिंग हब है, जहां रिलायंस (जामनगर), नायरा, आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल जैसे प्रतिष्ठान उच्च क्षमता वाली रिफाइनरियों का संचालन करते हैं।

भारत 2024–25 में कुल 60–70 मिलियन टन रिफाइंड पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात कर रहा है। इनमें से बड़ी मात्रा में डीजल, पेट्रोल और एयर टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) शामिल हैं। विशेषज्ञों के अनुसार रूस से सस्ते कच्चे तेल को रिफाइन कर भारत पश्चिमी देशों को नॉन–रशियन ऑरिजिन के रूप में भेजता है।

# बाथरूम में फिसले मंत्री

## एयर लिफ्ट से दिल्ली रेफर, हालत नाजुक

### सिर में आयीं गंभीर चोटें



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**घाटशिला।** झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा, साक्षरता एवं निबंधन विभाग के मंत्री और घाटशिला विधायक रामदास सोरेन शनिवार सुबह घोड़ाबांधा स्थित अपने आवास के बाथरूम में फिसलकर गिर गए। उनके सिर में गंभीर चोट आई।

उन्हें जमशेदपुर से एयर एंबुलेंस के माध्यम से बेहतर इलाज के लिए दिल्ली भेज दिया गया है।

शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के ब्रेन क्लाट होने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें एयर लिफ्ट कर दिल्ली ले जाया गया। मंत्री के संग उनके बड़े पुत्र सोमेश सोरेन, बहरागोड़ा के पूर्व विधायक सह झामुमो के प्रवक्ता कुणाल सारंगी भी दिल्ली गए हैं। इसके अलावा जमशेदपुर से डॉक्टर की एक टीम मंत्री रामदास सोरेन के संग ही दिल्ली गई है। आनन-फानन में उनके परिजन उन्हें टाटा मोटर्स अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उनका इलाज शुरू किया।

बताया गया कि अब उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची से दिल्ली ले जाने की तैयारी चल रही है। उन्हें रांची से एयरलिफ्ट करके दिल्ली ले जाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है।

# थाना प्रभारी ने ली बच्चों की क्लास, दिखी पुलिसिंग की मिसाल

### शिक्षकों की कमी से पढ़ाई हो रही थी बाधित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जहां नक्सलियों के शहीद सप्ताह के दौरान मनातू जैसे संवेदनशील इलाके में डर व सन्नाटा पसरा रहता है, वहीं शुक्रवार को एक अलग तस्वीर सामने आई।

मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव पुलिस गश्त पर निकले थे। स्कूली बच्चों को बाहर खेलता एवं दौड़ता देख अचानक गाड़ी रोक दी। पता चला कि शिक्षकों की कमी के कारण पढ़ाई बाधित हो रही है। यह हाल मनातू प्रखंड मुख्यालय स्थित कार्तिक उरांव प्लस टू उवि का था। थाना प्रभारी विद्यालय प्रबंधन से अनुमति ले वे खुद क्लास लेने कक्षा में चले गए। उन्होंने केमेस्ट्री का क्लास लिया। विद्यार्थियों को केमिकल रिएक्शन, अणु संरचना और समाधान विज्ञान से जुड़े विषयों की व्याख्या करते हुए बताया कि केमिस्ट्री को सरल और रोचक तरीके से कैसे समझा जा सकता है।

दरअसल प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों का 28 जुलाई से शुरू शहीद सप्ताह तीन अगस्त तक चलेगा। इस दौरान माओवादी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का प्रयास करते हैं। इसलिए पुलिस गश्त बढ़ा दी जाती है। मनातू कभी माओवादियों का अति प्रभाव वाला क्षेत्र माना जाता था।

इस स्कूल में लगभग 640 बच्चे नामांकित हैं, लेकिन शिक्षकों की भारी कमी है। यह वही स्कूल है जहां माओवादी पोस्टर चिपकाकर अक्सर फरमान जारी करते हैं। ऐसे माहौल में थाना प्रभारी द्वारा पहुंचकर पढ़ाना ने केवल शिक्षा के प्रति संवेदनशीलता जताती है, बल्कि सुरक्षा के भाव को भी दुरुस्त करता है।

बताते चलें कि निर्मल उरांव बीएड डिग्रीधारी हैं और पहले भी कई मौकों पर स्कूलों में पढ़ाते देखे गए हैं। वे पिछले डेढ़ साल से मनातू थाना प्रभारी के रूप में तैनात हैं और नक्सल विरोधी अभियानों के साथ-साथ सामाजिक पुलिसिंग के लिए भी चर्चित हैं।

# पत्नी को मारपीट कर घर में किया बंद, प्राथमिकी

### पानी मांगी तो पेशाव पिलाया, मायके से मांगने को कह रहा पांच लाख रुपये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मरकच्चो (कोडरमा)।** मध्य प्रदेश के सिहोर जिले में विवाहिता के साथ मारपीट कर पेशाब पिलाने की घटना की पुनरावृति झारखंड में भी देखने को मिली है। कोडरमा जिले के मरकच्चो थाना क्षेत्र की एक 27 वर्षीया महिला के साथ मारपीट कर उसके पति ने पेशाब पिला दिया है।

महिला ने यह आरोप अपने पति पर लगाते हुए शुक्रवार को मरकच्चो थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में महिला ने कहा कि उसकी शादी हिंदू रीति रिवाज के साथ 2022 में मरकच्चो प्रखंड की उत्तरी पंचायत स्थित ब्लाक पर सोनू साव, पिता स्वर्गीय वासुदेव साव के साथ हुई थी।

आवेदन में बताया है कि शादी होने के 10 माह तक सब ठीक-ठाक रहा। उसके बाद उनका पति सोनू साव जो बेरोजगार है, कारोबार के लिए पांच लाख नगद रुपये अपने मां-बाप से मांग कर लाने को कहने लगा। जब महिला ने कहा कि उसके पिताजी गरीब हैं, वह नहीं दे पाएंगे तो प्रताड़ना शुरू हो गई।

पति उसके साथ मारपीट करने लगा। 27 जुलाई को शाम 4 बजे पति ने उससे कहा कि रक्षाबंधन में तुम अपने मायके जा रही हो तो अपने मां-बाप से पांच लाख रुपये मांग कर लेती आना। इस पर उसने असमर्थता जताई तो पति ने उसे कमरे में बंद कर मारपीट की। कमरे में बंद वह प्यास से तड़पने लगी।

जब उसने पानी मांगा तो पति ने उसे पेशाब पिला दिया। महिला ने यह भी बताया कि इसके पूर्व भी सोनू उसके साथ मारपीट करता हुआ छत पर से नीचे धकेल दिया था। इससे उसके दोनों पैर टूट गए थे। बाद में ग्रामीण स्तर पर समझौता कर मामले को निपटा दिया गया था।

दिए गए आवेदन में महिला ने मरकच्चो थाना प्रभारी से न्याय की गुहार लगाई है। वहीं दूसरी ओर आरोपित सोनू साव ने पत्नी के सारे आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि उसकी पत्नी बेबी कुमारी शादी में दिए गए 2.5 लाख के जेवर और उनकी मां के भी कुछ जेवर लेकर घर से निकल गई है। पुलिस मामले की जांच की रही है। ज्ञात हो कि मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में एक महिला ने अपने पति पर आरोप लगाया था कि पति ने उसे पेशाब पीने के लिए मजबूर किया।

पति ने उसके साथ मारपीट भी की है। आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया था।

# कांग्रेस झारखंड में 77% आरक्षण लागू करने के पक्ष में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के नेता प्रदीप यादव ने आज घोषणा की कि पार्टी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण की सीमा बढ़ाने के लिए अपना संघर्ष तेज करेगी। यादव ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस झारखंड में 77% आरक्षण लागू करने के पक्ष में है।

यादव ने जोर दिया कि यह कदम राज्य में सामाजिक समानता और वंचित तबकों के सशक्तिकरण के लिए बेहद आवश्यक है। यादव ने तर्क दिया कि उच्च आरक्षण से समाज के पिछड़े वर्गों को शिक्षा और सरकारी नौकरियों में उनका उचित प्रतिनिधित्व मिल पाएगा, जिससे समावेशी विकास सुनिश्चित होगा।

यादव ने इस अवसर पर भाजपा पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, ₹अगर आजादी के बाद भाजपा का शासन होता, तो आज हमें बोलने तक नहीं दिया जाता।₹ यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकारें अक्सर आरक्षण जैसे संवेदनशील सामाजिक मुद्दों पर स्पष्ट रुख अपनाने से बचती हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा केवल वोट बैंक की राजनीति में विश्वास रखती है, जबकि कांग्रेस वास्तविक सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है।

अपनी मांगों को पूरा करने और सरकार पर दबाव बनाने के लिए, कांग्रेस 6 अगस्त को सुबह 11:30 बजे से राजभवन के सामने एक विशाल प्रदर्शन आयोजित करेगी। इस विरोध प्रदर्शन का उद्देश्य बढ़े हुए ओबीसी प्रतिनिधित्व के प्रति पार्टी की अडिग प्रतिबद्धता को उजागर करना और इस मुद्दे पर केंद्र सरकार के उदासीन रवैये को चुनौती देना है। हालांकि विपक्षी इसे राजनीतिक स्टंट बता रहे हैं।

चर्चा में रहने के लिए कांग्रेस अपनी सरकार में ही आंदोलन करती है। जनता के हित से इनका कोई सरोकार नहीं है। आरक्षण संविधान और न्यायालय के अनुसार ही तय हो सकता है। जबकि कांग्रेस का मानना है कि 77% आरक्षण से ही झारखंड में हाशिए पर पड़े समुदायों को उनका हक मिल पाएगा और राज्य में एक मजबूत व समावेशी समाज का निर्माण हो सकेगा।

# आदिवासी महोत्सव को ले उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक

## 9 अगस्त को जिला स्तर पर आयोजित होगा आदिवासी महोत्सव



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आज उपायुक्त आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में आदिवासी महोत्सव 2025 के सफल आयोजन को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 9 अगस्त को जिला स्तर पर भव्य रूप से आदिवासी महोत्सव आयोजन हेतु रूपरेखा तय की गई तथा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम के विभिन्न आयामों जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम, पारंपरिक खेलकूद, स्थानीय कलाकारों की भागीदारी, सुरक्षा व्यवस्था, आमंत्रण, प्रचार-प्रसार एवं अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आदिवासी महोत्सव जनजातीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन का एक सशक्त माध्यम है, जिसे जनसहभागिता से सफल बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। बैठक में पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक आईटीडीए, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# स्कूल छोड़ शिक्षकों का पार्टी मनाने का वीडियो वायरल

### शिक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**केरेडारी (हजारीबाग)।** प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेलतू में शिक्षा व्यवस्था की अनदेखी का मामला सामने आया है, जहां विद्यालय के 16 शिक्षकों में से 14 शिक्षक एक ही दिन शैक्षणिक कार्य छोड़कर शादी समारोह में चले गए। यह घटना 7 फरवरी 2025 की बताई जा रही है, जिसका वीडियो अब इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

सूत्रों के अनुसार, उस दिन विद्यालय के प्रधानाचार्य नंदू रविदास आकस्मिक अवकाश पर थे। उनके अवकाश के दौरान विद्यालय के कार्यालय में ताला जड़ दिया गया और मात्र दो शिक्षकों को छोड़ बाकी 14 शिक्षक शादी समारोह में शामिल होने चले गए।

यह घटना तब उजागर हुई, जब विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष रिंकी देवी को उनके पद से हटाने की साजिश की भनक लगी। इस मुद्दे को लेकर लंबे समय से लीपापोती की जा रही थी। विद्यालय में लगभग एक हजार छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। ऐसे में इतने बड़े पैमाने पर शिक्षकों की गैरमौजूदगी ने शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

प्रधानाध्यापक नंदू रविदास कहना है कि वो उस दिन छुट्टी पर थे और अन्य शिक्षकों की गतिविधियों की जानकारी उन्हें नहीं थी।

वही ने भी इस मामले से अनभिज्ञता जाहिर की है। प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी विवेक कुमार ने कहा कि वायरल वीडियो की सत्यता की जांच की जाएगी और से विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# अमेरिका में नौकरी दिलाने के नाम पर करोड़ों की उगाही

### मानव तस्करी का भी मामला आया सामने, पांच गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले के टाटीझरिया थाना क्षेत्र से अमेरिका में नौकरी दिलाने के नाम पर करोड़ों की ठगी और मानव तस्करी का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। मामला अंतरराष्ट्रीय गैंग से जुड़ा है, जो लोगों को फर्जी तरीके से विभिन्न देशों के माध्यम से अमेरिका भेजा करता है। जिसमें कई देश के लोग शामिल हो सकते हैं। भारत में भी इसका नेटवर्क काम कर रहा है।

इस मामले में टाटीझरिया थाना कांड संख्या 32/25 के अंतर्गत अमेरिका निवासी उदय कुमार कुशवाहा समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरोह डंकी रूट के माध्यम से युवाओं को अवैध रूप से अमेरिका भेजने में संलिप्त था। इस बाबत एक प्रेस वार्ता कर एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि टाटीझरिया के भराजो निवाशी सोनू कुमार, ने थाना में दर्ज शिकायत में बताया कि उदय कुशवाहा ने अमेरिका में नौकरी दिलाने का झांसा देकर वर्ष 2024 में उसे तथा दो अन्य युवकों विकाश कुमार (दर्शन प्रसाद का बेटा) और पिंटू कुमार (निवासी जरगा) को मोटी रकम लेकर अपने गैंग के माध्यम से दिल्ली से ब्राजील के लिए फ्लाइट में बैठाया। वहां से उन्हें डंकी रूट से चोरी-छिपे कई देशों से होते हुए मैक्सिको तक पहुंचाया गया और अंततः अमेरिका के सैन डिएगो बॉर्डर पर अमेरिकी सीमा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जान बचाकर भारत पहुंचे सोनू ने बताया कि अमेरिका में प्रवेश दिलाने के नाम पर उदय कुशवाहा ने पिता से लगभग 45 लाख की रकम वसूली, जिसे उन्होंने अपनी पैतृक जमीन बेचकर चुकाया। पैसा उदय के सहयोगियों चोहान प्रसाद, शंकर प्रसाद, लालमोहन प्रसाद और दर्शन प्रसाद को दी गई थी।

जानकारी दी कि ब्राजील में गैंग के लोग उसे बंधक बनाकर रख लिया था। इसके बाद पैसा भेजने की बात कही। किसी तरह पैसे दिए तो फिर विभिन्न देश होकर जैसे ही अमेरिका बॉर्डर पहुंचा अमेरिका में गिरफ्तार हो गया। उन्होंने बताया कि अमेरिका में चार महीने तक अमेरिकी डिटेंशन सेंटर में बंद रहा और मार्च 2025 में भारत डिपोर्ट कर दिया गया। वापस आने पर जब उसने अपना पैसा मांगने का प्रयास किया, तो उसे उदय कुशवाहा और चोहान प्रसाद ने मारपीट कर धमकाया। इसके बाद सोनू ने डर के मारे टाटीझरिया थाना में लिखित शिकायत दी। इसके बाद पूरा फजीर्वाड़ा का खुलासा हुआ। बताया कि एक दर्जन से अधिक लोगों को ये लोग फर्जी तरीके से अमेरिका भेज चुके हैं।

# आकांक्षा हाट का आयोजन 5 अगस्त से कचहरी मैदान में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत खूंटी जिले को कृषि, स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसे तीन प्रमुख मानकों पर बेहतर प्रदर्शन के लिए ब्रॉन्ज मेडल से सम्मानित किया जाएगा।

इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में आकांक्षा हाट एवं सम्मान समारोह का आयोजन कचहरी मैदान, खूंटी में किया जाएगा। पूर्व में यह आयोजन 2, 3 एवं 4 अगस्त 2025 को निर्धारित था, लेकिन अपरिहार्य कारणों से अब इसे 5, 6 एवं 7 अगस्त 2025 को आयोजित किया जाएगा।

तीन दिवसीय आयोजन के दौरान आकांक्षी मानकों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले फ्रंटलाइन वर्कर्स को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न स्टॉल्स की स्थापना की जाएगी।

यह आयोजन भारत सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप भव्य, सुव्यवस्थित एवं जनोपयोगी रूप में संपन्न कराया जाएगा। आकांक्षा हाट के माध्यम से स्थानीय शिल्प, उत्पाद एवं स्वदेशी प्रयासों को एक सशक्त मंच प्रदान किया जाएगा, जिससे जिले की आर्थिक एवं सांस्कृतिक पहचान को बल मिलेगा।

### शव को जिंदा करने के लिए घंटों प्रार्थना

**चतरा।** वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के पैनी गांव में अंधविश्वास की एक ऐसी घटना सामने आई। जिसे देखकर हर कोई अचंभित था। मृत बेटे को जीवित करने के लिए सात घंटों तक प्रभु यीशु की विशेष प्रार्थना होते रही।

इस विशेष प्रार्थना में मृतक की मां, चाचा, चाची, बुआ-फूफी व अन्य रिश्तेदार शामिल थे। बुधवार को सुबह सात बजे से लेकर दोपहर दो बजे तक प्रभु यीशु की प्रार्थना कर जिंदा करने का ढोंग रचते रहे।

# ऑपरेशन नारकोस के तहत रंगे हाथ गांजा तस्कर गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रांची ने नशीले पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन नारकोस के तहत 30 जुलाई 2025 को रांची रेलवे स्टेशन पर एक अहम सफलता हासिल की। कार्रवाई के दौरान गांजा तस्करी में लिप्त एक तस्कर को रंगे हाथ पकड़ा गया, जो चेकिंग के दौरान बैग छोड़कर भागने की कोशिश कर रहा था।

कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर पोस्ट कमांडर रांची के नेतृत्व में स्टेशन परिसर में विशेष जांच अभियान चलाया गया। इसी दौरान शाम को प्लेटफॉर्म संख्या एक-ए पर एक संदिग्ध व्यक्ति भारी पिट्ठू बैग के साथ बैठा मिला।

आरपीएफ कर्मियों द्वारा पूछताछ किए जाने पर वह घबरा गया और अपना बैग छोड़कर ट्रैक की ओर भागने लगा। आरपीएफ टीम ने सतर्कता और तत्परता दिखाते हुए उसे ट्रैक पर ही दौड़ाकर पकड़ लिया और दोबारा घटना स्थल पर लाया गया।

पकड़े गए व्यक्ति की पहचान भूपेश कुमार (उम्र 37 वर्ष), पिता ललन सिंह, फतेहपुर निवासी थाना राघोपुर, जिला वैशाली (बिहार) के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसके बैग में गांजा है, जिसे भूरे रंग के प्लास्टिक में लपेटकर रखा गया है। सूचना मिलते ही एएससी/आरपीएफ रांची को जानकारी दी गई और उनके निर्देशानुसार आरोपी की व्यक्तिगत तलाशी ली गई।

तलाशी के दौरान बैग से कुल छह पैकेट गांजा बरामद हुए, जिन्हें क्रमशः ए-1 से ए-6 तक चिह्नित किया गया। डीडी किट से परीक्षण में गांजा होने की पुष्टि हुई। आरोपी किसी प्रकार का वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में उसने बताया कि उसने यह गांजा संबलपुर से खरीदा था और मौर्य एक्सप्रेस (15027) से रांची आया था। उसका अगला गंतव्य पटना था। पूरी कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए जब्त गांजा और आरोपी को जीपीआरएस रांची को अग्रिम कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया। इस अभियान में अधिकारियों एवं जवानों की भूमिका सराहनीय रही। इसमें आइपीएफ शिशुपाल कुमार, एसआई सूरज पांडेय, रंजीत कुमार हेड कांस्टेबल सिकंदर गोपे, आरके सिंह (फ्लाइंग टीम), कांस्टेबल अरुण कुमार शामिल हैं।

# दरवाजा तोड़कर सिपाही के घर से लाखों की चोरी

### पुलिस कर रही मामले की छानबीन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हंटरगंज।** थाना क्षेत्र की बलुरी पंचायत के डाटम गांव में अज्ञात चोरों द्वारा चार घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। इसमें दो झारखंड पुलिस के घर हैं।

अज्ञात चोरों ने विक्रम सिंह के घर की सीढ़ी का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे और घर में रखे करीब बीस लाख रुपये के जेवरात एवं तीन लाख नगद लेकर चंपत हो गए। विक्रम सिंह के घर में कोई भी व्यक्ति नहीं था। सभी रामगढ़ गए हुए थे।

जवान राम विजय सिंह के घर में सीढ़ी के रास्ते चोर घर में घुसे और घर में रखे बक्सा को बाहर ले जाकर तोड़कर उसमें रखे करीब 15 लाख रुपये के सोना का जेवर एवं तीन हजार रुपये लेकर फरार हो गए।

वहीं शंकर सिंह के गेट का ताला तोड़कर घर में चोर घुसे और बक्सा उठाकर ले गए जिसमें पांच हजार रुपये नगद थे। चौथी घटना में नावाडीह डाटम गांव निवासी मो अली हुसैन के घर के मेन गेट का ताला तोड़कर घर में घुसे और घर में रखे जेवरात के बक्से को लेकर चलते बने।

घर से कुछ दूर पर बक्सा तोड़कर 50 हजार के जेवरात की चोरी कर ली। सुबह होने पर जब घर कै लोगों की नींद खुली तो दरवाजा टूटा देखा।

घर में जाकर देखा तो बक्सा गायब था। भुक्तभोगी ने घटना की जानकारी थाना प्रभारी प्रभात कुमार को दी है।

इसके बाद पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। सभी भुगतभोगियों ने चोरी से संबंधित थाना में आवेदन दिया है। पुलिस द्वारा चोरों की गिरफ्तारी को लेकर छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

# पर्यावरण कार्यकर्ता पद्मश्री जमुना टुडू को राष्ट्रपति ने भेजा निमंत्रण

## स्वतंत्रता दिवस समारोह में होंगे शामिल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चाकुलिया।** पर्यावरण कार्यकर्ता पद्मश्री जमुना टुडू को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने निमंत्रण पत्र भेजा गया है। जिसके बाद वह 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले समारोह में शामिल होंगी।

शनिवार को डाक विभाग के अधिकारियों ने जमुना टुडू के काकड़ीशोल स्थित आवास पर जाकर राष्ट्रपति भवन द्वारा भेजा गया निमंत्रण पत्र सौंपा। इनमें डाक विभाग जमशेदपुर अंचल के निरीक्षक विशाल चौबे, डाक सहायक निशांत कुमार व पोस्टमैन प्रद्युत जेना शामिल थे। पद्मश्री जमुना टुडू ने निमंत्रण के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आभार प्रकट किया है।

विदित हो कि चाकुलिया प्रखंड के मुटुरखाम गांव के बेड़ाडीह टोला निवासी जमुना टुडू महिलाओं को संगठित कर जंगल बचाने का काम विगत दो दशक से अधिक समय से कर रही हैं। उनके द्वारा गठित महिला वन सुरक्षा समिति के सदस्य जंगल काटने वालों से भिड़ जाती हैं।

जमुना एवं उनके सहयोगियों पर वन माफियाओं द्वारा पर कई बार हमला भी किया जा चुका है। महिलाओं के प्रयास से इस क्षेत्र में साल के घने जंगल लहलहा रहे हैं। पर्यावरण के लिए किए गए उनके काम के चलते उन्हें पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया है। मूल रूप से उड़ीसा के रायरंगपुर जिला निवासी जमुना टुडू का विवाह चाकुलिया प्रखंड के मुटुरखाम निवासी मानसिंह टुडू के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही वे अपने ससुराल में लगातार महिलाओं को एकजुट कर जंगल की सुरक्षा में जुट गई थीं। क्षेत्र में उन्हें लेडी टार्जन के नाम से भी जाना जाता है।

### जेवर साफ करने के बहाने ठगी

**केंदुआ।** कुस्तौर नया धौड़ा में शुक्रवार सुबह जेवर साफ करने के नाम पर दो बाइक सवार अपराधियों ने कलावती देवी नामक 75 वर्षीय वृद्ध महिला से तीन लाख रुपये मूल्य की सोने की चेन लेकर फरार हो गए।

महिला ने मामले को लेकर केंदुआडीह थाना पुलिस को सूचना दी है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। जिसमें दोनों अपराधियों की तस्वीर मिली है। कलावती देवी ने बताया कि दिन के 11 बजे के आसपास वे जब अपने घर के बाहर बैठी हुई थीं, तभी दो युवक बाइक से वहां पहुंचे और बताया कि वे दोनों बर्तन साफ करने का काम करते हैं। कलावती देवी ने उन्हें एक पीतल का लोटा लाकर साफ करने के लिए दिया। लोटा साफ करने के बाद दोनों युवकों ने जेवर भी साफ करने की बात कही। इस पर कलावती ने अपना एक जोड़ी चांदी की पायल, बिछिया और गले में पहना हुआ सोने का चेन दे दिया। थोड़ी देर बाद दोनों युवकों ने जेवर को एक पटोली में बांध कर कलावती को वापस कर दिया। इसके बाद वे दोनों वहां से फरार हो गए।

# परमिट वाले बस मालिकों ने लगायी उपायुक्त से गुहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** श्रावणी मेला के दौरान देवघर से रामपुरहाट, तारापीठ मार्ग पर निर्गत यात्री बसों के मालिकों ने दुमका के उपायुक्त अभिजीत सिंहा से बासुकीनाथ बस स्टैंड में उनके बसों पर सवारी व तीर्थ यात्रियों को नहीं चढ़ने देने की गंभीर शिकायत की है। परमिट लेने वाले बस मालिक पूरन प्रसाद साह, काशीनाथ मंडल, असीम कर्णकार, रास बिहारी मंडल, मो. जाहिद हुसैन समेत कई ने इस मामले में उपायुक्त को लिखित आवेदन देते हुए कहा है कि जरमुंडी के रामानंद झा एवं उनके रिश्तेदारों के द्वारा उनके बसों पर यात्रियों व श्रद्धालुओं को चढ़ने से जबरन रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि देवघर से रामपुरहाट, तारापीठ मार्ग का उन लोगों के पास कई परमिट है। यह भी जानकारी दी है कि किसी तकनीकी कारणों से बासुकीनाथ आगमन और प्रस्थान का समय-सारणी अंकित नहीं किया गया है। यह भी जिक्र किया है कि कई न्यायिक निर्णयों में इस तथ्य का उल्लेख है कि प्राधिकार परमिट यात्रियों की सुविधा के लिए निर्गत किया जाता है।

उपायुक्त को दिए गए पत्र में इन लोगों का आरोप है कि रामानंद झा व इनके रिश्तेदार जबरन उन लोगों के बसों पर सवारी व श्रद्धालुओं को चढ़ने से रोक देते हैं। जबकि ये लोग तकरीबन दो दर्जन अपनी बसों को रोजाना रामपुरहाट भेजते हैं।

आरोप है कि उक्त मार्ग पर इन लोगों के पास मात्र दो ही परमिट निर्गत है और उसमें भी तकनीकी वजहों से बासुकीनाथ आगमन और प्रस्थान का समय सारणी अंकित नहीं है। आवेदकों का कहना है कि उनके बस कर्मियों को भी इन लोगों के द्वारा मारपीट की जाती है और जब मामला थाना तक पहुंचने की नौबत आती है। इस दौरान ये लोग उस कर्मी को लालच देकर समझा-बुझा कर पूरे मामले को रफा-दफा कर देते हैं। बस मालिकों ने उपायुक्त से गुहार लगाते हुए कहा है कि जिला परिवहन पदाधिकारी और जरमुंडी थाना की पुलिस की देखरेख श्रद्धालुओं को चढ़ाया जाएं।

# सिराज तो कपिल देव बन गए! 34 सालों में पहली बार हुआ ऐसा

**150 प्लस ओवर डाले दो टेस्ट सीरीज में**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मोहम्मद सिराज नहीं जनाब, कपिल देव कहिए. आप सोच रहे होंगे कि हम ऐसा क्यों कह रहे हैं? तो इसके पीछे की वजह है सिराज का वो हैरतअंगेज कारनामा, जो उनसे पहले आखिरी बार भारतीय क्रिकेट में अगर किसी तेज गेंदबाज ने किया था तो वो कपिल देव थे. इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मोहम्मद सिराज अपनी गेंदबाजी से छाए हैं. वो इस सीरीज में सबसे सफल गेंदबाज बनकर उभरे हैं. लेकिन, विकेटों के लगाए ढेर का उनके कपिल देव जैसा होने से कोई मतलब नहीं. बल्कि, हम तो ऐसा इसलिए कह रहे हैं क्योंकि जो काम 34 साल पहले कपिल देव ने किया था, वो अब सिराज ने कर दिखाया है. अब सवाल है कि कपिल देव ने 34 साल पहले क्या किया था? तो उसके तार एक साल के अंदर खेली दो टेस्ट सीरीज में 150 या उससे ज्यादा ओवर डालने से जुड़ा है. कपिल देव ने ऐसा 1991-92 में किया था. अब 34 सालों बाद सिराज ने भी वही काम किया है. उन्होंने भारत के लिए एक साल के अंदर खेली दो टेस्ट सीरीज में 150 प्लस ओवर डाले हैं.

### एक साल के अंदर- दो सीरीज में 150+ ओवर

मोहम्मद सिराज ने साल 2024-25 में ये दोनों टेस्ट सीरीज खेली. पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में उन्होंने 157.1 ओवर डाले. जबकि इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में वो अब तक 155.2 ओवर फेंक चुके हैं. इससे सिराज की फिटनेस के साथ-साथ टीम इंडिया के लिए उनकी उपयोगिता का भी पता चलता है.

### इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में सिराज का प्रदर्शन

इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज में मोहम्मद सिराज के प्रदर्शन की बात करें तो उन्होंने अब तक 155.2 ओवर की गेंदबाजी कर 18 विकेट चटकाए हैं. इस दौरान उन्होंने 1 बार 5 या उससे ज्यादा विकेट जबकि 1 बार 4 विकेट लिए. टेस्ट सीरीज में विकेटों की रेस में दूसरे स्थान पर बेन स्टोक्स हैं, मगर वो ओवल में खेला जा रहा आखिरी टेस्ट नहीं खेल रहे. ऐसे में सिराज के पास सीरीज के लीडिंग विकेट टेकर बनने का पूरा चांस है. बाकी भारतीय गेंदबाजों की बात करें तो सिराज के बाद जसप्रीत बुमराह दूसरे सबसे सफल गेंदबाज हैं, जिन्होंने 14 विकेट लिए हैं. वहीं आकाशदीप के नाम फिलहाल 12 विकेट हैं.

## दलीप ट्रॉफी 2025 के लिए ईस्ट जोन की टीम घोषित-ईशान किशन कप्तान, अभिमन्यु उप-कप्तान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दलीप ट्रॉफी 2025 के लिए ईस्ट जोन की 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी गई है। इस टीम की कमान भारतीय टीम से बाहर चल रहे विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन को सौंपी गई है, जबकि अनुभवी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन को उप-कप्तान बनाया गया है। टीम में कई उल्लेखनीय खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, जिनमें भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी, हाल ही में इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किए गए आकाश दीप, और युवा प्रतिभाशाली रियान पराग शामिल हैं। इसके अलावा, बिहार के 14 वर्षीय अंडर-19 खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी को छह स्टैंडबाय खिलाड़ियों में जगह दी गई है।



**ईशान किशन (कप्तान)**- भारतीय टीम से बाहर चल रहे ईशान किशन ने हाल ही में नॉटिंघमशायर के लिए काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन-1 में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने दो अर्धशतक बनाए, जिसके चलते उन्हें ईस्ट जोन का नेतृत्व करने का मौका मिला है। किशन की कप्तानी और विकेटकीपिंग के साथ-साथ उनकी आक्रामक बल्लेबाजी टीम के लिए अहम होगी।

**अभिमन्यु ईश्वरन (उप-कप्तान):** अनुभवी सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन वर्तमान में भारतीय टेस्ट टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर हैं। उनकी तकनीकी रूप से मजबूत बल्लेबाजी और अनुभव टीम के लिए महत्वपूर्ण होगा ।शमी ने आईपीएल 2025 में खेला था अपना आखिरी मैच भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं। उन्होंने आखिरी बार आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेला था, जहां नौ मैचों में छह विकेट लिए थे।

**कैनेडियन ओपन**

## चौथे दौर में पहुंचे टेलर फ्रिट्ज और बेन शेल्टन



**टोरंटो, एजेंसी।** दूसरी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने गेब्रियल डायलो को 6-4, 6-2 से शिकस्त देकर कैनेडियन ओपन के चौथे दौर में प्रवेश कर लिया। टेलर फ्रिट्ज 2022 में इंडियन वेल्स में जीत के बाद अब दूसरा एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीतने की कोशिश में हैं। फ्रिट्ज का अगला मुकाबला 19वीं वरीयता प्राप्त जिरी लेहेका से होगा। चेक खिलाड़ी लेहेका ने 15वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 3-6, 6-3, 6-4 से शिकस्त देकर आगे का रास्ता तय किया। फ्रिट्ज ने मैच की शुरुआत में ब्रेक लिया और डायलो को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। अमेरिकी खिलाड़ी ने पूरे मैच में शानदार प्रदर्शन किया और हर बड़े अंक पर बढ़त बनाने की कोशिश करते दिखे। एक बार जब उन्होंने ब्रेक लेकर 3-1 की बढ़त बना ली, ऐसा लगने लगा कि जीत तय है। इसके बाद उन्होंने एक और ब्रेक लिया और आसानी से मैच अपने नाम कर लिया। दूसरी ओर, चौथे वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन ने ब्रैंडन नकाशिमा को 6-7(8), 6-2, 7-6(5) से हराकर एटीपी हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में 5-0 की बढ़त बना ली।इस सीजन में दूसरी बार एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट (इंडियन वेल्स क्वार्टर फाइनल) के चौथे दौर में पहुंचकर, शेल्टन अपनी 100वीं टूर-स्तरीय जीत हासिल करने से बस एक कदम दूर हैं।

**टी20 सीरीज**

## पाकिस्तान के खिलाफ करो या मरो के मुकाबले में उतरेगी वेस्टइंडीज की टीम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच फ्लोरिडा में दूसरा टी20 मैच आयोजित होगा। यह मुकाबला भारतीय समय के अनुसार तीन अगस्त की सुबह साढ़े पांच बजे से खेला जाएगा। वेस्टइंडीज की टीम सीरीज का अपना पहला मैच गंवा चुकी है। शृंखला में बने रहने के लिए वेस्टइंडीज को यह मुकाबला हर हाल में जीतना होगा। दोनों देशों के बीच यह मैच फ्लोरिडा के सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम टर्फ ग्राउंड में खेला जाएगा, जहां की पिच शुरुआत में बल्लेबाजों के लिए मददगार मानी जाती है। जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ेगा, यहां की पिच धीमी हो सकती है, जिससे रन बनाना मुश्किल होगा। ऐसे में स्पिनर यहां कुछ ओवरों के बाद दबदबा बना सकते हैं। इस मुकाबले में सईम अयूब, फखर जमान, हसन नवाज और कप्तान सलमान आगा से पाकिस्तान को बल्लेबाजी में खासा उम्मीदे हैं, जबकि गेंदबाजी में शाहीन अफरीदी, मोहम्मद नवाज, हारिस रऊफ और फहीम अशरफ टीम को मजबूती दे सकते हैं। सईम अयूब भी गेंद से चमक बिखेर सकते हैं।वहीं, वेस्टइंडीज के खेमे को कप्तान शाई होप के अलावा शेरफेन रदरफोर्ड, जेसन होल्डर, शमर जोसेफ, जॉनसन चार्ल्स और ज्वेल एंड्रयू से खासा उम्मीदे होंगी।

**डूरंड कप**

## क्लेटन सिल्वा के चार गोल, डायमंड हार्बर एफसी ने बीएसएफ एफसी को 8-1 से रौंदा



**कोलकाता, एजेंसी।** किशोर भारती क्रीड़ांगन (केबीके) में खेले गए इस मुकाबले में स्ट्राइकर क्लेटन सिल्वा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार गोल (2', 35', 71', 90+3') दागे। उनके साथ ही फॉरवर्ड लुका माजसेन ने दो गोल (7', 39') किए, जबकि पॉल (53') और जॉबी जस्टिन (67') ने भी स्कोरशीट में नाम जोड़ा। बीएसएफ एफसी की ओर से एकमात्र गोल किशोरी ने 90वें मिनट में किया।

134वें डूरंड कप में डायमंड हार्बर एफसी ने अपने विजयी अभियान को जारी रखते हुए बीएसएफ एफसी को ग्रुप बी के मुकाबले में 8-1 से करारी शिकस्त दी। किशोर भारती क्रीड़ांगन (केबीके) में खेले गए इस मुकाबले में स्ट्राइकर क्लेटन सिल्वा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार गोल (2', 35', 71', 90+3') दागे। उनके साथ ही फॉरवर्ड लुका माजसेन ने दो गोल (7', 39') किए, जबकि पॉल (53') और जॉबी जस्टिन (67') ने भी स्कोरशीट में नाम जोड़ा। बीएसएफ एफसी की ओर से एकमात्र गोल किशोरी ने 90वें मिनट में किया।

## विश्व शतरंज चैंपियन दिव्या को मिले तीन करोड़ रुपए

**नागपुर, एजेंसी।** दिव्या नागपुर की मूल निवासी हैं जहां से मुख्यमंत्री फडणवीस भी आते हैं। दिव्या ने शहर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्हें सम्मानित करने के लिए मुख्यमंत्री फडणवीस और नागपुर के लोगों का धन्यवाद किया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को यहां फिडे महिला शतरंज विश्व कप चैंपियन दिव्या देशमुख को सम्मानित किया और उन्हें तीन करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया। 19 साल की दिव्या 28 जुलाई को महिला विश्व कप का खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनीं। उन्होंने फाइनल के टाई ब्रेकर में हमवतन कोनेरू हम्पी को हराया जिससे वह खिताब जीतने के साथ ग्रैंडमास्टर भी बन गईं। दिव्या नागपुर की मूल निवासी हैं जहां से मुख्यमंत्री फडणवीस भी आते हैं। दिव्या ने शहर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्हें सम्मानित करने के लिए मुख्यमंत्री फडणवीस और नागपुर के लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि जीवन में ऐसे पल बहुत कम ही मिलते हैं। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए बहुत खास पल है। मुझे बहुत खुशी है कि मैं बच्चों के लिए प्रोत्साहन और प्रेरणा का एक छोटा सा हिस्सा बन सकी। मुझे बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार और महाराष्ट्र शतरंज संघ को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री फडणवीस ने दिव्या को नकद पुरस्कार के रूप में तीन करोड़ रुपये का चेक सौंपा।



## एक ओवर में 45 रन! अफगान बल्लेबाज उस्मान गनी ने रचा इतिहास

**ईसीएस T10 में बना डाला वर्ल्ड रिकॉर्ड**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट के मैदान पर जब तूफान आता है, तो स्कोरबोर्ड भी हिल जाता है और इस बार तूफान बने अफगानिस्तान के बल्लेबाज उस्मान गनी, जिन्होंने एक ओवर में 45 रन ठोककर नया विश्व रिकॉर्ड बना डाला. ऐसा कारनामा इससे पहले प्रोफेशनल क्रिकेट में कभी नहीं हुआ था.

### एक ओवर में बने 45 रन, कैसे?

टूर्नामेंट में 1 अगस्त को लंदन काउंटी क्रिकेट क्लब और गिल्डफोर्ड के बीच मुकाबला खेला गया. लंदन की ओर से ओपनिंग करने उतरे उस्मान गनी ने गिल्डफोर्ड के गेंदबाज विल एर्नी के ओवर में तबाही मचा दी. गनी ने एक ओवर में 6+ नो बॉल, 6, 4+वाइड , 6, 4+नो बॉल, 6, 0, 6, 4 की स्ट्राइकिंग से कुल 45 रन बटोर लिए. इस ओवर में बल्लेबाज ने अकेले 42 रन बनाए, जबकि 3 रन एक्स्ट्रा (2 नो बॉल और 1 वाइड) के रूप में आए. इससे पहले किसी बल्लेबाज ने एक ओवर में इतने रन नहीं बटोरे थे. यह अब तक का प्रोफेशनल क्रिकेट में सबसे महंगा ओवर बन गया है.

### उस्मान गनी की तूफानी पारी

मैच में उस्मान गनी पूरी तरह लय में दिख रहे थे. उन्होंने 43 गेंदों में नाबाद 153 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और 17 छक्के शामिल थे. उनकी स्ट्राइक रेट 355.81 का रहा. उनके जोड़ीदार ईस्माइल बहरामी ने भी अपनी बल्लेबाजी से मैदान पर धूल उड़ा दी. उन्होंने 19 गेंदों पर 61 रन ठोके. दोनों की साझेदारी की बदौलत लंदन काउंटी ने 10 ओवर में 226/0 का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया था.

### गिल्डफोर्ड को 71 रन से हार

लक्ष्य का पीछा करने उतरी गिल्डफोर्ड की टीम इतने विशाल लक्ष्य का सामना नही कर पायी और पूरी टीम माझ 155 रन ही बना सकी और 71 रन से मैच हार गई. उनके कोई भी बल्लेबाज अर्धशतक तक नहीं पहुंच पाया.

### अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूरी और आरोप

29 वर्षीय उस्मान गनी अफगानिस्तान के लिए 17 वनडे और 35 टी- 20 खेल चुके हैं. उन्होंने 2014 में इंटरनेशनल डेब्यू किया थ, लेकिन 2023 में गनी ने अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से ब्रेक ले लिया था. उनका कहना था कि वह तभी वापसी करेंगे जब बोर्ड में सही मैनेजमेंट और ईमानदार सेलेक्शन कमिटी होगी.

## मन्नेपल्ली के बाद लक्ष्य भी मकाऊ ओपन से बाहर, दोनों को सेमीफाइनल में मिली हार

**मकाऊ, एजेंसी।** दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य के लिये यह सत्र कठिन रहा है जो सात बार पहले और दो बार दूसरे दौर से बाहर हो गए।

भारत का मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया है। लक्ष्य सेन और तरूण मन्नेपल्ली पुरूष एकल सेमीफाइनल मुकाबले हारकर बाहर हो गए। विश्व चैम्पियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता और मौजूदा राष्ट्रमंडल खेल चैम्पियन लक्ष्य को इंडोनेशिया के अलवी फरहान ने 39 मिनट में 21-16, 21-9 से हराया। वहीं तरूण मन्नेपल्ली को मलेशिया के जस्टिन होह ने तीन गेम के मुकाबले में मात दी । विश्व रैंकिंग में 47वें स्थान पर काबिज 23 वर्ष के मन्नेपल्ली ने मजबूत शुरूआत की लेकिन कई गलतियों के कारण एक घंटे 21 मिनट तक चले मुकाबले में 21-19, 16-21, 16-21 से हार गए।

दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य के लिये यह सत्र कठिन रहा है, जो सात बार पहले और दो बार दूसरे दौर से बाहर हो गए। कंधे, कमर और टखने की चोटों से जूझ रहे लक्ष्य ने पेरिस में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप से पहले आत्मविश्वास हासिल करने के लिये यह टूर्नामेंट खेला था।2003 विश्व जूनियर चैम्पियन फरहान ने शानदार प्रदर्शन करके उन्हें फाइनल में जगह नहीं बनाने दी। विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज फरहान ने 0-3 से शुरूआत करके पहले गेम के पहले ब्रेक तक 11-7 की बढत बना ली। उन्होंने बेहतरीन ड्रॉप शॉट, रेलियां और स्मैश लगाते हुए लक्ष्य को दबाव में ला दिया।

लक्ष्य ने भी कुछ अच्छे स्ट्रोक्स लगाये लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रही । बैकहैंड विनर लगाकर उन्होंने स्कोर 13-19 किया लेकिन फरहान ने उनका शॉट नेट में जाने के बाद पांच अंक लेकर पहला गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में भी यही स्थिति रही। फरहान ने 5-4 की बढ़त बना ली और 38 शॉट की



रेली उनके बेहतरीन क्रॉस स्मैश पर खत्म हुई। ब्रेक तक फरहान के पास 11-5 की बढत थी । इसे उन्होंने 14-6 कर लिया। लक्ष्य का शॉट वाइड जाने और फिर शटल नेट में फंसने के कारण फरहान को 12 मैच प्वाइंट मिले जिस पर उन्होंने मैच अपने नाम कर लिया। पहले मैच में मन्नेपल्ली ने शुरूआत शानदार की और 11-6 से बढत भी बना ली लेकिन सहज गलतियों के कारण दबाव में आ गए। जस्टिन होह ने इसका पूरा फायदा उठाते हुए वापसी की। मन्नेपल्ली ने हालांकि फिर बढ़त बनाकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में भी मन्नेपल्ली की गलतियों का सिलसिला जारी रहा और जस्टिन ने 8-6 से बढत बना ली। मन्नेपल्ली ने 13-13 से वापसी की लेकिन इसके बाद उनके दोनों शॉट बाहर निकल गए। जस्टिन ने 17-14 की बढत बना ली और फिर मन्नेपल्ली की लगातार गलतियों का फायदा उठाकर चार अंक लेकर गेम अपने नाम किया।

# बीजेपी अभी नहीं करेगी नए अध्यक्ष का ऐलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
नए बीजेपी अध्यक्ष के चुनाव की चर्चा लंबे समय से चल रही है। वहीं पार्टी का संविधान कहता है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव तभी हो सकता है जब कम से कम 50 फीसदी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में संगठन के चुनाव पूरे हो जाते हैं। बीच में ही उपराष्ट्रपति रहे जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद पार्टी का पूरा फोकस अब शिफ्ट हो गया है। रिपोर्ट्स की मानें तो राष्ट्रपति चुनाव के बाद ही अब बीजेपी अपने नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करेगी।

पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मॉनसून सेशन शुरू होते ही अचानक इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने कहा था कि स्वास्थ्य कारणों से वह पदमुक्त होना चाहते हैं। वहीं चुनाव आयोग ने राष्ट्रपति चुनाव का ऐलान भी कर दिया है। 9 सितंबर को उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होंगे और इसी दिन शाम तक परिणाम भी घोषित कर दिया जाएगा। यह भी तय माना जा रहा है कि विपक्ष इंडिया गठबंधन का कोई साझा उम्मीदवार उतार सकता है।

21 अगस्त नामांकन दाखिल करने का आखिरी तारीख है। ऐसे में विपक्ष और सत्तापक्ष दोनों के पास उम्मीदवार घोषित करने के लिए पर्याप्त समय है। नंबरगेम की बात करें तो लोकसभा और राज्यसभा में कुल 782 सांसद हैं। एनडीए के पास लोकसभा में 293 तो इंडिया गठबंधन के पास 232 सांसद हैं। वहीं राज्यसभा में एनडीए के पास 133 और इंडिया गठबंधन के पास 107 सांसद हैं। ऐसे में सदन में एनडीए का पलड़ा भारी है।

मौजूदा बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद ही खत्म हो रहा था हालांकि उनकी



सफलताओं को देखते हुए उनका कार्यकाल बढ़ा दिया गया। अब माना जा रहा है कि बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष के ऐलान के लिए उपराष्ट्रपति चुनाव पूरे होने का इंतजार कर रही है। बिहार चुनाव से पहले बीजेपी को राष्ट्रीय अध्यक्ष का ऐलान कर देना है।

फिलहाल बीजेपी उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए फ्लोर मैनेजमेंट में लगी हुई है। इस बार के चुनाव में लोकसभा में एनडीए के बहुमत का आंकड़ा कम हो गया था और राज्यसभा में । ऐसे में यह फाइट आसान नहीं माना जा सकती। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में राज्यसभा के 233 निर्वाचित सदस्य, राज्यसभा के 12 मनोनीत सदस्य और लोकसभा के 543 सदस्य शामिल होते हैं। राज्यसभा में पांच और लोकसभा में एक सीट रिक्त है, जिससे निर्वाचक मंडल की प्रभावी संख्या 782 है और जीतने वाले उम्मीदवार को 391 मतों की आवश्यकता होगी, बशर्ते सभी पात्र मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें। लोकसभा की 543 सीट में से एक सीट, पश्चिम बंगाल में बशीरहाट रिक्त है, जबकि 245 सदस्यीय राज्यसभा में पांच सीट खाली हैं। राज्यसभा में पांच खाली सीट में से चार जम्मू-कश्मीर से और एक पंजाब से है।

## संक्षिप्त समाचार

### महंगा हो गया चिड़ियाघर का टिकट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली चिड़ियाघर की सैर अब थोड़ी महंगी होने वाली है। चिड़ियाघर प्रबंधन टिकट की कीमत को 80 रुपये से बढ़ाकर 100 रुपये करने की योजना बना रहा है। साथ ही, परिसर को और आकर्षक बनाने के लिए नवीनीकरण की तैयारियां भी जोरों पर हैं। चिड़ियाघर के अधिकारियों का कहना है कि टिकट की कीमत में यह बढ़ोतरी अन्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय चिड़ियाघरों के साथ तालमेल बिठाने के लिए की जा रही है। एक अधिकारी ने बताया, दुनियाभर के कई चिड़ियाघरों में प्रति व्यक्ति टिकट की औसत कीमत 100 रुपये से ज्यादा है। हमारी यह प्रस्तावित बढ़ोतरी उसी दिशा में एक कदम है। हाल ही में हुई एक बैठक में इस प्रस्ताव पर चर्चा हुई, हालांकि अभी इसे मंत्रालय को भेजा नहीं गया है। पिछली बार टिकट की कीमत में बदलाव 2021 में हुआ था, जब कोविड-19 के बाद चिड़ियाघर दोबारा खुला। तब वयस्कों के टिकट की कीमत 40 से बढ़ाकर 80 रुपये की गई थी। उससे पहले 2013 में यह 20 रुपये से 40 रुपये हुई थी। क्या आप जानते हैं कि 1959 में जब दिल्ली चिड़ियाघर पहली बार खुला था, तब वयस्कों के लिए टिकट मात्र 20 पैसे और 5 से 12 साल के बच्चों के लिए 10 पैसे था। जी हां और 5 साल से कम उम्र के बच्चों का प्रवेश मुफ्त था। उस दौर में आगंतुकों को 5 पैसे में चिड़ियाघर का नक्शा भी मिलता था, जो न सिर्फ रास्ता दिखाता था, बल्कि एक यादगार स्मृति चिन्ह भी था। एक अधिकारी ने बताया, यह नक्शा आगंतुकों को प्रमुख पशु-पक्षियों के बाड़ों तक पहुंचने में मदद करता था। इसमें सभी मुख्य आकर्षणों की जानकारी होती थी। टिकट की कीमत में बढ़ोतरी के साथ-साथ चिड़ियाघर में कई विकास योजनाएं भी चल रही हैं। प्रबंधन का लक्ष्य आगंतुकों के अनुभव को और बेहतर बनाना है। इसमें परिसर के नवीनीकरण से लेकर नए कार्यक्रमों की शुरुआत तक शामिल है। दिल्ली चिड़ियाघर में वीकेंड पर हर दिन करीब 8,000 से 10,000 लोग पहुंचते हैं, जबकि सामान्य दिनों में यह संख्या 4,000 से 6,000 के बीच रहती है। यानी, यह जगह हर उम्र के लोगों के लिए एक पसंदीदा ठिकाना है!

### अब दिल्ली से जयपुर का सफर तीन घंटे में होगा पूरा, एक्सप्रेसवे का आखिरी हिस्सा भी खुला



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर और जयपुर के बीच अब दूरी नहीं, बल्कि रफ्तार की बात होगी। बांदीकुई-जयपुर एक्सप्रेसवे, जो दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का हिस्सा है 15 जुलाई को जनता के लिए खोल दिया गया है। नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के मुताबिक, इस नए रास्ते ने दिल्ली से जयपुर का सफर महज ढाई से तीन घंटे में पूरा करने का रास्ता साफ कर दिया है। पहले जहां पुराने रास्ते पर जाम और भीड़भाड़ के कारण समय लगता था, अब यह हाई-स्पीड कॉरिडोर यात्रियों को तेज और आरामदायक सफर का तोहफा दे रहा है। पहले यात्री आगरा-जयपुर हाइवे का इस्तेमाल करते थे, जो चार लेन का है और इसके 69 किलोमीटर के रास्ते में छोटे-छोटे गांव और कस्बे पड़ते थे। इस रास्ते पर भीड़ और ट्रैफिक के कारण 69 किलोमीटर की दूरी तय करने में डेढ़ घंटे से ज्यादा लग जाते थे। लेकिन अब नया एक्सप्रेसवे इन मुश्किलों को पीछे छोड़ चुका है। एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि बांदीकुई-जयपुर के 67 किलोमीटर लंबे इस नए हिस्से पर हर दिन करीब 15,000 वाहन दौड़ रहे हैं। इस रास्ते ने न केवल समय बचाया, बल्कि दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से जयपुर के बगराना क्रॉसिंग तक की दूरी को भी 12 किलोमीटर कम कर दिया। अब यह सफर तीन घंटे में पूरा हो रहा है। 12 फरवरी 2023 को जब दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के सोहना-दौसा खंड का उद्घाटन हुआ था, तब केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने दिल्ली और जयपुर के बीच तीन घंटे के सफर का वादा किया था। लेकिन उस समय बांदीकुई-जयपुर खंड तैयार नहीं था, जिसके कारण यह लक्ष्य अधूरा रह गया था। अब इस नए खंड के खुलने से वह सपना हकीकत बन चुका है। यह 67 किलोमीटर का हाई-स्पीड कॉरिडोर न केवल समय और दूरी बचाता है।

## 16 अगस्त से खुलने जा रहा अमृत उद्यान

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
राष्ट्रपति भवन का खूबसूरत अमृत उद्यान एक बार फिर जनता के लिए अपने दरवाजे खोलने जा रहा है। 16 अगस्त से 14 सितंबर तक, यह हरा-भरा नजारा हर दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक आगंतुकों का स्वागत करेगा। आखिरी एंट्री शाम 5:15 बजे होगी। वहीं हर सोमवार को रखरखाव के लिए उद्यान बंद रहेगा।

**क्या होगा नया और खास?:** इस बार उद्यान में कुछ नया देखने को मिलेगा। बबलिंग ब्रूक नामक एक अनूठी जलधारा आगंतुकों को मंत्रमुग्ध करेगी। इसमें झरने, कलात्मक फव्वारे, स्टेपिंग स्टोन्स और एक ऊंचा रिफ्लेक्टिंग पूल शामिल है, जो उद्यान की शोभा को और बढ़ाएगा। अमृत उद्यान का दौरा एक प्रकृति प्रेमी के लिए किसी सैर-सपाटे से कम नहीं। यहां आपको बाल वाटिका, हर्बल गार्डन, बोनसाई गार्डन, सेंट्रल लॉन, लॉन्ग गार्डन और सर्कुलर गार्डन जैसे खूबसूरत हिस्सों का दीदार होगा। जगह-जगह लगे क्यूआर कोड स्कैन कर आप पौधों की प्रजातियों और डिजाइन की बारीकियों के बारे में रोचक जानकारी हासिल कर सकते हैं।



**शांति और सुकून का अनुभव:** उद्यान में एक शांत बनियन ग्रोव है, जहां रिफ्लेक्सोलॉजी पथ, पंचतत्व ट्रेल्स और जंगल-प्रेरित ध्वनियां आपको प्रकृति से जोड़ेंगी। इसके अलावा, हर्बल और प्लमेरिया गार्डन, घास के टीले और खासतौर पर तैयार किए गए पौधों के बीच एक अनोखा संवेदी अनुभव आपका इंतजार कर रहा है।

**कैसे पहुंचें उद्यान भवन?:** अमृत उद्यान में प्रवेश और निकास राष्ट्रपति भवन के गेट नंबर 35 से होगा, जो नॉर्थ एवेन्यू रोड के पास स्थित है। उद्यान में प्रवेश पूरी तरह मुफ्त है। हालांकि आप पहले से बुकिंग कर सकते हैं। वॉक-इन विजिटर्स गेट नंबर 35 पर सेल्फ-सर्विस कियोस्क का उपयोग कर सकते हैं। ये भी ध्यान रखें कि उद्यान के भीतर मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक चाबी, पर्स, हैंडबैग, पानी की बोतल, बच्चों की दूध की बोतल और छाता ले जा सकते हैं। इसके अलावा कोई अन्य सामान प्रतिबंधित है।

## किस्सा दिल्ली का: बेहद खास है दिल्ली की लल्लीमल की हवेली, 200 साल पुराना एसी सिस्टम है यहां!

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली की गलियों में कई ऐसी इमारते हैं, जो बेहद खास और रोचक इतिहास समेटे हुए हैं। इन्हीं में से एक है लल्लीमल की हवेली। पुरानी दिल्ली की तंग गलियों में बसी लल्लीमल की हवेली सिर्फ एक इमारत नहीं, बल्कि इतिहास का एक जीवंत पन्ना है। चांदनी चौक के सीताराम बाजार में स्थित यह हवेली 200 साल पुरानी है और अपने अनूठे वास्तुशिल्प और पुराने एसी सिस्टम के लिए जानी जाती है।




लाला लल्लीमल 19वीं सदी के एक मशहूर व्यापारी थे, जिनका हार्डवेयर का कारोबार दिल्ली से लेकर कराची तक फैला था। उनकी समृद्धि का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने इस हवेली के निर्माण में विदेशों से सामग्री मंगवाई थी। लंदन से आई टीन की चादरें और नायाब पत्थर आज भी इस हवेली की दीवारों पर गर्व से खड़े हैं। लल्लीमल का परिवार दिल्ली के बड़े कारोबारियों में शुमार था और यह हवेली उनकी समृद्धि का प्रतीक थी। लल्लीमल की हवेली की सबसे खास बात है इसका प्राकृतिक शीतलन तंत्र, जो आज के आधुनिक एयर कंडीशनरों से पहले का एक अनोखा उदाहरण है। हवेली की मोटी दीवारें, ऊंची छतें, और रणनीतिक रूप से बनाए गए रोशनदान हवा के प्रवाह को इस तरह नियंत्रित करते हैं कि गर्मियों में भी अंदर का तापमान संतुलित रहता है। दीवारों में चूने और खास तरह के पलस्तर का उपयोग किया गया, जो नमी को नियंत्रित करता है और गर्मी को बाहर रखता है। यह प्रणाली न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि 200 साल बाद भी प्रभावी है। हवेली का आकार भले ही विशाल न हो, लेकिन इसकी वास्तुकला हर किसी को आकर्षित करती है। प्रवेश द्वार पर बारीक नक्काशी, जटिल जालियां और पुराने जमाने के लकड़ी के दरवाजे मुगल और राजपूत शैली का मिश्रण दर्शाते हैं। हवेली की दीवारें कराची के व्यापारिक रिश्तों की कहानी भी बयां करती हैं, क्योंकि वहां से मंगाए गए पत्थरों का इस्तेमाल निर्माण में हुआ था। आज भी ये दीवारें उसी मजबूती के साथ खड़ी हैं, जैसे दो सदी पहले थीं।

## नहीं रही तुर्की की सबसे बुजुर्ग महिला, 131 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

**तुर्किये, एजेंसी।** तुर्की की सबसे बुजुर्ग महिला मानी जाने वाली होड़ी गुरकान का सोमवार को निधन हो गया। वे 131 वर्ष की थीं और तुर्की के इतिहास की एक जीवित गवाह थीं। उन्होंने अपनी अंतिम सांस दक्षिण-पूर्वी तुर्की के शानलिउरफा प्रांत के विरानशेहिर जिले के एक छोटे से गांव बिनेकली में ली।

होड़ी गुरकान ने अपना पूरा जीवन उसी गांव बिनेकली में बिताया, जहाँ वे पैदा हुई थीं। यह गांव विरानशेहिर कस्बे से करीब 35 किलोमीटर दूर स्थित है। उन्होंने 7 बच्चों को जन्म दिया, और उनके वंशजों की संख्या अब- 110 पोते-पोतियां और सैकड़ों परपोते-परपोतियों तक पहुंच चुकी है। गांव की दादी अम्मा और समाज की मार्गदर्शकगांव के लोग उन्हें केवल एक बुजुर्ग महिला नहीं, बल्कि पूरे समुदाय की दादी अम्मा मानते थे। उनका ज्ञान, अनुभव, और सादगी लोगों को संस्कृति, परंपरा और जीवन जीने की कला सिखाता था। हर त्योहार, विवाह या मुश्किल घड़ी में उनकी मौजूदगी शुभ मानी जाती थी। उनके निधन से गांव में गहरा शोक है। उनकी अंतिम यात्रा बिनेकली गांव के ही कब्रिस्तान में संपन्न हुई, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए।



**एक इतिहास, एक जीवन, जो अब सिर्फ यादों में रहेगा:** होड़ी गुरकान का जीवन सिर्फ 131 साल की उम्र का आँकड़ा नहीं था, वह तुर्की के लिए एक जीवंत दस्तावेज़, एक ऐतिहासिक धरोहर और एक समुदाय की आत्मा थीं। उनकी सादगी, संयम, अनुशासन और पारिवारिक मूल्यों ने आने वाली कई पीढ़ियों को प्रेरित किया। अब वो भले इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनकी विरासत उनके बच्चों और पोतों के ज़रिये जीवित रहेगी।

## यहूदियों को सता रहा दुनिया के बायकॉट का डर, सर्वे में इजरायली बोले- विदेश नहीं जा पाएंगे

**तेल अवीव, एजेंसी।** इजरायल में हाल ही में हुए एक सर्वे ने देश के नागरिकों के बीच बढ़ती चिंता को उजागर किया है। इजरायल के चैनल 12 द्वारा प्रकाशित इस सर्वे के अनुसार, 56प्रतिशत इजरायली नागरिकों को डर है कि गाजा युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नकारात्मक प्रतिक्रिया और आलोचना के चलते वे विदेश यात्रा करने में असमर्थ हो सकते हैं। यह सर्वेक्षण इजरायल-हमास युद्ध और क्षेत्रीय तनावों के बीच वैश्विक स्तर पर इजरायल की छवि पर पड़ रहे असर को दर्शाता है।

56 प्रतिशत इजरायलियों की चिंता: सर्वे में शामिल 56 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे वैश्विक आलोचना के कारण विदेश यात्रा करने से डर रहे हैं। उन्हें लगता है कि कई देशों में इजरायल के प्रति बढ़ता विरोध उनकी यात्रा योजनाओं को प्रभावित कर सकता है।

दूसरी ओर, 40प्रतिशत लोगों ने कहा कि उन्हें ऐसी कोई चिंता नहीं है और वे अंतरराष्ट्रीय आलोचना को अपनी यात्रा योजनाओं पर हावी नहीं होने देंगे। इजरायल के खिलाफ कुछ देशों और संगठनों द्वारा शुरू किए गए बायकॉट, डिवेस्टमेंट, और सैंक्शन्स




आंदोलन ने भी इस डर को बढ़ावा दिया है। कई इजरायलियों को लगता है कि यह आंदोलन उनकी वैश्विक यात्राओं को सीमित कर सकता है।

गाजा में चल रहे युद्ध और इजरायल के सैन्य अभियानों ने वैश्विक स्तर पर तीखी प्रतिक्रियाओं को जन्म दिया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में गाजा में तत्काल युद्धविराम के पक्ष में कई देशों ने मतदान किया, जबकि भारत जैसे कुछ देशों ने वोटिंग से दूरी बनाए रखी। इसके अलावा, ईरान और सीरिया पर इजरायली हमलों की निंदा भी कई देशों ने की है। इन घटनाओं ने इजरायल की अंतरराष्ट्रीय छवि को प्रभावित किया है, जिसका असर आम इजरायलियों की मानसिकता पर भी पड़ रहा है।

कुछ इजरायलियों को डर है कि वैश्विक आलोचना के कारण कुछ देश उनके नागरिकों के लिए वीजा नियमों को कड़ा कर सकते हैं या उन्हें प्रवेश से मना कर सकते हैं। बीडीएस आंदोलन के तहत इजरायली उत्पादों और सेवाओं के बहिष्कार ने भी चिंता बढ़ाई है। कुछ इजरायलियों को लगता है कि यह उनकी अर्थव्यवस्था और व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर दीर्घकालिक असर डाल सकता है। सर्वे से पता चलता है कि इजरायली नागरिक न केवल भौतिक प्रतिबंधों से डर रहे हैं, बल्कि वैश्विक मंच पर अपनी पहचान और स्वीकार्यता को लेकर भी चिंतित हैं।

गुरुवार रात को तेल अवीव के हबीमा स्क्वायर में लगभग 1,000 लोग जमा हुए और गाजा में चल रहे युद्ध को समाप्त करने की मांग की। इजरायली-फलस्तीन शांति समर्थकों और मानवाधिकार संगठनों की एक संयुक्त पहल द्वारा आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में सैनिकों से गाजा में सेवा करने से इंकार करने का आह्वान किया गया। प्रदर्शनकारियों ने इजरायल की वेस्ट बैंक में कार्रवाइयों और हाल ही में एक फिलिस्तीनी कार्यकर्ता की हत्या के लिए जिम्मेदार शख्स की रिहाई की भी निंदा की। प्रदर्शन में शामिल एक अभिनेता, योसी जबारी ने इजरायल पर गाजा में नरसंहार का आरोप लगाया और कहा, यह शब्द हमें उस कृत्य से ज्यादा डराता है। दो पूर्व वायुसेना पायलटों, मेजर (रिजर्व) हगई तामिर और लेफ्टिनेंट कर्नल (रिजर्व) डेविड यिसरायली ने वर्तमान पायलटों से अपील की कि वे युद्ध अपराधों में शामिल होने से इनकार करें। उन्होंने कहा, युद्ध अपराध करने से मना करें।

## एक्स पर बच्चों के शोषण की वीडियो को लेकर फंसे मस्क, अदालत ने कहा- कानून का सामना करना पड़ेगा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की एक संघीय अदालत ने बाल शोषण के मामले में एलन मस्क की कंपनी एक्स के खिलाफ मुकदमा शुरू करने का निर्देश दिया है। इससे मस्क की परेशानी बढ़ सकती है। हालांकि अदालत ने माना कि एक्स इस मामले में व्यापक छूट की हकदार है लेकिन अदालत ने ये भी कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने बच्चों की आपत्तिजनक वीडियो को हटाने में लापरवाही बरती।

सैन फ्रांसिस्को स्थित 9वीं अमेरिकी सर्किट अपीलीय अदालत ने कहा कि एक्स जो पहले ट्विटर था, पर यह आरोप है कि उसने दो नाबालिग लड़कों की अश्लील तस्वीरों वाले वीडियो की तुरंत नेशनल सेंटर फॉर मिसिंग एंड एक्सप्लॉइटेड चिल्ड्रनको रिपोर्ट नहीं दी और इस मामले में लापरवाही बरती। यह मामला एलन मस्क द्वारा 2022 में ट्विटर की खरीदने से पहले का है। एक ट्रायल जज ने दिसंबर 2023 में इस मामले को खारिज कर दिया था। हालांकि अब अपीलीय अदालत ने मुकदमा शुरू करने का निर्देश दिया है।



एक वादी ने बताया कि वह जब 13 साल का था, तब उसे और उसके एक दोस्त को स्नैपचैट पर बहकाया गया और उन्होंने अपनी नग्न तस्वीरें किसी ऐसे व्यक्ति को उपलब्ध कराईं जो बाल यौन शोषण का तस्कर था। दोनों ने उस तस्कर को सोशल मीडिया पर अपने स्कूल की 16 साल की लड़की समझा था। आरोपी ने नाबालिगों की नग्न तस्वीरों के आधार पर दोनों को ब्लैकमेल किया और दोनों पीड़ितों से और तस्वीरें मांगी। बाद में आरोपी ने उन तस्वीरों के संकलन को एक वीडियो के जरिए सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया।

अदालती दस्तावेजों के अनुसार, एक्स ने सामग्री के बारे में जानने के बावजूद उन्हें प्लेटफॉर्म से हटाने में नौ दिन का समय ले लिया और इस दौरान 1,67,000 बार से ज्यादा इन वीडियो को देखा गया। सर्किट जज डेनिएल फॉरेस्ट ने कहा कि संघीय संचार शालीनता अधिनियम की धारा 230, जो ऑनलाइन प्लेटफार्म को उपयोगकर्ता सामग्री के संबंध में उत्तरदायित्व से बचाती है, लेकिन अश्लील सामग्री के बारे में पता चलने के बाद एक्स को लापरवाही के आरोप में अदालती कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

## चीनी सेना की 98वीं वर्षगांठ पर पाक आर्मी चीफ बोले- चीन के साथ हमारे रिश्ते अद्वितीय

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने कहा है कि पाकिस्तान और चीन के रिश्ते अद्वितीय हैं और हर परिस्थिति में मजबूत बने रहते हैं। उन्होंने यह बात शुक्रवार को चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की 98वीं वर्षगांठ के मौके पर रावलपिंडी में आयोजित एक समारोह में कही।

इस समारोह में पाकिस्तान में चीन के राजदूत जियांग जैदोंग मुख्य अतिथि थे। इसके अलावा चीनी रक्षा अताशे मेजर जनरल वांग झोंग, चीनी दूतावास के अधिकारी और पाकिस्तान की तीनों सेनाओं के वरिष्ठ अफसर भी शामिल हुए। सेना प्रमुख मुनीर ने कहा, ÷चीन के साथ हमारी दोस्ती हर चुनौती की कसौटी पर खरी उतरी है और असाधारण रूप से लचीली है। दोनों देशों के बीच विश्वास, समर्थन और साझा प्रतिबद्धता की मजबूत मिसाल है।÷

उन्होंने यह भी कहा कि बदलते क्षेत्रीय और वैश्विक हालात के बावजूद पाकिस्तान और चीन की साझेदारी मजबूती से कायम है। उन्होंने इसे क्षेत्रीय स्थिरता और साझा रणनीतिक हितों के लिए बेहद जरूरी बताया। इस मौके पर चीन के राजदूत जियांग जैदोंग ने भी पाकिस्तान-चीन रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के चीन के संकल्प को दोहराया।

# मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर चंदनकियारी इंजीनियरिंग कालेज का उपायुक्त ने किया निरीक्षण





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त अजय नाथ झा ने शनिवार को चंदनकियारी क्षेत्र के प्रमुख संस्थानों, कार्यालयों एवं विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की और संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिया।

**चंदनकियारी नवनिर्मित इंजीनियरिंग कॉलेज का लिया जायजा**

उपायुक्त ने सबसे पहले चंदनकियारी स्थित नवनिर्मित इंजीनियरिंग कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री के संभावित दौरे और उद्घाटन समारोह को लेकर संबंधित पदाधिकारियों के साथ चर्चा की। इस क्रम में जर्मन हैंगर अधिष्ठापन, सड़क निर्माण-प्रवेश/निकासी को लेकर स्थान चिन्हित किया। एसडीओ-बीडीओ/थाना प्रभारी को हैलीपैड स्थल चिन्हित करने को कहा। उन्होंने कार्यरत एजेंसी से कालेज निर्माण/रंग-रोगन आदि के संबंध में जानकारी ली। साथ ही, कॉलेज परिसर की साफ-सफाई, समतलीकरण, इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थिति एवं सुरक्षात्मक पहलुओं की समीक्षा करते हुए तैयारियों को दुरुस्त करने को कहा।

**आइटीआइ परिसर में अव्यवस्था- एक सप्ताह में सुधार का दिया अल्टीमेटम**

उपायुक्त ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आइटीआइ) चंदनकियारी का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में परिसर में उगे झाड़ियां और शौचालय में व्याप्त गंदगी पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि एक सप्ताह के अंदर स्वच्छता और रख-रखाव की व्यवस्था को सुदृढ़ करें। उन्होंने प्रखंड के वरीय पदाधिकारी सह एसडीओ चास को एक सप्ताह बाद पुनः संस्थान का निरीक्षण का निर्देश दिया। उन्होंने संस्थान के पिछले तीन वर्ष के आवंटन और खर्च, साफ-सफाई का कार्य कौन एजेंसी कर रही है, इस पर कितना खर्च हो रहा है आदि का जांच चंदनकियारी बीडीओ/सीओ को कर जिला को प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। इससे पूर्व, उन्होंने आइटीआइ में अध्ययनरत छात्रों, संचालित विभिन्न ट्रेडों सर्वेयर, ईलेक्ट्रिकल, फिटर और वेल्डर में नामांकन की जानकारी ली।

**खेल सुविधा पर जोर -स्टेडियम में बिजली व जल निकासी की समस्या दूर करें**

उपायुक्त व टीम के द्वारा चंदनकियारी स्टेडियम का भी निरीक्षण किया गया। इस क्रम में उपायुक्त ने इसे खिलाड़ियों के लिए पूर्णतया अनुकूल बनाने पर जोर दिया। उन्होंने थ्री फेज विद्युत कनेक्शन को लेकर व्याप्त समस्या को दूर करने, मैदान से जल निकासी और अन्य संरचनात्मक खामियों को दूर करने के लिए जिला खेल पदाधिकारी श्रीमती हेमलता बुन को कहा। उन्होंने जिले के खिलाड़ियों के लिए एक आदर्श खेल वातावरण स्टेडियम में सुनिश्चित करने को कहा।

**अंचल- प्रखंड कार्यालयों की कार्यप्रणाली की समीक्षा- रिकॉर्ड दुरुस्त करने का निर्देश**

उपायुक्त ने अंचल एवं प्रखंड कार्यालय चंदनकियारी का क्रमवार निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय के आगत - निर्गत पंजी, कैश बुक, स्टॉक रजिस्टर, रजिस्टर- टू और लंबित दाखिल-खारिज मामलों, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की समीक्षा की। उन्होंने परिसर की स्वच्छता, शौचालयों की नियमित साफ - सफाई एवं कार्यालय अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण का निर्देश दिया।

**खिलाड़ियों को कराएं गुणवत्तापूर्ण भोजन-प्रशिक्षण केंद्र में भोजन व्यवस्था पर दिया निर्देश**

उपायुक्त ने चंदनकियारी आवासीय एथलेटिक्स बालक प्रशिक्षण केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने परिसर - विभिन्न कमरों का जायजा लिया। इस क्रम में खिलाड़ियों ने भोजन की गुणवत्ता एवं मेनू के अनुसार भोजन नहीं मिलने को लेकर उपायुक्त से शिकायत की। जिस पर उपायुक्त ने तुरंत संज्ञान लिया। उन्होंने जिला खेल पदाधिकारी को मामले की जांच करने, संबंधित एजेंसी को जांच होने तक रसोई का संचालन करने पर रोक लगाने और सेंटर फार एक्सीलेंस में प्रतिनियुक्त एजेंसी से तत्काल खिलाड़ियों को निर्धारित मेनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

**चिकित्सा सेवाओं में पारदर्शिता- सीएचसी में साफ-सफाई और सूचना बोर्ड लगाएं**

उपायुक्त व टीम ने चंदनकियारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का निरीक्षण करते हुए परिसर की स्वच्छता, जल निकासी, अस्पताल के छत से पानी रिसाव, मुख्य द्वार पर ओपीडी चिकित्सकों की जानकारी देने वाले बोर्ड की स्थापना को लेकर प्रखंड चिकित्सा प्रभारी पदाधिकारी डा. तृप्ती तथा कार्यालय को घर के समान समझ नियमित सफाई करने की बात कहीं। उन्होंने सीएचसी को वैकल्पिक मार्ग से मुख्य सड़क तक संपर्क हेतु अविलंब सड़क निर्माण का टेंडर निकालने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने अस्पताल के ओपीडी, मातृ शिशु कक्ष, डाटा प्रबंधक कार्यालय, प्रतिक्षा कक्ष आदि का जायजा लिया। इस क्रम में उपायुक्त ने सीएचसी में जन्मी दो नवजात बेटियों को आशिर्वाद दिया। उनके अभिभावकों को बेटी होने पर गर्व करने और प्यार से उनका पालन - पोषण करने, उन्हें सामान अधिकार देने को कहा।

**मनरेगा योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण - बागवानी की गुणवत्ता पर दें ध्यान**

उपायुक्त व टीम ने चंदनकियारी के झालवारदा पंचायत के वोदुआ टोला में मनरेगा अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं का भौतिक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने संचालित कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने उद्यान विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र को निर्देशित किया कि जिले में स्थापित सभी आम बागवानी परियोजनाओं की गुणवत्ता, खामियों एवं सुधार संबंधी सुझावों पर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। मौके पर जियाडा के तहत सोलर योजना से लाभुकों को अच्छादित करने को कहा। उन्होंने बोकारो को कृषि जिले के रूप में प्रसिद्धि दिलाने को कहा। उपायुक्त व टीम ने क्रमवार लाभुक नमिता कुमारी, निशा कुमारी, पुटकी देवी, छवि बाला, सिंधु देवी, अबला देवी के जमीन पर आम बागवानी, लाभुक नमिता देवी के जमीन पर सिंचाई कूप -अबुआ आवास योजना एवं सिंधु देवी के जमीन पर बकरी शेड योजना का निरीक्षण किया।

**विधायक व वरीय अधिकारियों की रही उपस्थिति**

निरीक्षण के दौरान चंदनकियारी विधायक उमाकांत रजक, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, सिविल सर्जन डा. ए बी प्रसाद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, बीडीओ अजय वर्मा, सीओ रवि आनंद, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, नोडल पदाधिकारी श्री पंकज दूबे समेत अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### आस्था ज्वेलर्स लूटकांड के सभी अभियुक्त गिरफ्तार, लूट का माल भी बरामद



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चर्चित आस्था ज्वेलर्स डेढ़ करोड़ की लूटकांड में चास पुलिस को एक बार फिर से बड़ी कामयाबी मिली है। अपराध में शामिल मुख्य अभियुक्त करण कुमार उर्फ.देवा और अभिषेक कुमार उर्फ भोलू को वैशाली जिले के करताहा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से लूट के सोना और चांदी का जेवरात भी बरामद किया गया है। करण कुमार एवं सोना चांदी दुकानदार सौरभ कुमार के निशानदेही पर दो देशी पिस्तौल, तीन मैगजीन और 6 जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। आर्म्स बरामदगी के मामले में वैशाली के करताहा थाना में मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। वहीं अभिषेक कुमार के निशानदेही पर सूरज कुमार को भी गिरफ्तार किया गया जिसके घर में एक पिस्तौल का मैगजीन बरामद हुआ है स्थानीय थाने में मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। बोकारो एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि इस मामले में कुल 9 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। हथियार और सोना चांदी भी बरामद कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि अनुसंधान अब पूरी तरह से खत्म हो चुका है ।

### अब बहुत जल्द मिलेगा चास वासियों के हर नल में जल : श्वेता सिंह



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स** ब्यूरो। बोकारो विधानसभा अंतर्गत चास नगर निगम की बहुप्रतीक्षित जलापूर्ति योजना फेज-2 के कार्य में अब तेजी देखी जा रही है। शहर के कई इलाकों में लीकेज सुधारने के बाद पानी की आपूर्ति की दिशा में बड़ी प्रगति हुई है। मेंन लाइन की टेस्टिंग लगभग पूरी हो चुकी है और लिंक लाइन को जोड़ने का काम जारी है। बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने आज चास के सुल्तान नगर में पेयजल योजना का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही चास नगर निगम के सभी वार्डों में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने जानकारी दी कि जिओ और गेल इंडिया जैसी कंपनियों के कार्य के दौरान कई पाइपलाइनें क्षतिग्रस्त हुई थीं, लेकिन जुस्को की टीम द्वारा मरम्मत कर दी गई है। बिजली से जुड़े काम भी शुरू हो चुके हैं। विधायक ने जुस्को अधिकारियों को जल्द कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। वहीँ चास नगर निगम के नगर आयुक्त ने कहा कि फेज 2 को चालू कर दिया गया। हजारो लोगों को पानी का कनेक्शन दिया गया है और ;फेज 3 भी चालू किया जिसमे बाकी बचे क्षेत्र के लोगो को पानी का कनेक्शन दिया जायेगा। साथ ही यह भी कहा अभी इस पानी को पीने में इस्तेमाल नहीं करें सिर्फ बर्तन और कपडे धोने का काम करें। 10 से 15 दिनों में यह पानी पीने के लायक हो जायेगा।

### बरमसिया शनिदेव महाराज मंदिर का 24 वां वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बरमसिया शनि महाराज मंदिर का शनिवार को 24 वां वर्षगांठ धूमधाम से आयोजन किया गया।सुबह में मंदिर समिति के सदस्यों ने मंदिर का साफ-सफाई कर विशेष रूप से साज-सज्जा किया गया। वहीं, पुजारी तापस घोषाल के सानिध्य में कलश स्थापना किया गया। भगवान शनि महाराज को तेल से अभिषेक कर आरती किया गया। इसके बाद विधिपूर्वक पुष्पांजलि कर पूजन कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। संध्या में भक्तों के बीच महाभोग के रूप में खीर और खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर समिति के पुजारी तापस घोषाल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष वार्षिक उत्सव पर धूमधाम से आयोजन किया जाता है। भक्तों की भीड़ उमड़ती है। समिति के गुड्डा सिंह ने बताया कि मंदिर में प्रत्येक शनिवार को विशेष रूप से पूजन कार्यक्रम और संध्या में प्रसाद वितरण होता है। वार्षिक उत्सव आयोजन में आसपास के भक्तों का विशेष रूप से सहयोग है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनूप झा, शक्ति कुमार, रवि कुमार, मोहन कुमार, ललन सिंह, आनंद कुमार, चिंटू कुमार, गोपी महतो, पार्थो मजूमदार, पंकज कुमार, मुन्ना सिंह, संजय चौधरी, रीता, पूजा कुमारी, जूही देवी, भोला वर्मा, सूरज राम आदि का सक्रिय योगदान था।

### फोटो वीडियो एशिया 2025 का पोस्टर लॉन्च

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन के द्वारा, आकार एग्जिबिशन के द्वारा आयोजित फोटो वीडियो एशिया 2025 का पोस्टर लॉन्चिंग का कार्यक्रम बैंक मोड़ स्थित मधुलिका एनक्लेव में किया गया। प्रगति मैदान, दिल्ली में आकार एग्जीबिशन के द्वारा तीन दिवसीय 29 से 31 अगस्त फोटो वीडियो एशिया फेयर का आयोजन किया जा रहा है। धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि धनबाद जिला के तमाम फोटोग्राफर के साथ-साथ



भारत के अनेक राज्यों से फोटोग्राफर 29 से 31 अगस्त 2025 को प्रगति मैदान दिल्ली में फोटोग्राफर 40 से 50 हजार की संख्या में शिरकत करेंगे । संस्था के सचिव रंजीत कुमार गुप्ता ने बताया कि झारखंड के फोटोग्राफर टेक्नोलॉजी के मामले में अन्य राज्य से पीछे ना रहे इसलिए धनबाद जिला के साथ-साथ पूरे झारखंड के प्रत्येक जिला के फोटोग्राफरों से आग्रह होगा कि इस प्रकार का आयोजन में सम्मिलित होकर अपने कार्य क्षमता को बढ़ाएं। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रकाश कुमार, मनीष शाह, अनूप साहू, सुभाष सरावगी, रत्नेश कुमार, अभिजीत भट्टाचार्य, सुबोध महाराज, सूरज रवानी, रंजीत जायसवाल, मनोज राठौर, संजय कुमार, अनिल गुप्ता एवं धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन के सभी सदस्य गण उपस्थित थे।

## सेल के अधिकारी ने किया सीएमओ स्टॉक यार्ड का दौरा, प्लानिंग इंजीनियरों से संवाद एवं एलईओ कार्यशाला





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सेल के मुख्य सतर्कता अधिकारी एस. एन. गुप्ता ने अपने बोकारो प्रवास के दूसरे दिन 02 अगस्त को बीएसएल स्थित सीएमओ (सेंट्रल मार्केटिंग आगेनाईजेशन) के स्टॉक यार्ड का दौरा किया। उन्होंने यार्ड की कार्यप्रणाली, भंडारण प्रणाली एवं संबंधित प्रक्रियाओं का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों से संवाद किया। इसके उपरांत, बीएसएल के मानव संसाधन विकास केंद्र के मुख्य प्रेक्षागृह में बीएसएल के विभिन्न विभागों के प्लानिंग इंजीनियरों एवं इंजीनियर-इन-चार्ज के लिए आयोजित एक विशेष संवाद सत्र में वे बीएसएल के निदेशक प्रभारी श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर सेल के अधिशासी निदेशक (सतर्कता) श्री ए के पांडेय, बीएसएल के अधिशासी निदेशक, बीएसएल के मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) श्री ज्ञानेश झा एवं अन्य मुख्य महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष सहित 200 से अधिक प्लानिंग इंजीनियर एवं इंजीनियर-इन-चार्ज प्रतिभागी के रूप में उपस्थित रहे। दोपहर उपरांत, बोकारो निवास में चल रही दो दिवसीय कार्यशाला के समापन सत्र में भी श्री गुप्ता शामिल हुए और सतर्कता अधिकारियों को संबोधित किया । उल्लेखनीय है कि इस दो दिवसीय कार्यशाला में सेल के विभिन्न संयंत्रों एवं इकाइयों के सतर्कता विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया तथा अपने-अपने क्षेत्रों में अपनाए गए सतर्कता प्रणालियों को साझा किया।

## यादगार एवं ऐतिहासिक होगी राजपूत गौरव यात्रा : प्रवीण सिंह

**फरवरी 2026 में राँची में आयोजित होगी राजपूत गौरव यात्रा**




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो सर्किट हाउस में राजपूत गौरव यात्रा अभियान समिति की हुई बैठक में फरवरी 2026 में राँची में आयोजित राजपूत गौरव यात्रा को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में बिहार विधान परिषद के पूर्व सदस्य प्रवीण सिंह उपस्थित थे। जबकि बैठक में बोकारो जिले के विभिन्न राजपूत संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सभी ने राजपूत गौरव यात्रा को सफल बनाने की बात कही।

बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राजपूत समाज के हक सम्मान एवं हर क्षेत्र में आबादी के अनुरूप हिस्सेदारी के लिए राजपूत गौरव यात्रा कार्यक्रम आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। इस अभियान की शुरूआत की जाएगी। रांची में आयोजित इस कार्यक्रम में 50000 से अधिक समाज के सदस्य भाग लेंगे तथा मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के राजा भैया होंगे जबकि कुछ माह बाद आयोजित होने वाले दूसरे कार्यक्रम में पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह हिस्सा लेंगे। यह अभियान वर्ष 2026 में पूरे वर्ष भर चलेगा। जिसमें विभिन्न जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में में लोग हिस्सा लेंगे उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए31 अगस्त को रांची में संचालन समिति की बैठक होगी जिसमें झारखंड के सभी जिलों के संचालन समिति के सदस्य भाग लेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए श्रीसिंह ने कहा कि विभिन्न नामों से संचालित राजपूत संगठन अपना। काम करते रहेगा। लेकिन सभी की संबद्धता इस संगठन से होगी तथा कहीं भी आवश्यकता होने पर संगठन के सभी लोग भाग लेंगे। गौरव यात्रा का उद्देश्य समाज के सदस्यों के उत्थान के साथ-साथ उनकी सभी क्षेत्रों में सौभाग्यता सुनिश्चित करना है। राजपूत समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है उसे बरकरार रखना है ताकि आने वाले पीढ़ी सम्मान के साथ अपना जीवन व्यतीत कर सके। इस बैठक संचालन मयंक सिंह ने किया। बैठक में उपस्थित प्रमुख लोगों में रामप्रवेश सिंह रमेश सिंह अभिषेक सिंह, सत्येन्द्र सिंह दीप नारायण सिंह उमेश सिंह संग्राम सिंह आनंदमोहन सिंह पूर्व टुनटुन सिंह मनीष सिंह समेत बोकारो जिले में संचालित विभिन्न राजपूत संगठनों के पदाधिकारी तथा प्रतिनिधि शामिल थे।

## पंचायत के मुखिया एवं सचिव सरकार की धार हैं : उपायुक्त




**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने नावाडीह स्थित जिला पंचायत संसाधन केंद्र (डीपीआरसी) भवन में नीति आयोग, नई दिल्ली, द्वारा संचालित 'संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह' के समापन पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि जिले का केवल गोविंदपुर आकांक्षी ब्लॉक नहीं बल्कि भारत के मानचित्र पर पूरा धनबाद आकांक्षी जिला बनकर उभरना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मुकाम को प्राप्त करने के लिए त्रिस्तरीय पंचायती व्यवस्था में सभी को अपना समान योगदान देना होगा, जिससे हर व्यक्ति सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो। उपायुक्त ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को उनके दायित्व का प्रशिक्षण देने के लिए डीपीआरसी भवन में 50 बेड का रेजिडेंशियल ट्रेनिंग सेंटर बनाया जाएगा। इसमें नई-नई योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ विभिन्न स्तर का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इससे किसी भी प्रकार की गलती की गुंजाइश नहीं रहेगी। पंचायत के मुखिया और सचिव सरकार की धार है। वे कमजोर रहेंगे तो योजनाओं को धरातल पर उतारने में कठिनाई होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जितनी अच्छी सोच के साथ योजनाओं को लेकर आते हैं उतनी ही अच्छी सोच के साथ उसे धरातल पर उतारने का काम पंचायती राज के सभी जनप्रतिनिधियों का है। साथ ही सेविका, सहिया, बीपीएम, डीपीएम, शिक्षक सहित सबको मेहनत करनी होगी। इसके लिए आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र व अन्य सरकारी संस्थानों में सहयोगात्मक सोच रखकर पूछताछ करें और कमी को दूर करने का प्रयास करें। जब पंचायत सशक्त होगी तो प्रखंड सशक्त होगा और इससे पूरा जिला परिषद सशक्त होगा। जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने बताया कि नीति आयोग, नई दिल्ली द्वारा जुलाई 2024 से सितंबर 2024 तक "संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह" अभियान चलाया गया था। जिसमें आकांक्षी ब्लॉक गोविंदपुर को कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित 6 मानदंड पर काम करना था। कार्यक्रम के दौरान आकांक्षी ब्लॉक गोविंदपुर के 10 सेविका, 10 कृषक मित्र, 10 सहायक अध्यापक, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के 5, स्वास्थ्य विभाग के 8 सहित 43 लोगों को सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम से पूर्व उपायुक्त तथा जिला परिषद की अध्यक्ष ने पीएम कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बलियापुर एवं गोविंदपुर, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय धनबाद तथा जेएसएलपीएस द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। जेएसएलपीएस के राखी स्टॉल के भ्रमण के दौरान उपायुक्त ने अपनी कलई पर राखी बंधवाई। कार्यक्रम में उपायुक्त आदित्य रंजन, जिला परिषद की माननीय अध्यक्ष शारदा सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, जेएसएलपीएस के डीपीएम शैलेश रंजन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, डीएमएफटी टीम लीडर शैलेश तिवारी, गोविंदपुर के बीडीओ जहिर आलम, प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह, बीईओ विनोद पांडेय, आनंद महतो के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## पदाधिकारियों ने विभिन्न पंचायतों का किया भ्रमण

**योजनाओं के धरातल पर क्रियान्वयन का स्थलीय निरीक्षण किया**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देशानुसार जिले में हमारा गांव-हमारे लोग अभियान के तहत शनिवार को जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने विभिन्न प्रखंडों की चयनित पंचायतों का भ्रमण कर योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पदाधिकारियों ने सीएचसी/पीएचसी, आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय, जलापूर्ति योजनाएं, पीएम आवास योजना, मनरेगा कार्य स्थल आदि का जायजा लिया और स्थानीय ग्रामीणों से संवाद कर योजनाओं की अद्यतन स्थिति व समस्याओं की जानकारी ली। निरीक्षण क्रम में पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर की उपस्थिति - दवाइयों की उपलब्धता - मरीज पंजी आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति - पोषण आहार वितरण की गुणवत्ता, विद्यालयों में शैक्षणिक उपस्थिति - मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था, मनरेगा में स्थलों पर कार्यरत मजदूर - भुगतान की स्थिति एवं पंचायत क्षेत्र में जल जीवन मिशन की प्रगति की जानकारी ली।

**इन पदाधिकारियों ने इन पंचायतों में किया निरीक्षण**

उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने चास प्रखंड के कुरा पंचायत, निदेशक - जिला ग्रामीण विकास शाखा मेनका ने चंद्रपुरा प्रखंड के सिजुआ पंचायत, कार्यपालक दंडाधिकारी ने पेटरवार प्रखंड के चरगी पंचायत, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी ने जरीडीह प्रखंड के चिलगड्डा पंचायत, जिला योजना पदाधिकारी राज कुमार शर्मा गोमिया प्रखंड के ललपनिया, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा ने चंदनकियारी प्रखंड के झलवारदा पंचायत, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो ने बेरमो प्रखंड के अरमो पंचायत, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा ने कसमार प्रखंड के दांतु पंचायत एवं अनुमंडल पदाधिकारी, बेरमो (तेनुघाट) मुकेश मछुआ ने नावाडीह प्रखंड के गुंजारडीह पंचायत का निरीक्षण किया।

**ग्रामीणों से किया संवाद, समस्याओं को किया चिह्नित**

पदाधिकारियों ने निरीक्षण क्रम में सीधे ग्रामीणों से संवाद कर यह जाना कि उन्हें योजनाओं से कितना लाभ मिला है, कौन-सी योजनाएं रुकी हैं या जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पाई हैं। कुछ स्थानों पर कार्य प्रगति धीमी पर, मजदूरी भुगतान में विलंब, पोषण वितरण में असमानता जैसी समस्याएं भी उजागर हुई, जिन्हें संबंधित विभागों को दूर करने का निर्देश दिया।

## सीआईएससीई क्षेत्रीय खो-खो प्रतियोगिता 2025 सम्पन्न



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी स्थित संत जेवियर्स विद्यालय में दो दिवसीय सीआईएससीई क्षेत्रीय खो-खो प्रतियोगिता 2025 का आज हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य फादर अरुण मिंज , एस.जे. के उत्कृष्ट भाषण व गौरवपूर्ण ध्याजारोहण से हुआ। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में खेल को समग्र विकास का आधार बताते हुए विद्यार्थियों को सशक्त सजग और संस्कारित नागरिक बनने की प्रेरणा दी। प्राचार्य ने विद्यालय के गौरवपूर्ण 60 वर्षों के इतिहास को संक्षेप में बताया। कार्यक्रम का आरंभिक व समापन संचालन मिस सेलिना व मिस अर्शा द्वारा किया गया। इस राज्यस्तरीय आयोजन में झारखंड-बिहार क्षेत्र के छह प्रमुख खेल क्षेत्र - रांची, जमशेदपुर, पटना, भागलपुर, देवघर तथा धनबाद जोन—की क्रीड़ा-कुशल टीमें सहभागी बनीं। परिणामस्वरूप प्रतियोगिता के अंतिम व फाइनल दिन यू-14 (बालक वर्ग) भागलपुर बनाम देवघर जिसमें विजेता - भागलपुर जोन, स्कोर 22-20 (2 पॉइंट्स के साथ) , यू-14 ( बालिका वर्ग ) धनबाद बनाम भागलपुर , विजेता - भागलपुर जोन , स्कोर 26-24 (2 पॉइंट्स के साथ) , यू-17 ( बालक वर्ग ) भागलपुर बनाम राँची, विजेता - भागलपुर जोन , स्कोर 25-13 (12 पॉइंट्स के अंतर से) , यू- 17 ( बालिका वर्ग ) राँची बनाम जमशेदपुर जिसमें विजेता- राँची जोन , स्कोर 7-5 (2 पॉइंट्स से), यू-19 ( बालक वर्ग ) देवघर बनाम राँची , विजेता - देवघर जोन , स्कोर 11-9 (2 पॉइंट्स से) , यू-19 ( बालिका वर्ग ) धनबाद बनाम राँची जिसमें विजेता - धनबाद जोन, स्कोर 14-12 (2 पॉइंट्स से) आगे रहे। इस प्रतिस्पर्धा ने यह सिद्ध किया कि नवोदित प्रतिभाएँ, अनुशासन, दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास से परिपूर्ण होकर हर चुनौती को पार कर सकती हैं। प्रतियोगिता का समापन प्राचार्य फादर अरुण मिंज, एस. जे. की उपस्थिति में विजेता , उपविजेता व द्वितीय उपविजेता को पदक व प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर , मिस निशा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर एवं राष्ट्रगान के साथ अत्यंत गौरवमयी एवं प्रेरणादायक वातावरण में हुआ। मुख्य रेपरी अनिल प्रसाद , अध्यक्ष रेपरी बोर्ड , झारखंड स्टेट खो-खो एसोसिएशन थे। मौके पर फादर मनोज , फादर निर्मल , सिस्टर नैंसी , सिस्टर सुनीता , दीपक चौधरी , देबाशीष गुप्ता खेल प्रशिक्षक शशि सर ,अमृतलता मिस तथा अनेक शिक्षक मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com